The independence of South Arabia is yet another step towards decolonisation in the world. It is earnestly hoped that the day is not far off when the remaining colonised peoples and countries will also become independent.

The Government of India has extended recognition to the People's Republic of South Yemen and it is our intention to convert our Commission in Aden into an Embassy with a resident Ambassador. The necessary steps in this regard have already been initiated.

I am sure that all Members of this House, as also the people of India, join me in extending a warm welcome to the new State of the People's Republic of South Yemen in the comity of nations and in wishing it a bright future.

12.25 HRS.

STATEMENT *RE* : SITUATION IN WEST BENGAL

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI Y. B. CHAVAN) : Mr. Speaker, Sir, the House is aware of the action taken by the Speaker of the West Bengal Legislative Assembly yesterday, and the observations which he made while adjourning the Assembly *sine die* have been published in the press to-day. While concluding his observations, the Speaker said :

> "The matters in issue are of the highest constitutional importance..... It is obvious, therefore, that if I am to find out how exactly I should act so as to preserve and protect the privileges of this House, I should need more time and then only gave a considered ruling on the grave issues at stake. This is why in exercise of my powers under Rule 15 I have adjourned this House *sine die*."

While reserving final judgment, the Speaker has nevertheless expressed his views on a number of issues. I do not wish to comment on the conduct of the Hon'ble Speaker of the West Bengal Legislative Assembly. But there are certain matters on which I should like to make the stand of the Central Government clear.

According to the best legal advice available to us it was within the constitutional competence of the Governer to dissolve the Council of Ministers headed by Shri Ajoy Mukherji in the circumstances in which the Governor did so . . .. (*Interruptions*)

SOME HON. MEMBERS : No, No.

SHRI Y. B. CHAVAN : We are further advised that the Council of Ministers headed by Dr. P. C. Ghosh is lawfully constituted..... (*Interruptions*)

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : बिल्कुल नहीं ।

SHRI Y. B. CHAVAN : We are convinced that this is a correct view and that, notwithstanding the observations..... (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Order, Order, please.

SHRI Y. B. CHAVAN : We are convinced that this is a correct view and that, notwithstanding the observations made by the Speaker of the West Bengal Legislative Assembly, Dr. P. C. Ghosh and his colleagues continue to function..... (*Interruptions*)

श्री राम सेवक यादव (बाराबंकी) : कैसे ?

श्री मधु लिमये : आप को आपकी ही भाषा में उन्होंने जवाब दिया है ।

MR. SPEAKER : Let him complete.

SHRI Y. B. CHAVAN : ..... as the lawful Council of Ministers of West Bengal.

The Governor's action in dissolving the Council of Ministers headed by Shri Ajoy Mukherji and installing the one headed by Dr. P. C. Ghosh was based on his judgment that Shri Ajoy Mukherji had ceased to have the support of a majority of Members in the Assembly. .....(*Interruptions*) and that Dr. Ghosh had such support. By adjourning the sitting of the Assembly *sine die* the Speaker did not allow it to be tested by a vote of the Assembly..... (*Interruptions*) whether Shri Ajoy Mukherji or Dr. P. C. Ghosh had the support of the majority. But the events yesterday have made it clear that Dr. P. C. Ghosh has the majority.

MANY HON. MEMBERS FROM THE OPPOSITION *rose*—

MR. SPEAKER : Will you kindly resume your seats? Some hon'ble Members have given me this morning—that is natural—a substantive motion in connection with this. I discussed with the hon'ble Members of the Opposition—Mr. Mukherjee, Mr. Banerjee, Dr. Ranen Sen, Mr. Indrajit Gupta and Mr. S. N. Dwivedy and yourself also—the substantive motion that :

> "This House recommends to the President that he be pleased to dismiss the present Governor of West Bengal for his unconstitutional act of dismissing the ULF Ministry in West Bengal."

That was the motion given in the name of five hon'ble Members.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर) : आज गृह मंत्री जी ने एक महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया है । उस वकतव्य पर सदन को विचार करने का अवसर मिलना चाहिये । एक तरीका विचार करने का अवसर देने का यह है कि आप एक ऐसा संकल्प स्वीकार करें जिस में गृह मंत्री के वकतव्य पर चर्चा उठाई जा सके और उस प्रस्ताव के वैकल्पिक संकल्प के रूप में ये प्रस्ताव आ सकते हैं । गृह मंत्री के वक्तव्य पर विचार करने के बाद सदन राष्ट्रपति को जो भी सिफारिश करना चाहे कर सकता है ।

MR. SPEAKER : Does the hon'ble Member want a separate discussion? I think we can club both.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : चर्चा एक ही हो ।

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, इस प्रस्ताव का और श्री वाजेपेयी ने जो सुझाव दिया है, उस का मैं विरोधी भी नहीं हूं । लेकिन मैंने आप को एक काम-रोको प्रस्ताव दिया है । उस का और इस प्रस्ताव का कोई सम्बन्ध नहीं है । अगर आप कृपया मेरे काम-रोको प्रस्ताव को पढ़ेंगे, तो आप देखेंगे कि मैंने उस में कहा है .....

MR. SPEAKER : Whatever it is, I have not accepted it. There is no point in discussing it.

श्री मधु लिमये : मैं चाहता हूं कि इस काम-रोको प्रस्ताव पर भी बहस हो, क्योंकि इस सरकार ने पहले अनुमान नहीं लगाया कि

[श्री मधु लिमये]

संविधान के अनुच्छेद 164 और पश्चिम बंगाल विधान सभा के नियम 15 के जो परस्पर-विरोधी भाष्य किये जा रहे हैं, उस से संवैधानिक आपत्ति उत्पन्न होगी, संविधान पर अमल नहीं होगा और एक संकट पैदा होगा। इस लिए हम इस सरकार की असफलता के लिए उस की आलोचना करना चाहते हैं। आप इन के प्रस्ताव को भी ले लीजिए और काम-रोको प्रस्ताव को भी ले लीजिए, क्योंकि सरकार की संवैधानिक असफलता, कांस्टीट्यूशनल फेल्युर हुआ है।

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara) : You had read out some motion, but the motion which I had given notice of was slightly different from it. I did not mention the word 'dismissal' etc. in my motion, but I had only suggested 'recommend to the President to remove . . .

MR. SPEAKER : It is a difference of only one word, but substantially it is the same.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY : I have not suggested outright dismissal etc. I had referred to the present situation. I do not know whether this has been referred to in the motion which you have been pleased to accept.

MR. SPEAKER : Let me explain the position. A number of distinct motions had come. It is not as though the same wording was there in all of them; the wording may have been a little different in each one of them, but the substance is the same, namely removal of the Governor. My point was this. The statement of the Home Minister will have to be discussed, as Shri A. B. Vajpayee has said.

SHRI A. K. SEN (Calcutta—North—West) : We support it.

MR. SPEAKER : Apart from that, suppose on an adjournment motion we begin discussing whatever has happened in an Assembly, then I do not know where it will lead to, tomorrow it may be Madhya Pradesh and day after tomorrow it may be some other State where the Speaker may adjourn the House or something else may happen. We are not competent to discuss what happens in the Assembly.

श्री हुकम चन्द कछवाय (उजैन) : अध्यक्ष महोदय, ...

MR. SPEAKER : After I go home, Shri Hukam Chand Kachwai can teach me; and I would like to take some lessons from him also, but here unfortunately I am in the Chair and he should listen to me. If we begin discussing what has happened in an Assembly, on an adjournment motion, then it will be a dangerous thing, because so many Assemblies are there. But I do admit that the Home Minister's statement will have to be discussed, and opportunity must be given for that; there is no doubt about it. The Home Minister has just now made a statement, and it is the property of the House today, and it must be discussed. I am fixing up some time for it tomorrow. I did consult the Opposition leaders and I suggested that we could discuss it for about a couple of hours tomorrow. I have fixed up the time for this tomorrow. . . . . .

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Please make it 3½ hours.

MR. SPEAKER : For this evening I have already allowed a discussion on the situation in Kashmir. Between this evening and tomorrow morning, there is not going to be much of a material change either in the Governor or in the Government there. Therefore, I have admitted this discussion for tomorrow, and we can certainly discuss it tomorrow.

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI (Berhampore): In your wisdom you have allowed a discussion on the statement made by the Home Minister and also on the substantive motion of Shri Surendranath Dwivedy and others. But I think you have not perhaps given consideration to this fact namely that a situation has arisen in West Bengal where there is some kind of a constitutional impasse. The Central Government here have taken one view that the Government headed by Dr. P. C. Ghosh there is perfectly legal and constitutional.

MR. SPEAKER : The hon. Member can discuss all this tomorrow.

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI : It is true that we can discuss all that tomorrow. But at the same time it has been our experience that in these matters we cannot always go by the opinion of the Law Ministry and the Home Ministry which has referred it to the Law Ministry. I would only refer you to the celebrated Berubari case. The Government here had taken the view and the former Attorney-General also had said the same thing that the Government had the right to cede any area to other countries.....

MR. SPEAKER : He can discuss it tomorrow. Now he is going into the merits. What is his suggestion?

SHRI S. M. BANERJEE : The Governor there should be dismissed.

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI : My suggestion is that this aspect of the matter namely whether there is a constitutionally and properly constituted government functioning in West Bengal.....

AN. HON. MEMBER : It has already been decided.

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI : Who has decided it?

Article 355 lays upon the Government here the responsibility for seeing that the government of every State is carried on in accordance with the provisions of the Constitution.

MR. SPEAKER : That is exactly what he will discuss tomorrow on the statement of the Home Minister.

SHRI TRIDIB KUMAR CHAUDHURI : That cannot come under the substantive motion that you have read out, calling upon the Government.....

MR. SPEAKER : The Home Minister's statement also will be before the House.

श्री मधु लिमये : काम-रोको प्रस्ताव को भी लिया जाये ।

MR. SPEAKER : Why does he want to complicate it further? I have already allowed the discussion.

श्री राम सेवक यादव : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार एक एक कर के ऐसी कारगुजारियां दिखा रही है , ...

MR. SPEAKER : He is going into the merits.

श्री रामसेवक यादव : . . . . . जिनसे सारे देश का वातावरण क्षुब्ध हो रहा है अंग्रेजी लादने और भारतीय भाषाओं की उपेक्षा को ले कर आज उत्तर प्रदेश में आग लग रही है ।

MR. SPEAKER : Order, order. The language issue in UP cannot be raised here.

श्री रामसेवक यादव : उस को ले कर मैं ने एक काम-रोको प्रस्ताव दिया है । अंग्रेजी लादी जा रही है और भारतीय भाषाओं की उपेक्षा हो रही है ।

MR. SPEAKER : The language Bill is coming here. If he wants to condemn English or Hindi or whatever he wants, he could do it then.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उस बिल की वजह से तो उत्तर प्रदेश में आन्दोलन हो रहा है । आप कह रहे हैं कि बिल आ रहा है । उस से आन्दोलन और बढ़ेगा । उस बिल को रोकना चाहिये ।

MR. SPEAKER : I know. I cannot help it. The State Government is there. (*Interruptions*) It is a bad principle that so many hon. Members should get up and begin speaking. I have not permitted any of them to talk about Hindi or the agitation in Banaras.

If the agitation in Banaras is permitted to be referred to here, lathi charge somewhere else will be raised. No please. If we allow that, there will be no end (*Interruptions*).

श्री मधु लिमये: बनारस विश्वविद्यालय का मामला केन्द्रीय मामला है । माननीय सदस्य लखनऊ और इलाहाबाद का मामला नहीं उठा रहे हैं । वह बनारस का मामला उठा रहे हैं ।

श्री रामसेवक यादव: मेरी बात एक मिनट में खत्म हो जायेगी। अध्यक्ष महोदय, . . .**

MR. SPEAKER : Nothing that is being said will be recorded. Shri Khadilkar.

12.36½ HRS.

CONSTITUTION AMENDMENT BILL

EXTENSION OF TIME FOR PRESENTATION OF REPORT OF JOINT COMMITTEE

SHRI KHADILKAR (Khed) : I beg to move :

"That the time appointed for the presentation of the Report of the Joint Committee on the Bill further to amend the Constitution of India, be further extended upto the first day of the next session".

MR. SPEAKER : The question is :

"That the time appointed for the presentation of the Report of the Joint Committee on the Bill further to amend the Constitution of India, be further extended upto the first day of the next session".

The motion was adopted.

12.37 HRS.

MOTION *RE* : FOOD SITUATION IN THE COUNTRY—*Contd.*

MR. SPEAKER : Further consideration of the following motion moved by Shri Annasahib Shinde on the 29th November 1967, namely :—

"That the food situation in the country be taken into consideration",

along with the amendments moved.

Shri P. K. Deo may continue.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): Yesterday I was saying that the mess in our food and agriculture sector is the culmination of the persistent pursuit of wrong policies by Government all these years since independence. A faulty order of priorities in planning, neglect of agriculture and irrigation, excessive taxation and suffocating controls with attendant corruption and waste and lastly, the expropriatory land reforms—all these together have been responsible for bringing about disaster on the food and agriculture front. This has resulted in our overdependence on foreign food aid.

In the beginning of every Plan, we have been told parrot-like that we shall attain self-sufficiency at the end of the Plan. But it has turned out to be a complete moonshine. Our dependence on foreign food aid is bad, but this is inevitable under the present circumstances. Foreign food aid is increasing from Plan to Plan. From an annual average of 2.4 million tonnes in the First Plan, it had gone up to 13 million tonnes last year, and this year we estimate that we shall be importing 7.5 million tonnes.

12.40 HRS.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

In this regard, I would like to pay our grateful thanks to the foreign countries, especially Australia, Canada and USSR, and particularly USA, which gave aid in the shape of P.L. 480, for their timely aid to help us turn this tight corner.

Our achievement in the field of food production is far from satisfactory. Our food production has not kept pace with the growth of our population. Every day we add 24,000 people to our population, and 12 million people, the total population of Australia, is added every year. It is like climbing a greasy pole. For every foot of height gained in climbing, we lose three feet.

In crop yield also, we are one of the lowest in the world. In wheat we produce 898 kg. per hectare, whereas the UK produces 3,930 kg. and Netherlands 4,230 kg. Similarly, in the case of rice, our production figure is also very low. It is 1,530 kg. per hectare, whereas in Netherlands it is 4,230 kg. and in Spain 6,360 kg. There have been some startling revelations in the ECAFE report so far as our economic growth is concerned. It has stated that if we proceed at this rate; it will take 139 years for us to reach the Japanese level of today, and it will take 205 years to reach the stage of New Zealand.

It is because of these wrong priorities that there has been a complete neglect of our basic industry, that is agriculture. We are glad that our campaign to

---

**Not recorded.

eradicate illiteracy from the Congress benches has made some effect, that the effort from these benches in educating the Government has borne some fruit. There has been a new awareness, a new rethinking on the subject; unlike the second and third plans, now more stress is going to be laid on agriculture, a definite shift towards realities.

Secondly, this is evident from the AICC resolution passed in Jabalpur which is conspicuous by the absence of any reference to the expropriatory land-reforms which rob the tenant of his freehold rights and reduces him to a serf.

I take this opportunity to congratulate Shri K. Subba Rao, the former Chief Justice, and his distinguished colleagues, for their very bold pronouncement in the latest Supreme Court Judgment in upholding the fundamental rights of the Kisan, in exploding the myth of the so-called reform, which has set at rest all speculations of political demagogues and opportunists. In this victory, I also congratulate my leader Shri Ranga who has championed the cause of the kisan throughout his life.

After two successive droughts we expect a record crop of 95 million tonnes this year. India's agriculture depends on the vagaries of the monsoon. Our former Food Minister had been chanting the mantra

काले वर्षतु पर्जन्य: ।

Up till now there has been no awareness of the necessity of irrigation. Floods, drought and cyclone are the regular features of this country. In spite of this year's good rain, if there had been one rain in October in my State, Orissa, there would have been a bumper crop, but the lack of timely rain has reduced our expectations by 50 per cent.

The Indian agriculturist is taking advantage of modern technological advance. With his enthusiasm for the latest techniques, with assured water supply, with the use of fertilisers and hybrid seed, self-sufficiency can be attained, there is no doubt about it.

So, top priority has to be given to irrigation. Dr. K. L. Rao has given a very learned discourse sometime back. He stated that for an additional population of 12 million every year, we need 1 million tons of food, for which 2 million acres of land have to be brought under irrigation, that is, we have to make a provision of Rs. 100 per child born in this country. I pay my compliments to him for his timely advice, but I am sorry this reality is not appreciated by the Government. Every year we spend crores in foreign exchange on food imports. Last year it reached the figure of Rs. 500 crores. In previous years also, we have been importing large quantities of food, depleting our much-needed foreign exchange. If these amounts had been utilised to improve our irrigation, things would have been quite different.

I am very sorry to state that in the first plan only a provision of Rs. 300 crores was made for irrigation. In the second plan it was Rs. 380 crores and in the third plan it was Rs. 600 crores. This shows how our irrigation sector is completely neglected. In the third plan period, as against a target of 12.2 million acres to be brought under irrigation through medium and major irrigation projects, only 6 million acres have been so brought, of which an irrigation potential of 2 million acres has remained unutilised. Because of the high water rate, the cultivators are not utilising the wonderful potential that has been created. I pay my compliments to the Orissa Government who have lately reduced the water tax by 50 per cent. I hope this lead will be followed by the other States.

Our experience during droughts has been that minor irrigation has been a complete failure because with the limited catchment area, if there is no rain, there is no irrigation to the fields. Therefore, in future Government should not run after minor irrigation, but concentrate on major and medium irrigation. I am sorry to state that even though the Orissa State, which is one of the few surplus States, asked for an assistance of Rs. 10 crores from the Centre to complete the old projects and take up new projects, there has been hesitancy on the part of the Centre and I deplore that no action has been taken so far. Tube-

[Shri P. K. Deo]

wells have to be dug in millions to tap the underground water. Pumps have to be energised for which electricity has to be supplied at concessional rates. Transmission lines have to be subsidised. I am sorry that *Jai Kisan* is only a slogan and there is absolutely no awareness on the part of the Government to the needs of the cultivator. Whereas an industrialist has to pay only 3 paise per unit of electricity for his aluminium plant the kisan has to pay in some States even 19 paise. In some States there has been some reduction, but it has not been uniform and consistent with the realities.

The latest craze for fertilisers and adaptability to modern techniques are welcome signs. But in respect of nitrogenous fertilisers, as against a target of 12.2 million tons, by the end of the third plan we have achieved only 6 million tons. Of course, new plants are coming up in Namrup, Gorakhpur, Visakhapatnam, etc.

The installed capacity will then come to 21 million tons. Naphtha from our refineries is the main raw material for our nitrogenous fertiliser plants now. There may be shortage with a 21 million installed capacity. So I beg to submit that ammonia from the surplus natural gas in the middle-east should be tapped. There should be no diplomatic dogma in this regard. We should try to get the latest technical know-how in agriculture. Taiwan and Israel have made tremendous progress. But, I am sorry to say, diplomatic dogma stands in the way. We have not even recognised their existence. We should try to exchange technical know-how in the field of agriculture. We should try to send progressive agricultural farmers to these areas and there should be an exchange of ideas in this regard.

Regarding food zones, we are against food zones and controls because these breed corruption. We are for an all-India market but in special cases where the purchasing power of the people is very poor, especially in States like Orissa surrounded by an industrial belt, as soon as the barrier will be removed the surplus State will be reduced to a deficit one.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SHRI ANNASAHIB SHINDE): Would you like to have State zones for Orissa or not?

SHRI P. K. DEO : I am explaining that in special cases where the purchasing power of the people is very poor then we will have to have these zones.

Sir, in this House and in the Rajya Sabha we have been hearing several allegations that food is being used as a lever to topple down non-Congress Governments. I do not know how far it is true. Orissa is a surplus State. We have no experience of this political move or this elbow twisting so far. But if it is true, it is a sad day for this country (*Interruptions*).

Procurement should be maximised. But this procurement should be made in the open market. I do not mind the Food Corporation of India working in competition with the traders. Even though there has been some improvement in the procurement price—I welcome it—I say that it should be the minimum support price and anything above that will be welcome. The traders should be given freedom to trade in foodgrains inside the State and if there is any surplus, of course, it can be exported.

SHRI RANGA (Srikakulam): Exported through the Food Corporation.

SHRI P. K. DEO : Coming to prices, the prices have been sky-rocketting. Even though there has been a slight decrease in the prices in August-September-October this year, it is much more than the prices prevailing in the corresponding period of last year. Taking the base of 100 in 1952-53 the wholesale price index of cereals and foodgrains has gone up to 220 in October which is a decrease from 232 prevailing before August, but last year at this time it was only 170.

Sir, the essential food needs of a common man have to be assured. The weaker and vulnerable sections of our society have to be supplied these articles at subsidised rates. I take my hat off

at the achievement of the DMK Government in Madras for supplying one measure of rice per rupee to the people in the statutory rationing area.

High prices and inflation are the creation of the Central Government. For this subsidy the Central government should bear the full burden. Even in other States if the weaker and vulnerable sections of the society have to be supplied food at subsidised rates, it is the Centre which has to pay it to the State Government.

In the last two years of drought there has been a shortfall of 30 million tons and complete depletion of the buffer stock and this year 7 million tons have to be procured from the kharif.

Coming to credit, I would like to submit that adequate credit had to be made available, at best at 10 per cent interest. Now, while the Reserve Bank has been giving loans at 3 per cent interest, the cooperative societies are charging much more.

Lastly, in regard to debts given to agriculturists during natural calamities like floods and cyclone there should be a moratorium and they should even be written off. Similarly, the assistance given by the Centre to the States to fight natural calamities should be written off and the States should not be asked to pay them back.

Then I would say that there should be complete abolition of land revenue. A directive should go from the Centre to the States to implement the decision about abolition of land revenue. A lead has already been given by the Orissa Government in this matter.

Then, we have not yet explored the vast resources of the sea which we have in the matter of marine food. It is high time that we made some effort to tap these resources to relieve our food problem. Also, efforts should be made to reclaim the Rann of Kutch, the great Thar desert, the Chambal Valley and the Dandakaranya area. It should be done in right earnest and the land should be distributed to the landless.

Finally, Sir, there is a great awakening among the farmers and all sections of our people and, if properly harnessed, the release of this tremendous energy could help us to tide over our food problems for all times to come.

SHRI D. N. PATODIA (Jalore) : Sir, I have given notice of a substitute motion which I want to move.

श्री देवराव पाटिल (यवतमाल) : उपाध्यक्ष महोदय, इस के सम्बन्ध में मेरा भी एक संकल्प था . . . . .

SHRI ANNASAHIB SHINDE : All the substitute motions have been moved already.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Not all. Those members who were present and those who requested the Chair were allowed to move their motions.

श्री देवराव पाटिल : मैं मीटिंग में चला गया था, मेरे पीछे से इस को यहां ले लिया गया । जब मैं आया और मैंने रिक्वेस्ट की तो मुझे कहा गया कि कल पूछना । मैं अपने संकल्प को प्रस्तुत करना चाहता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will now allow them to move their substitute motions.

SHRI D. N. PATODIA : I beg to move :

"That for the original motion, the following be *substituted*, namely :—

'This House, having considered the food situation in the country, is of the opinion that the zonal restrictions regarding movement of foodgrains from State to State and district to district should be expeditiously abolished and as and when the State Governments take the initiative in this regard they should be encouraged by the Centre and not hindered in their initiatives.'"(13)

SHRI DEORAO PATIL : I beg to move :

"That for the original motion, the following be *substituted*, namely :—

'This House, having considered the food situation in the

[Shri Deorao Patil]

country, appreciates the attempts made by the Government to ease the food situation in the country and recommends to the Government that (a) minimum procurement prices of agricultural commodities, especially of foodgrains, should be remunerative to farmers, being based on actual cost of production and (b) immediate steps be taken to subsidise the price of foodgrains for weaker sections of the society.'" (37)

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, ...

MR. DEPUTY-SPEAKER : The hon. Member may resume his speech after the lunch recess.

13 HRS.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at four minutes past Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

MOTION *RE* : FOOD SITUATION IN THE COUNTRY—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : Before Shri K. N. Tiwary resumes his speech I would like to point out that since it is an important debate and I have already received chits from many hon. Members from various regions, to accommodate as far as possible all regions and all sections of the House I would request hon. Members to be very brief.

श्री क० ना० तिवारी (बेतिया) : उपाध्यक्ष महोदय, यह एक रिचुएल जैसा हो गया है कि जब भी पार्लियामेंट बैठती है तब हम फूड पर डिबेट करते हैं लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उस के दौरान जो सुझाव दिये जाते हैं उस पर सरकार ने कितना अमल किया है और किया जा सकता है इस के उपर सरकार ध्यान नहीं देती है । इससे हम लोगों का असन्तोष बढ़ता है और साथ ही कृषि उत्पादन में वृद्धि करने, पैदावार को बढ़ाने में ज्यादा प्रगति नहीं होती है । मैं उन प्वाइंट्स को दुहराना नहीं चाहता जिनका कि जिक्र आज से पहले कई मौकों पर किया जा चुका है । इस अवसर पर मैं कुछ सुझाव सदन के सामने देना चाहता हूं और कुछ बातों की ओर इस हाउस और मंत्री महोदय का ध्यान दिलाना चाहता हूं जो कि किसानों के लिए बहुत ही आवश्यक हैं ।

फूड ऐंड एग्रीकलचरल डिपार्टमेंट ने एक कमेटी सैट अप की थी जिसका कि नाम एग्रीकलचरल प्राइसैज कमिशन हुआ । उस ने एक रिपोर्ट की है । बार-बार इस बात के लिये अन्य लोगों ने और हमारे विभूति मिश्र जी ने सरकार से मांग की है कि इस कमेटी में किसानों के रिप्रजेंटेटिव्स रहने चाहिए लेकिन सरकार ने इस के ऊपर कोई ध्यान नहीं दिया । उस कमेटी में बैठने वाले प्रोफेसरों ने एयरकंडिशंड कमरों में बैठ कर एक रिपोर्ट तैयार कर ली और उसे सबमिट कर दिया बाकी मुझे यह कहने के लिए माफ़ किया जाय कि वह लोग धान, मकई आदि के पौधों में कोई फर्क नहीं समझते । उनको पहचान भी नहीं सकते । ऐसे लोगों की उस कमेटी में नियुक्ति की गई है । यह रिपोर्ट जो मेरे हाथ में है उस को देखने से यह पता चलता है कि जिस काम के लिए उनको मुकर्रर किया गया उन्होंने एक शब्द भी उस के बारे में नहीं कहा । फूड कमोडिटीज की प्राइस क्या होनी चाहिए वह नहीं बतलाई गई है । धान की क्या प्राइस होनी चाहिये, मकई की क्या प्राइस होनी चाहिए, कोर्स ग्रेन की, गेहूं की क्या प्राइस होनी चाहिए उस के बारे में इस रिपोर्ट में एक शब्द नहीं लिखा गया है । मालूम ऐसा होता है कि यह किसानों के विरुद्ध कोई कमेटी बैठाई गई हो और चुनांचे जितनी भी किसानों के हित की बातें हैं उन के विरोध में जितना भी वह लिख सकते हैं वह उस कमेटी ने लिखा है और उसने अपनी वह रिपोर्ट गवर्नमेंट को सबमिट की है ।

इस समय उन सारी बातों में और उन सारे डिटेल्स में मैं नहीं जाना चाहता क्योंकि समय नहीं है लेकिन यह चीज कि कितना मिलियन अनाज बाहर से आयेगा, कितना मिलियन यहां देश में पैदा होगा और कितने मिलियन का बफर स्टाक है इन सब की चर्चा इस किताब में की गई है। लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा इस में किसी जगह पर यह नहीं बतलाया गया और आज तक इस बात की खोज इस कमिशन ने नहीं की कि क्या लागत खाद्यान्न के उत्पादन में आती है चाहे वह धान हो, ईख हो या और कोई कोर्स ग्रेन हो। आज तक कमिशन का जो मुख्य काम था जिस के कि अधार पर प्राइस फिक्सेशन होता और किसानों को रैम्यु-निरेटिव और एक इंटेग्रेटैड प्राइस मिल सकती जिस के लिए कि आन्दोलन किया जा रहा है, मांग की जा रही है गवर्नमेंट आज तक उसे नहीं दे सकी है। इसलिये मेरा सुझाव है कि यह जो रिपोर्ट दी गई है उस रिपोर्ट को अमल में न लाया जाय। यह रिपोर्ट ऐंटी किसान है। इसमें साफ़ कहा गया है कि उन्हें अन्न का भाव कम दिया जाय। जो मार्केट प्राइस हो उस मार्केट प्राइस से कम दाम किसानों को दिया जाय। अब आप यह समझें कि हर एक चीज जो कि किसानों को अपनी जरूरत के लिए खरीदनी पड़ती है चाहे वह फर्टिलाइजर्स हो, चाहे वह बैल हों, साग-सब्जी हो, कपड़ा हो या खेती के अन्य आवश्यक औजार आदि हों, उस की जीवनापयोगी सभी आवश्यक चीजों के दाम जोकि उसे बाजार से खरीदनी पड़ती हैं आज किसान को उनकी कीमत दुगनी, चौगुनी, दस गुनी और किसी किसी हालत में तो 100, 100 गुनी तक अदा करनी पड़ती है। ऐसी हालत जब हो रही है तो अगर इस कमेटी की सिफारिशों को अमल में लाया गया तो जो पैदावार में वृद्धि की अपेक्षा सरकार रखती है वह पैदा-वार उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि यथेष्ट प्रोत्साहन के अभाव में किसान उतना ही उत्पादन करेंगे जितने कि उन को अपने लिये आवश्यकता है। परिणाम आखिर में इस का यह होगा कि सरकार अनाज का जो बफर स्टाक बनाना चाहती है या सरकार जो उन से प्रोक्योरमेंट करना चाहती है वह प्रोक्योरमैन्ट नहीं हो सकेगा।

इस रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि एक सुझाव इस कमेटी के सामने यह आया था कि एक गांव से दूसरे गांव में अन्न न जाने दिया जाय क्योंकि उस का हमें प्रोक्योरमेंट करना है। लेकिन अब जब कि सारा देश इस बात की डिमांड कर रहा है, मांग कर रहा है कि जोनल सिस्टम हटना चाहिए और इस बात के लिए यहां जो हमारे विरोधी सदस्य हैं वह भी इस की मांग करते हैं लेकिन जहां उनके द्वारा सरकारें बनाई गई हैं वहां पर उन की सरकारें बनने के बाद भी इस को अमल में नहीं लाते।

लेकिन अगर पूछा जाय तो 100 में से 99 आदमी ऐसे होंगे जो जोनल सिस्टम के खिलाफ हैं, सिवा उन सरकारी नौकरों के और बनियों के जो इस से फायदा उठाते हैं।

श्री हुकम चन्द कछवाय : सब बनिये कांग्रेस के अन्दर हैं।

श्री क० ना० तिवारी : वह जन संघ में ज्यादा हैं।

इस लिये मेरा खयाल है कि जोनल सिस्टम को हटाना, जिस की मांग देश के लोग कर रहे हैं, आवश्यक है। इस को ले कर यू० पी० में एक गांव से दूसरे गांव को अन्न जाने पर भी रोक लगाने की कोशिश की जा रही है, एक ब्लाक से दूसरे ब्लाक में अन्न नहीं जाने पाता। उस पर रोक लगाई जा रही है। इस का नतीजा क्या होगा, इस से किसानों के अन्दर किस प्रकार की भावना पैदा होगी, इस पर सरकार को विचार करना चाहिये।

दूसरी बात जिस की ओर मैं सरकार का ध्यान खींचना चाहूंगा यह है कि जो प्रत्येक राज्य सरकारें हैं, उन की परिस्थितियां

[श्री क० न० तिवारी]

अलग अलग हैं । वह अपने प्रान्त में अन्न का क्या भाव दें इस की उन को छूट होनी चाहिये । केन्द्रीय सरकार को रास्ते में नहीं आना चाहिये इस के दो कारण हैं । अगर केन्द्रीय सरकार कहेगी कि यह भाव दिया जाये तो जितने राज्यों में अपोजीशन की सरकारें हैं, वह सब कहेंगी कि सेंट्रल गवर्नमेंट नहीं देना चाहती है, इस लिये हम नहीं दे रहे हैं । दूसरा नतीजा यह होगा कि किसानों को उचित प्राइस नहीं मिलेगी । परिणामस्वरूप उत्पादन में कमी होगी । क्योंकि किसानों की दूसरी चीजों की परचेजिंग पावर नहीं रहेगी । उनको रैम्युनरेटिव प्राइस नहीं मिलेगी । वह फर्टिलाइजर लेना चाहेंगे पैदावार बढ़ाने के लिये तो वह भी नहीं मिल पायेगी ।

इसके अलावा एक सब से खतरनाक चीज प्लैनिंग कमिशन करने जा रहा है, जिस की खबरें अखबारों और दूसरे सोर्सिज से सुनने में आ रही है । अगर यह बात हुई तो कांग्रेस सरकार याद रक्खे कि वह ट्रेजरी बेंचेज पर नहीं बैठ सकते हैं । इस लिये नहीं बैठ सकते कि किसानों के वोट्स से लोग यहां आते हैं और यहां सब लोग छोटी-छोटी सी बातों से फायदा उठाते हैं और हमारे खिलाफ प्रचार करते हैं । यही सरकारी नौकर, जिन को आप सर पर चढ़ाये हुए हैं, जिन को बिठला कर आप प्लानिंग कमीशन का काम लेते हैं, वह आप की जड़ खोद रहे हैं । उन्होंने मुसलमानी बादशाह को हटाया, अंग्रेजों को हटाया और अब आप को भी हटा कर रहेंगे । इस का कारण यह है कि जो प्लानिंग कमिशन के चेअरमैन हैं वह गांव से नहीं आते, वह शहर के रहने वाले हैं, श्री अशोक मेहता देहात के रहने वाले नहीं हैं । उन का कृषि से कोई सम्बन्ध नहीं है । इस लिये वह कहते हैं कि ऐग्रिकल्चर पर टैक्स लगना चाहिये । इनकम टैक्स लगाना चाहिये, ऐग्रिकल्चर टैक्स लगाना चाहिये । आप को पता है कि एक साल बाढ़ आ जाती है तो दूसरे साल सूखा हो जाता है । लेकिन इस के लिये गवर्नमेंट कोई कम्पेन्सेशन तो नहीं देती । कोई तरीका नहीं है जिससे वह इस के लिये कम्पेन्सेशन दे सकें । चूंकि एक साल बाढ़ आ जाती है और दूसरे साल सूखा पड़ जाता है इस लिये सरकार बफर स्टाक बना कर रखना चाहती है क्योंकि लोग शोर मचाते हैं कि उन को खाना दिया जाये । लेकिन यह किसान के लिये तो नहीं है । अगर एक साल सूखा पड़ गया और दूसरे साल बाढ़ आ गई तो वह यह तो नहीं सोच पाता है कि अगर वह बफर स्टाक नहीं रक्खेगा तो बाल बच्चों को खिलायेगा क्या । उन का क्या होगा ।

इस के अलावा बिहार सरकार प्रति एकड़ किसानों से 8 मन अनाज लेने जा रही है, जो कि खिचड़ी सरकार है । उस के बाद जो भी पैदावार होती है उस की प्राइस वह मार्केट प्राइस से 10 या 15 रु० कम देती है । नतीजा यह है कि जितने भी किसान हैं वह सब के सब घबराये हुए हैं कि अगर वह 8 मन दे दें तो फिर उन के पास बचेगा ही क्या रिपोर्ट में कहा गया है कि कोई कहता है कि 100 मिलियन टन होगा, कोई कहता है कि 95 मिलियन टन होगा और कोई कहता है कि 90 मिलियन टन होगा । हमारे यहां एक कहावत है कि लेखा जोखा था ही, लड़का बूड़ने का ही । एक लालाजी थे । उन्होंने हिसाब लगाया कि यहां पानी एक हाथ है; यहां तीन हाथ है और यहां पांच हाथ है इसलिए औसत इतना हुआ । उसने यह सोचकर के लड़के को पार कराया । लेकिन जहां ज्यादा गहरा था उस का हिसाब नहीं लगाया । नतीजा यह हुआ कि लड़का डूब गया हमारा जिला जो एक तरह से सर्पलस जिला है, आज डेफिसिट हो गया है । आज एक तिहाई जगहें ऐसी हैं जहां पर बिल्कुल फसल काट कर जानवरों को लोग खिला रहे हैं । आरा जिले में भी यही हालत है । हर जिले में कोई न कोई भाग ऐसा है जहां इस प्रकार की हालत है । फिर भी आप कहते हैं कि किसान 8 मन प्रति एकड़ दे दे । कहां से दे ? आज कोई भी गृहस्थ अपनी रोपनी, सोहनी नहीं

करा सकता, अगर वह वनिहारी अनाज में न पे करे अगर कोई मजदूरों को अनाज न दे, क्योंकि अनाज का भाव बहुत ज्यादा है, और रुपया पैसा देना चाहे तो उस को मजदूर नहीं मिलेंगे। इसलिये मजदूर काइन्ड में लेना चाहता है। किसी भी गृहस्थ को अपने खाने के लिये, अपने हलवाहे के खाने के लिये, रोपनी का खर्च, जो कुछ भी है सब के लिये आनाज रखना पड़ता है, और गवर्नमेंट कहती है कि सिर्फ 10 क्विंटल रक्खो। अगर उस के पास अनाज घट गया तो आप के पास कोई सकीम नहीं है, जिससे उस को अनाज मिल सके। इस लिये मेरा अपना खयाल है कि गवर्नमेंट को इन सब बातों की तरफ ध्यान देना चाहिये, यही नहीं होना चाहिये कि वह ऐग्रिकल्चर टैक्स, इरिगेशन टैक्स या दूसरे टैक्स बढ़ावे। प्लैनिंग कमिशन रिकमेन्ड करता है कि इरिगेशन टैक्स बढ़ाया जाये, एलेक्ट्रिसिटी टैक्स बढ़ाया जाये। इस तरह की बात वह सब कहता है लेकिन यह नहीं कहता कि किसान को रेम्यूनरेटिव प्राइस मिलनी चाहिये। जब उस को वह रेम्यूनरेटिव प्राइस देने के लिये तैयार नहीं है तो फिर किसान कैसे क्या करेगा ?

एक बात मैं सरकार से ट्रैक्टरों के बारे में कहना चाहता हूं। वह लोगों को सस्ता दिया जाये। साथ ही हम देखते हैं कि आज फियट और अम्बैसेडर कार का कोटा होता है। मैं समझता हूं कि अगर हम ट्रैक्टर लेना चाहते हैं तो हम को वह भी मिलना चाहिये। यहां बहुत से ऐग्रिकल्चरिस्ट्स बैठे हुए हैं, जो कि ट्रैक्टर इस्तेमाल करते हैं। हमारी मांग यह है कि ट्रैक्टरों का भी कोटा रख दिया जाये, जिस में कि हमें वह जल्दी से मिल जायें और हम समय पर उस को खरीद सकें। जो लेजिस्लेटर्स होते हैं उन के लिये आप ने कारों का कोटा रक्खा हुआ है। अगर आप जरूरत समझें तो कार का कोटा उड़ा दीजिये, लेकिन ट्रैक्टर का कोटा उन को जरूर दिया जाये।

हमारे यहां गंडक प्रोजेक्ट है। बिहार में 13 लाख टन को डेफिसिट है। यह प्रोजेक्ट शरू हो चुकी है, काम हो रहा है, लेकिन रुपये की कमी है। जिस बिहार में 12 या 13 लाख टन का डेफिसिट है वहां अगर यह प्रोजेक्ट पूरी हो जाये तो बिहार की पैदावार 26 से ले कर 30 लाख टन तक बढ़ सकती है। इस तरह से न सिर्फ हम सेल्फ सफिशिएंट हो जायेंगे बल्कि हिन्दुस्तान के दूसरे भागों को भी दे सकेंगे। इसलिये इस प्रोजेक्ट के लिये कहीं से भी हो, बेग, बारो आर स्टील, रुपया मिलना चाहिये।

प्रोक्योरमेंट के बारे में मेरा यह कहना है कि कांग्रेस सरकार जब थी तब वह प्रति एकड़ 65 के० जी० लेवी लगाती थी लेकिन आज की जो सरकार है वह 8 मन प्रति एकड़ ले रही है। यह क्वांटिटी जो बढ़ाई गई है उसको नहीं बढ़ाना चाहिये।

अब मैं इम्प्रूवड सीड्स के बारे में कह कर बैठ जाऊंगा। इस के सम्बन्ध में रिपोर्ट में बहुत सी बातें कही गई हैं। यू० पी० की रिपोर्ट को मैंने पढ़ा। एस 227 की जो इम्प्रूव्ड वेराइटी है वह वहां पर 150 रु० के० जी० तक बिका। जो भी किसान उस को खरीदना चाहे उस को 150 रु० के० जी० में मिलता है। लेकिन दिल्ली के पास एक फार्म है उस के लिये विभाग कंट्रोल रेट पर सीड देता है, हालांकि वह फार्म अपने यहां से 150 रु० के० जी० ही बेचता है। इस तरह की गड़बड़ियां इम्प्रूव्ड सीड्स के बारे में हो रही हैं। यह नहीं होना चाहिये। नई रिसर्च से जो सीड आ रहे हैं, उनकी तरफ गवर्नमेंट का ध्यान जाना चाहिये और हर एक प्रान्त को उस का फायदा मिलना चाहिये। जो भी किसान उन को मांगते हैं, उन्हें मिलना चाहिये। मैंने खुद मांगा था लेकिन आपके डिपार्टमेंट ने नहीं दिया। 308 है, 227 है, सलोन है, शरबती है, इन सब की तरफ सरकार का ध्यान जाना चाहिये।

अन्त में बहुत न कह कर मैं यही कहना चाहता हूं कि जो सुझाव मैं ने दिये हैं उन को काम में लाना चाहिये। साथ ही जो आप के

[श्री क० न० तिवारी]
अफसरों की कथनी और करनी में अन्तर है उस को भी आप समाप्त करें।

श्री याज्ञिक (अहमदाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय आज सारे देश में अन्न का अभाव है। बीस साल हमें आजाद हुए हो गए हैं। आजादी के बाद से नहरों इरिगेशन, बिजली आदि पर काफी रुपया खर्च किया गया है। हमेशा हकूमत की तरफ से कहा गया है कि यह कैनाल होगी, यह पावर हाउस होगा तो हम पूरी तरह से अन्न के मामले में स्वाश्रयी हो जायेंगे। आज भी हम को कहा जाता है कि 1971 के बाद हम को बाहर से अनाज मंगाने की जरूरत नहीं होगी। इस तरह की बातों को हम आज तक हमेशा सरकार से सुनते आ रहे हैं। लेकिन ऐसा आज तक हुआ नहीं। आज मैं समझता हूं कि कैनाल की कुछ बात करना, बिजली की कोई बात करना व्यर्थ है। हम अगर बीस साल में कुछ नहीं कर सके हैं तो 1971 तक जो तीन चार साल बाकी हैं उसमें हम क्या कर सकेंगे। तीन चार साल में अन्न के मामले में स्वावलम्बी हम हो जायेंगे इसमें मुझे संदेह है। हम दो तीन साल में कुछ नहीं कर पायेंगे।

आज हमारे देश का ध्यान खाद, फर्टिलाइजर पर एकाग्र हुआ है। यह बात सच है कि कुछ पानी, कुछ बिजली, कुछ डीजल पम्प और कुछ सीड्ज और कुछ लोन भी किसान को मिलता है। लेकिन आधार सचमुच जमीन की उत्पादन शक्ति पर रहता है। और उत्पादन शक्ति का आधार खाद पर रहता है। इसमें कोई शंका नहीं है। बड़े से बड़ा सवाल आज देश के सामने यह है कि खाद की न्यूनता की कैसे भरपाई की जाए? इसके बारे में क्या किया जाए, किस तरह से देश के लिए जो खाद की जरूरत है, उसको पूरा किया जाए। आज केन्द्रीय सरकार हो या राज्य सरकार हो, जिला परिषद् हो, या ताल्लुका पंचायत हो या ग्राम पंचायत हो या कृषक संघ हो, सब लोगों ने रासायनिक खाद के लिए, जिस को इनआर्गेनिक खाद कहते हैं, उसके पीछे दौड़ धूप शुरू की है। जहां जहां किसानों की, कृषक संघ की, जिला पंचायत की मीटिंगें होती हैं वहां वहां रासायनिक खाद के दलाल पहुंच जाते हैं और शोर मचाते हैं किसानों के बीच में कि हमारा खाद ले लो तो आप पूर्ण रूप से स्वाश्रयी हो जाओगे। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि बीस साल पहले महात्मा गांधी ने जो बात कही थी और जिस को वह इससे पहले भी बराबर कहते रहे हैं उस बात को सब भूल गए हैं। विरोधी पक्ष वाले भूल गए हैं यह कहना. ठीक नहीं है। लेकिन हकूमत तो जरूर भूल गई है इस में कोई शुबाह नहीं है।

अभी कुछ महीने पहले मैंने 28-12-1947 का हरिजन पढ़ा। उस में गांधी जी लिखते हैं कि मीरा बहन देहरादून में थीं। वह वहां खेती का प्रयोग करती थीं। उन्होंने दिल्ली में कम्पोस्ट खाद के लिए एक सम्मेलन बुलाया। राजेन्द्र बाबू उस के प्रमुख थे। उस कान्फ्रेंस में एक प्रस्ताव पास किया गया कि देश में कम्पोस्ट खाद बनाने के लिए काफी प्रयास किसान और जनता और हकूमत की तरफ से होना चाहिये। उस कान्फ्रेंस में मनुष्य, पशु, वनस्पति आदि सब का मल, मूत्र, कचरा, भूसा आदि जो कुछ भी होता है उस सब को मिला कर सुनहरी खाद पैदा करने का एक प्रस्ताव के द्वारा निश्चय व्यक्त किया गया था। इसके बारे में गांधीजी ने जो कुछ लिखा है, मैं उसको आप के सामने रखना चाहता हूं। वह लिखते हैं।

"Given the willing co-operation of the masses of India, the country can not only drive out the shortage of food"

यह वह बीस साल पहले लिखते हैं।

"but can provide India with more than enough. This organic manure ever enriches, never impoverishes, the soil. The daily waste judiciously composted returns to the soil in the form of golden manure causing a

saving of millions of rupees and increasing manifold the total yield of grains and pulses. In addition, the judicious use of waste keeps the surroundings clean, and cleanliness is not only next to godliness; it promotes health".

उस पर लिखते हुए गांधी ने आगे कहा है : कि इस प्रस्ताव पर अमल करना है तो एक मीरा बहन से काम नहीं चलेगा, हजारों और लाखों मीरा बहनों की जरूरत होगी। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इस के बारे में पिछले बीस साल में हकूमत की तरफ से क्या किया गया है, किसान संगठनों की तरफ से क्या हुआ है, जनता ने क्या किया है, लैंड आर्मी की बात हम सुनते रहते हैं, उस लैंड आर्मी ने क्या किया है, कुछ पता नहीं। अवश्य ही शहरों की जो म्यूनिसिपल कमेटीज़ होती हैं उनको कम्पोस्ट बनाने के लिए हकूमत की तरफ से कुछ सहायता मिलती है। लेकिन उसके लिए कोई यश हमारी हकूमत नहीं ले सकती है। ..... अंग्रेजी हकूमत ने इस म्यूनिसिपल कम्पोस्ट को आरम्भ किया था। आज तक शहरों में इस कम्पोस्ट खाद की प्रक्रिया चलती है, उसका उत्पादन होता है और किसान लोग बहुत खुशी से ज्यादा पैदा दे कर भी इस खाद को ले जाते हैं और अपनी जमीन को अच्छा बनाते हैं।

लेकिन सब से बड़ा सवाल तो देहातों का है। हिन्दुस्तान देहातों का देश है। ज्यादा जनता देहातों में रहती है। कल एक गांधीवादी नेता से मैं मिला था। उन्होंने एक सच बात मुझे बताई। उन्होंने कहा कि किसान और जनता के सामने हम चर्खे की बात करें तो कर तो सकते हैं लेकिन चर्खे से हर एक आदमी का कोई, सच पूछा जाए तो, ताल्लुक नहीं रहता है। लेकिन हर आदमी, हर इंसान पुरुष, स्त्री, बच्चा कोई भी हो खाना तो खाता है और कुछ मल का भी त्याग करता है। जैसे पशु करता है वैसे हर आदमी करता है, हर इंसान करता है। इस वास्ते हर इंसान का फर्ज होता है, उसकी ड्यूटी होती है उसका जो मल है वह देश में खेती के लिए उपयोग में आ जाए। गांधीजी ने कहा था कि यह बहुत मूल्यवान खाद बनती है और उन्होंने एक प्रार्थना सभा में इसके बारे में बोलते हुए कहा था....

"The excreta of animals and human beings mixed with refuse could be turned into golden manure, itself a valuable commodity. It increases the productivity of the soil which receives it. Preparation of this manure was itself a village industry, but this, like all village industries, could not give tangible results unless the crores of India co-operated in reviving it and thus making India prosperous."

अगर कोई यह कहे कि गांधीजी तो पुराने ज़माने के आदमी थे, आज का विज्ञान तो और तरीके से आगे बढ़ रहा है, तो मैं इस सदन को एक किताब में से पढ़ कर सुनाना चाहता हूं, जिस का नाम है, "फ़ार्मिन्ग एंड गार्डनिंग फ़ार हैल्थ आर डिज़ीज़" और उस को लिखने वाले हैं सर अलबर्ट हावर्ड। उन्होंने सारे हिन्दुस्तान में इस बारे में अनुसन्धान किया और खेती का प्रयोग देखा। बरसों के तजुर्बे के बाद उन्होंने 1945 में इंगलैण्ड में एक लैक्चर दिया। उन्होंने एक बड़ी किताब लिखी है, जिस में उन्होंने रासायनिक खाद के अनर्थ का काफ़ी विवरण दिया है।

लेकिन इस नेगेटिव, नकारात्मक, बात पर मैं ज्यादा जोर नहीं देना चाहता हूं, बल्कि मैं इस के पाज़िटिव, रचनात्मक, पहलू पर ज्यादा जोर देना चाहता हूं। मैं रासायनिक खाद के बारे में किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहता हूं। सर अलबर्ट हावर्ड सारे हिन्दुस्तान में घूमने के बाद इन्दौर आये। जो कुछ तजुर्बा उन को सारे देश में हुआ था, अपनी सारी जिन्दगी में उन्होंने विज्ञान का जो अनुसन्धान और खेती का अभ्यास किया था, उसके परिणाम स्वरूप उन्होंने इन्दौर में जा कर कम्पोस्ट मैन्युर बनाने की एक योजना बनाई इस किताब में इन्दौर योजना

[श्री याज्ञिक]

का काफ़ी विवरण दिया गया है । हिन्दुस्तान के साथ उन के बड़े अच्छे ताल्लुकात रहे थे । बरसों तक अनुसन्धान और अभ्यास करने के बाद आखिर में इन्दौर में उन्होंने अपनी योजना पक्की बनाई थी ।

सर अलबर्ट हावर्ड अपनी किताब में लिखते ह ....

"We can restore and maintain the fertility of our soil by copying the operations of nature as seen in our roadside hedges and in any place of wood land. To do this, we must convert all our vegetable and animal waste into humus. Nature in the wood or hedgerow does this on the surface of the ground. The vegetable and animal refuse make an ideal mixture which is then broken down by moulds and microbes with the ultimate formation of sweet-smelling leaf mould as humus. Two things have to amalgamate to form this humus, the undecayed portion of the mixed wastes and the remains of the moulds and microbes which ferment these residues.

इस बारे में गांधीजी ने जो विचार प्रकट किये हैं, उसकी ओर भी में सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । उन्होंने गुजराती में लिखा है, लेकिन मैं गुजराती नहीं पढ़ूंगा, उसका सारांश हिन्दी में दूंगा ।

श्री अ० सि० सहगल (बिलासपुर) : गुजराती में ही पढ़िये ।

श्री याज्ञिक : अच्छा । गांधीजी ने कहा है :

"आवा खातर ने हूं सोना जेटलूं किमती खातर गणु छूं । ए खातर थी जमीन हमेशा ताजी रहे छे । जुसई ने परी नथी जती क्यारे एम कहवाय छे के रासायनी खातर थी जमीननो कस चुसई जाए छे । तेपार्थी जीव उड़ी जाए छे । ने अमुक वपराश पछी तेने खाली राखवी पड़े छे । वली जीवतु खातर हानिकर जीवपैदा नथी थवा देतु ।"

यह जो रासायनिक खाद है, उस से क्या होता है ? कीट और जन्तु काफ़ी पैदा होते हैं और उन को मारने के लिए इन्सैक्ट साइड और पेस्टी साइड का बड़ा प्रवाह भारत में भी शुरू हो गया है ।

we can say that it has not been possible for us to keep up the level of procurement.

I would like to say that it is very important that at this time we procure as much as we can. From the global statistical survey we can see that foodgrains produced are enough for all the people in the world at present but because of uneven distribution among countries, within the countries and among the families of different levels of income, there is scarcity and some people do not get what they want. There is acute mal-nutrition and under-nutrition among people. As a matter of fact, the majority of the people in the world are having much less food than they used to get previously. It is the irony of fate that on the one hand there is progress in science and technology and by applying those methods we have produced more but, on the other hand, people all over the world, particularly in the under-developed and developing countries, that is, two-thirds of the humanity is even now having less food than they should. This being so, it is very important that we should have maximum procurement. If we cannot do that, in spite of good crops and in spite of this estimate of 95 million tonnes of record production we may be facing difficulties.

How to make procurement successful ? I have seen in the report that the Chief Ministers' Conference has proposed that the method of procurement should be left to the States. It may be necessary that the States should be given some laxity about procurement. But there should be a national policy regarding procurement. I have not seen that; I have not seen what exactly is the national policy about procurement. Whether it should be through co-operative agencies or by service co-operative societies or by private traders, there should be one clear indication. I think, it is necessary that all procurement should be through only one agency and that that agency should be the co-operative societies.

I would also like to say that procurement may not be successful if the processing industry is left in private hands. If you want to make procurement successful through the co-operative agency, then the processing industry should be taken away from private hands and given to the co-operative institutions. Both these things should go together.

We all know that in this country about 70 per cent of the people live on land. The basic question that arises now is whether it is possible for any country in any age that 70 per cent of the people can be fed by land. Even in this country, it is a historical fact that so many people did not depend on land in the middle ages. In the middle ages in India 70 per cent of the people did not depend on land for their livelihood. The irony of fate is that when the industrial and mechanical revolution made people in Western countries move from land to industry, in this country the reverse process was there and people from industry, handicrafts or village industries, had to go to land. So, the economic condition of the cultivators or farmers is so bad. If we want to improve the economy of this country, and develop agriculture, this basic fact must be kept in mind. We have to shift a substantial percentage of the people from agriculture to industry. There is no other way.

We want to modernise agriculture. How to modernise agriculture ? We cannot apply modern technology to small holdings which we have at present. These holdings are very small uneconomic holdings. If we want to apply modern technology, we must have bigger holdings but not owned by capitalists or big landlords who employ workers on their lands. This is a very important question to which we have to apply our mind and solve it.

It is also necessary that we do some research on agriculture. In this country, even now, we think that by traditional methods, we can make the country self-sufficient. That is not possible at all. We must learn the modern methods of production. How to do that ? The only way to do that is to have more and more research on agriculture. Strangely enough, even now there is not enough agricultural research in tropical countries. Whatever research has been made so far has been

made in the countries with temperate climate. We cannot import agricultural technology from developed countries to developing countries. That is not possible. It may be possible to import a blueprint of a steel plant from some other country in Europe or America and have it here. But it is not possible to import a blueprint of agricultural farm from America or Somewhere and have it here. We must do our own research. We have not given much emphasis on that. I think, that is very important to do.

Then, it is also very important that we give importance to production of non-cereal food. We are having more and more schools and colleges. We want that all our children, boys and girls, go to schools and colleges. What sort of food are we giving to them? Unless we give them balanced food, how will they do intellectual work? Somebody has said that intellectual growth will be retarded in this country if we do not have enough proteins. What have we done in this regard? As the figures with me show, there is no increase milk production, there is no increase in meat or in egg production or even in fruit production in this country. The *per capita* consumption of milk is only 3 kilograms annually; the *per capita* consumption of egg is only 1 gramme per day; the *per capita* consumption of meat is 4 grammes per day and the *per capita* consumption of fruits is 45 grammes per day. With such a small, negligible, protein food how can our boys and girls will do intellectual work? It has been rightly said that one of the most difficult of intellectual tasks is to maintain balance and if our boys and girls can have that intellectual capacity, then only they can do research work and create new things, make new discoveries and innovations. How can they do that? How can they have the intellectual capacity to do all such work unless they have balanced diet. We want all our children to be educated. What sort of education are we going to have if students are starved of all protein food? We have not applied our mind as to how we can give enough protein food, meat, fish, eggs and fruits, to our children and younger generation? By food, the Government always give emphasis on cereal food as if food means only rice and wheat. We have to see that all varieties of food are produced in this country in enough quantities so that everybody, even the poorer sections of the people, can have this sort of food.

We have claimed that out of 100 cultivators, because of our policy of giving land to the tillers, now 76 cultivators own their own lands, 16 are owner-*cum*-tillers and 8 are tillers. But what we have achieved by our land reform measures, has to be judged from another angle. The number of holdings from 20 to less than 50 acres is 2.9 million and the percentage is 5.8, but they have 83.6 million acres, *i.e.*, 25.7 per cent of the whole operated area whereas the number of holdings from 1 to less than 5 acres is 21.3 million, and the percentage is 43.5; but the area operated by them is 57.1 million acres, the percentage is 17.6. It will be clearly seen from these figures that those having bigger holdings have so much of arable land whereas the number of small holdings is much more and they do not have enough land. So, our land reform measures have not taken this aspect into consideration. It is not just enough to see that tillers become owners of the land, but it is also necessary to see that they get enough land. I hope, this aspect of the matter will be looked into.

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may conclude.

SHRI BHAGAVATI : I will conclude by referring to one more point. It has been said in a pbulication by the Programme Evaluation Organisation of the Planning Commission that no single agency, Panchayat Samiti, Co-operative Society or the Department, seems to be in an effective and dominant position to meet the various types of credit needs of the cultivators for various programmes. Credit is one of the essential facilities that we have to give to the cultivators and it is, therefore, necessary to see how we can give these credit facilities to our farmers. Big industrialists get facilities from the socialised capital. Whatever capital they have is socialised capital. It is really a tragedy

[Shri Bhagavati]

that the lower middle class people, the poorer section of the people, do not get any advantage even of the socialised capital. The cultivators do not get the advantage of socialised capital at all. Credit should be provided to the cultivators by the State Bank and the other banks. The State Bank should have branches all over the country. I would personally like the banks to be nationalised and their branches should be set up all over the country, so that the agriculturists can get enough credit and can produce more.

In conclusion, I will say this. This is really a gigantic problem—the problem of producing enough for the teeming millions of this country; it is a challenging problem and we have to meet it. I hope, the Government will take adequate measures so that by 1970-71 we can be self-sufficient in food. The Science Advisory Committee of President Johnson has said that, if India wants to be self-sufficient in food by 1976, she would have to increase the crop-yield by 4% annually.

15.59 Hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*].

We will have to increase 4% annually over 1964 rate of production. Unless we do that, it will not be possible for us to become self-sufficient in food. How we can do that?—that is the problem. Increasing the yield by 4%, will mean that we have to triple the yield from the historical rate which is only 2.36% per year. If we have to do that, we have to irrigate the land, we have to ensure regular, regulated water supply; we have to see that flood is controlled, soil erosion is controlled, fertiliser is supplied, compost manure is supplied as one of my learned friends has just now said or chemical fertiliser is given. All these should go together.

As regards Assam, I would like to say only one thing. Assam's main problem with regard to food production is flood control and conservation of soil. Unless the river Brahmaputra is controlled, it will not be possible for Assam to go ahead. That is a very big task, a major task and I hope Government of India will take it up.

In these scarcity years, particularly some months last year, even in Assam, —where the food condition was not supposed to be so bad, in the tea gardens and certain other places rice could not be supplied and instead of rice, wheat had to be given. But, even in regard to wheat, the supply was very irregular. I am glad that when I took up the matter with the hon'ble Food Minister, he took immediate steps and some wheat was moved to that area and even then, these people suffered very much. So, I would request the Government to see that adequate stocks of wheat are built up in Assam itself so that the people in that State need not have to suffer for want of supply.

MR. DEPUTY SPEAKER : It is Four O'clock. We shall now take up the next motion standing in the name of Shri Prakash Vir Shastri and others.

15.59 Hrs.

MOTION *RE.* PAKISTANI INFILTRATION INTO KASHMIR

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : मैं प्रस्ताव करता हूं :—

> "कि हाल ही में भारी संख्या में पाकिस्तानियों की काश्मीर में घुसपैठ से तथा राज्य में होने वाली अनेक घटनाओं से, जिनसे यह साबित होता है कि पाकिस्तान-समर्थक एजेन्ट राज्य की शांति भंग करने पर तुले हुए हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्पन्न गम्भीर खतरे से पैदा हुई स्थिति पर विचार किया जाये।"

उपाध्यक्ष महोदय, जिस दिन से भारत स्वतन्त्र हुआ है उसी दिन से पाकिस्तान काश्मीर में तोड़-फोड़ आक्रमण और दुनिया भर में भारत के खिलाफ़ ज़हर फैलाने का काम कर रहा है। योजनाबद्ध तरीके से पाकिस्तान ने 1965 में काश्मीर में कई हज़ार प्रशिक्षित घुसपैठिये भेजे जिसका परिणाम भारत और पाकिस्तान संघर्ष के रूप में हुआ। सरकार का दावा यह था कि 1965 में जो प्रशिक्षित घुसपैठिये आये थे, वे वहां से वापस चले गये या समाप्त हो गये। लेकिन पाकिस्तान ने जैसे ताशकंद में एक हस्ताक्षर करा कर एक चाल और झांसा दिया था। 740 वर्ग-

मील का वह क्षेत्र जो भारत ने पाकिस्तान से लिया था, जिसमें 270 वर्गमील केवल काश्मीर का ही भाग था, उस पर हस्ताक्षर कराने के लिये जो चाल पाकिस्तान ने चली, ठीक उसी प्रकार से पाकिस्तानी घुसपैठियों की स्थिति हुई---सरकार की दृष्टि में ये घुसपैठिये चले गये लेकिन वास्तविकता यह है कि ये घुसपैठिये भूमिगत हो गये और अण्डर-ग्राउण्ड हो कर वहां के राजनीतिक नेताओं और सरकारी अधिकारियों को बरगलाने और दूसरे ढंग से अपना षडयन्त्र पूरा करने का कार्य करते रहे। इससे स्थिति 1965 से भी कहीं अधिक भयंकर हो गई। काश्मीर घाटी में खास कर उन्होंने न केवल छोटी उम्र के बच्चों और किराये के आदमियों को खरीद कर "पाकिस्तान जिन्दाबाद, जिन्ना जिन्दाबाद, अयूब जिन्दाबाद" के नारे लगवाने शुरू कर दिये हैं, बल्कि सच्चाई यह है कि काश्मीर घाटी में जो बाहर के पर्यटक आते हैं, उन पर भी खुल्लम-खुल्ला हमले की घटनायें वहां पर हुई हैं।

16 HRS.

हमारी प्रधान मंत्री की स्वर्गीय बूआ श्रीमती कृष्णा हठीसिंह के साथ क्या घटना घटी थी ? यूगोस्लाविया के राजदूत के साथ क्या घटना हुई ? टाटा के जैनरल मैनेजर के साथ वहां पर क्या घटना हुई ? सरकार को शायद उन घटनाओं की अच्छी तरह से जानकारी होगी। मेरे ऐसा कहने का अभिप्राय यह न समझें, कि हमारे पर्यटन मंत्री श्री कर्ण सिंह देश के दूसरे भागों के पर्यटकों को वहां जाने के लिये उत्साहित करने का जो प्रयास कर रहे हैं, उसमें किसी प्रकार की न्यूनता रही बल्कि जहां काश्मीर में 60-70 हजार पर्यटक प्रतिवर्ष जाते थे, वहां इस वर्ष उनके प्रयास से डेढ़ लाख के लगभग पर्यटक वहां पहुंचे। लेकिन डा० कर्ण सिंह को भी याद होगा कि उन्होंने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए 15 नवम्बर को श्री रामगोपाल शालवाले को बतलाया था कि 3 अक्तूबर को दो यात्री बसों पर, पेम्पोर और विजाबिहार में हमला किया गया जिसके कि परिणामस्वरूप वह बसें फिर वापिस श्रीनगर लौट गई। इस तरीक़े से पाकिस्तानियों ने यह भयंकर स्थिति पैदा कर दी है। साम्प्रदायिक तनाव इतना बढ़ा दिया गया है कि जिससे काश्मीर घाटी से हिन्दू छोड़ कर चले जायं। सेना की जो अपनी गाड़ियां हैं जब वह उन सड़कों से निकलती हैं तो उन पर पत्थर फेंकने व थूकने आदि की इसी प्रकार की घटनाएं भारी मात्रा में हुई हैं। पाकिस्तान अब इस प्रकार का प्रयास कर रहा है कि वहां पर हथियार फिर से जमा कर लिये जायं और उसके सहयोग के लिए भी वहां पर एक वातावरण बनाया जा रहा है। मैं अपने इस कथन की पुष्टि में आपको दो-तीन प्रमाण भी देना चाहूंगा। गृह मंत्री श्री यशवन्तराव चव्हाण को शायद स्मरण हो नन्दा जी उस समय गृह मंत्री थे और उस समय भी मैंने इस बात की चर्चा की थी कि कश्मीर पोलिटिकल कान्फ्रेंस के नेता श्री गुलाम मुहीउद्दीन कारा की ओर से किस प्रकार के पत्र पाकिस्तान के लोगों को लिखे जाते हैं और किस ढंग से पाकिस्तान से सहायता मांगी जाती है ? वह पत्र पूरा नहीं पढ़ना चाहता। वह पत्र बहुत बड़ा है। उसकी फोटो कापी भी मेरे पास है जो उनके हस्ताक्षरों से युक्त है। उस पत्र के अन्दर जहां यह है कि आजाद कश्मीर रेडियो से कश्मीर के लिए क्या क्या प्रोग्राम ब्राडकास्ट करें जहां इसमें यह है कि हमने कुछ आदमी इस प्रकार के भेजे हैं जो वहां सहायता करेंगे, वहां उसमें यह भी लिखा है कि आपको कश्मीर के लिए अपने रेडियो से क्या-क्या कार्यक्रम प्रसारित करने हैं ? वहां पर सहयोग के लिए जो उन्होंने उसमें शब्द लिखे हैं और वह भी किस रहस्यमय ढंग से लिखे हैं यह मैं खास तौर से इस सदन को सुनाना चाहता हूं :

"आपने जो दवा भेजी है वह मिल गई है। उम्मीद है कि मरीजों के लिए वह दवा कारगर साबित होगी लेकिन यह दवा न तो हमारी जरूरत के लिए काफ़ी थी और न ही इससे बरक़त मिली। आप जानते हैं कि यहां अच्छे

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

दवाखानों की कमी है। मरीजों की तादाद में दिनों दिन इजाफ़ा हो रहा है। माजे के अखराजात भी बढ़ते जा रहे हैं। काफ़ी मिक़दार में और बरवक्त दवाई न मिलने की वजह से सख्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसी तरीक़े से चिट्ठी में आगे लिखा गया है कि दवाई की कमी की वजह से हमें मुश्किल का सामना न करना पड़े इस प्रकार का इंतज़ाम आप करें।..."

चिट्ठी* बहुत लम्बी है मैं चाहूंगा कि इसको सदन की टेबुल पर रख दूं ताकि यह सदन जान जाय और गृह मंत्री जी विशेष रूप से जानें कि वहां कश्मीर में कैसा षडयन्त्र रचा जा रहा है। इसमें कश्मीर पोलिटिकल कान्फ्रेंस की ओर से ईद मुबारक़ के दो कार्डों* के नमूने भी हैं जिनमें एक में मस्जिद का फोटो बना हुआ है और दूसरे पर श्री मुहीउद्दीन कारा की फोटो है। इन कार्डों के ऊपर पाकिस्तान जिंदाबाद आदि पाकिस्तान के पक्ष में नारे लिखे हुए हैं। तीसरा एक और कार्ड का नमूना है जो पोलिटिकल कान्फ्रेंस ने इमदादी फंड के लिए इमदादी रसीदें* जारी की हैं उसमें भी इसी तरह की खतरनाक चीजें लिखी हुई हैं। इकबाल का यह कलाम उसमें लिखा हुआ है कि हमारा चिराग जलता रहेगा और कोई उसे बुझा नहीं पायेगा। इन कार्डों में इसी तरह की और भी खतरनाक चीजें लिखी हुई हैं। इसीसे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आज कश्मीर के अन्दर पाकिस्तान ने क्या स्थिति पैदा कर दी है और पाकिस्तान वातावरण को कितना बिगाड़ना चाहता है?

उपाध्यक्ष महोदय, सन् 1961 की जनगणना के आंकड़े मैं आपसे बतलाते हुए कहना चाहता हूं कि सन् 1961 की जनगणना में जम्मू-कश्मीर राज्य की जो आबादी लगभग 36 लाख थी। इस 36 लाख की आबादी में से करीब 28 लाख 43 हजार 722 की आबादी कश्मीर घाटी की है। इसमें 23 लाख 39 हजार 939 के लगभग मुसलमान हैं। पांच लाख 3 हजार 783 के लगभग हिन्दू हैं। पिछले 20 वर्षों में अब तक कश्मीर घाटी में ही नहीं, पूरे जम्मू व लद्दाख के अन्दर कोई घटना इस प्रकार की नहीं घटी जो कि विशेष रूप से वहां पर साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ाने वाली हो या साम्प्रदायिक वैमनस्य को पैदा करने वाली हो। लेकिन 1967 के अगस्त महीने में जो योजनाबद्ध ढंग से अभी पीछे परमेश्वरी नाम की लड़की के अपहरण और मुस्लिम युवक से ज़बरदस्ती विवाह कांड को लेकर जो भयंकर घटना हुई है उसने कश्मीर को ही नहीं, वरन् सारे भारत को पूरी तरह से हिला दिया। उससे लगता है कि कश्मीर का वातावरण जो पिछले 20 सालों में था अथवा कश्मीर राज्य की जो सम्प्रदाय निरपेक्ष स्थिति रही उसको भी आघात पहुंचा है। मैं उस केस की तह में नहीं जाना चाहता क्योंकि वह केस अदालत में है। मैं उसकी मैरिट्स पर नहीं जाना चाहता। लेकिन मैं इतना अवश्य कहना चाहता हूं कि उस लड़की की बूढ़ी विधवा मां ने प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी, श्री यशवन्तराव चव्हाण के दरवाजे से लेकर छोटे से छोटे व्यक्ति तक के दरवाजे को खटखटाया और अपनी नाबालिग़ कन्या को लौटाने की भीख मांगी। 24 अगस्त को जिस समय मैजिस्ट्रेट के कोर्ट में फैसला होने वाला था और यह स्थिति थी कि मैजिस्ट्रेट किसी प्रकार से उस नाबालिग़ लड़की के सम्बन्ध में अपना ठीक निर्णय देंगे तो मैजिस्ट्रेट के कोट को घिरवा दिया गया और मैजिस्ट्रेट वहां पर अपना निर्णय न ले सके। विवश हो कर मैजिस्ट्रेट को अपना कोर्ट श्रीनगर छावनी के अन्दर ले जाना पड़ा। इस सिलसिले में उपाध्यक्ष महोदय, जो बात मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं, वह यह कि 13 अगस्त से लेकर 27 अगस्त तक श्रीनगर शहर में मालूम यह पड़ता था कि कोई राज नहीं है और कोई सरकार यहां पर काम नहीं कर रही है। इन दिनों श्रीनगर में जो लूट, छुरेबाजी, हत्या और बलात्कार की

*The Speaker not having subsequently accorded the necessary permission, the documents were not treated as laid on the Table.

घटनायें हुई हैं, उन घटनाओं ने अमृतसर के जालियांवाले बाग़ के कांड को भी मात कर दिया।

आपको पता होगा कि महिलाओं का जिस समय जलूस निकला उस जलूस के ऊपर तेज़ाब फेंका गया और पत्थर फेंके गये। श्री यशवन्त राव चव्हाण इस बात की साक्षी देंगे कि जब वह श्रीनगर आये थे तो क्या उनको वहां के कुछ लोगों ने बताया था कि तेज़ाब फेंकने वालों में जम्मू, कश्मीर राज्य के एक जिम्मेदार मंत्री का लड़का भी सम्मिलित था। जिसने कि इस प्रकार की घटनाएं वहां पर कीं। जो व्यक्ति पुलिस की गोलियों से वहां पर मरे तो उन मृतकों को जब श्मशान भूमि में जलाने के लिए ले जाया जा रहा था तो मृतकों के जलूस पर भी इसी प्रकार से हमला किया गया और मृतकों को जलाने तक के अन्दर भी इसी प्रकार की बाधा उत्पन्न की गई। इन सब कामों को करने में कश्मीर आर्म्ड पुलिस और होमगार्ड्स का पूरा हाथ था। काश्मीर में होमगार्ड्स को खुली छूट इस तरह की हरकतों को करने की दे रक्खी है। मैं श्री यशवन्त राव चव्हाण की जानकारी के लिए कहना चाहता हूं कि आज श्रीनगर के अन्दर जो एक नई शिव सेना बन गई है उसमें एक का नाम वहां पर होम गार्ड है और दूसरी का नाम फ़ील्ड सर्विस आर्गेनाइज़ेशन है। होमगार्ड्स में 7000 व्यक्ति हैं जिन पर लगभग 60 लाख रुपया व्यय होता है और दूसरी कश्मीर की शिव सेना जिसका नाम फ़ील्ड सर्विस आर्गेनाइज़ेशन है उसके 2000 सदस्य हैं जिन पर कि 30 लाख रुपया व्यय होता है। क़रीब 90 लाख रुपया इन पर खर्च किया जा रहा है। इनका काम क्या है? कांग्रेस के बाहर से गये नेताओं की सभा में हाजिरी बढ़ाना उनकी सभाओं में भीड़ करने का काम वह करते हैं। जनता पर वह दबाव डालते हैं और उसे चुनाव के अन्दर काम में लाते हैं। इसी प्रकार के जो दंगे फसाद वहां होते हैं उसमें अपने एजेंट के रूप में इस्तेमाल करते हैं। कश्मीर ऐक्शन कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर इस लड़की के कांड को लेकर जो वहां पर वारदातें हुई हैं मैं उनके विस्तार में न जाकर संक्षेप में आपको कहूं तो केवल इतना कह सकता हूं कि इस सारे कांड में 57 बार वहां पर लाठी चार्ज हुआ। 143 बार टियर गैस, अश्रु गैस का इस्तेमाल हुआ। 5 बार महिलाओं पर तेज़ाब और पत्थर फेंक कर उन्हें घायल करने की घटनाएं हुईं। 5 बार जलूसों पर पथराव हुआ। 2,075 व्यक्ति घायल हुए। 6 आदमियों की मृत्यु हुई। 15 बार घर और दुकानें जलाई गईं। 12 बार लूटी गईं। इस तरह की घटनाएं यहां पर हो रही हैं और इन तमाम घटनाओं के बाद भी अगर भारत सरकार यह समझती है कि जम्मू कश्मीर की स्थिति बिलकुल ठीक है और पाकिस्तान अपने अनुकूल वातावरण बनाने में सफल नहीं हुआ है तो मैं नहीं समझता कि इससे बड़ी खतरनाक स्थिति और क्या हो सकती है? जहां यह हालत हो गई थी कि जलूसों पर तेज़ाब फेंका जा रहा था, गोलियां चलाई जा रही थीं, लाठियां चलाई जा रही थीं, वहां इंसानियत को भी दया उत्पन्न हो सकती थी। करुणा से मानवता का हृदय भी पिघल सकता था। लेकिन कश्मीर में जहां श्रीनगर की गलियों में यह सारी घटनाएं घटीं वहां इंसानियत ताक में रख दी गई थी। जो सरकारी अस्पताल थे वहां घायलों को भरती करने से इंकार कर दिया गया। जम्मू, कश्मीर की जो रेडक्रॉस सोसाइटी थी उसने घायलों को उठाने से इंकार कर दिया। उनके द्वारा घायलों को ऐम्बुलेंस देने तक से इंकार कर दिया गया।

अब यह कहा जा रहा है कि इस कांड के अन्दर जो घायल हुए थे उन की हम क्षतिपूर्ति करेंगे। लेकिन यह क्षतिपूर्ति उन्हीं लोगों की होगी जो सरकार अस्पतालों में भरती हुए, अन्यों की नहीं। पर सरकारी अस्पतालों में घायल होने वालों के भरती होने का यह नमूना रहा है जो कि मैंने अभी आप से निवेदन किया। वहां के लोगों की सब से बड़ी मांग आज यह है कि सारे कांड की जम्मू कश्मीर राज्य के बाहर के किसी सर्वोच्च न्यायालय के स्तर के निष्पक्ष न्यायाधीश द्वारा

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

उच्चस्तरीय जांच कराई जाय जिस से कि वस्तुस्थिति का देश को भी पता लगे और सरकार को भी पता लगे। लेकिन इस के साथ-साथ गृह मंत्री श्री यशवन्तराव चह्वाण से एक सीधा सवाल भी मैं करना चाहता हूं कि अब हिन्दू कश्मीर घाटी में रहें या वहां से चले जायें। अगर हिन्दू कश्मीर घाटी में रहें तो उन की सुरक्षा की आप की ओर से क्या व्यवस्था की जा रही है ? आप जब 2 सितम्बर को कश्मीर गये आप ने उन को क्या आश्वासन दिया था ? 3 सितम्बर को आप के और जम्मू कश्मीर के मुख्य मंत्री सादिक साहब का जो संयुक्त वक्तव्य निकला था उस वक्तव्य के अन्दर क्या बात थी ? आप ने किस प्रकार का आश्वासन दिया था ? मैं चाहूंगा कि आज गृह मंत्री श्री यशवन्तराव चह्वाण बतायें कि उन का आश्वासन वहां पर पूरा हुआ या नहीं हुआ ? आज तक उस अभागी विधवा मां की लड़की की स्थिति क्या है और वह कहां है ? ज़रा श्री यशवन्त राव चह्वाण इस सदन के द्वारा जम्मू काश्मीर के निवासियों और देशवासियों को बतायें ? भारत सरकार के गृह मंत्री के आश्वासनों की कोई कीमत है या नहीं ? सरकार की कश्मीर नीति में अगर किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है तो मैं गृह मंत्री से कहना चाहता हूं कि आज आप स्पष्ट रूप से संसद और देश को बतलायें कि क्या आप की नीति वही है जो 20 वर्ष पहले थी या 20 साल के बाद आप की नीति में किसी प्रकार का परिवर्तन हुआ है ? अगर श्री राजेश्वर राव की नीति में परिवर्तन हुआ है तो उन की बात तो मैं समझ सकता हूं। क्योंकि आज रूस के अन्दर कोसीगिन हैं आज रूस के अन्दर स्वरुश्चेव नहीं हैं। स्वरुश्चेव के समय में कश्मीर के सम्बन्ध में उन की नीति और थी और आज कोसिगन की नीति कुछ और है।

सादिक साहब की बात भी एक बार समझ में आ सकती है, जिन के चिन्तन की धारा लगभग वही है। यही सादिक साहब थे, याद होगा कांग्रेस के सदस्यों को, डा० रामसुभग सिंह को, जब 20 अप्रैल, 1964 को कांग्रेस एम० पीज़ के अन्दर वह बयान दे कर गये थे कि संविधान की धारा 370 लगी रहने से जम्मू और कश्मीर के अन्दर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। उस धारा को एक दम हटाया जाये। आज वही जम्मू और काश्मीर के मुख्य मंत्री सादिक साहब हैं जो कहते हैं कि धारा 370 के हटाये जाने से काश्मीर में बहुत भारी विनाश हो जायेगा। उन की बात समझ में आ सकती है क्योंकि उन के सोचने का ढंग दूसरा है। यह भी मैं समझ सकता हूं जम्मू और काश्मीर राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष मीर कासिम ने संयुक्त राष्ट्र संघ में जो वक्तव्य दिया था, वह वक्तव्य सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने छापा है। उन्होंने कहा था कि काश्मीर की जनता ने अपनी किस्मत का फैसला कर लिया है। 31 अक्तूबर को जम्मू और काश्मीर विधान सभा में जो वक्तव्य दिया उस में उन्होंने सारे कांड की ज़िम्मेदारी इस पर डाली कि देश के दूसरे हिस्सों में इसी प्रकार की घटनायें हो रही हैं, यह उसी की प्रतिक्रिया है। कासिम साहब के, जो कि कांग्रेस के अध्यक्ष वहां हैं, इस प्रकार के बयान दें। सुनने वाले और कहने वाले तो यहां तक भी कहते हैं, मेरे पास कोई अधिकृत प्रमाण तो नहीं है कि एक बार क्रोध में आ कर उन्होंने यह भी कह दिया कि हम ने 1947 में कबाइलियों का सामना किया और 1967 में बनिहाल की ओर से आने वाले शत्रुओं का भी सामना करेंगे। परन्तु यह सारी बातें मैं एक बार समझ सकता हूं। लेकिन जो मेरा स्पष्ट सवाल है, श्री यशवन्तराव चह्वाण से, वह यह है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी ने मंगला बांध पर अय्यूब साहब को जो बधाई दी, उस का क्या मतलब है ? उप-प्रधान मंत्री श्री मोरारजी देसाई ने मंगला बांध के उद्घाटन समारोह में भारत के हाई कमिश्नर के जाने के सम्बन्ध में वकालत करते हुए यहां पर कहा कि भारत

पाकिस्तान के साथ अपने सम्बन्ध सुधारना चाहता है। आखिरकार आप के इन वक्तव्यों के पीछे क्या रहस्य है ? अगर कोई विशेष रहस्य है तो आप सदन को बतलाइये, देश को बतलाइये कि आप की इच्छा क्या है।

वह जो आप के 16 हजार रुपये माहवार के मेहमान दिल्ली में बैठे हुए हैं जम्मू काश्मीर के क्या उन को आप छोड़ रहे हैं ? अगर आप छोड़ने को तैयार हैं तो सच्ची बात बतलाइये कि आप शेख को छोड़ना चाहते हैं या काश्मीर को छोड़ना चाहते हैं। इरादे आप के क्या हैं ? अगर यह स्थिति आप की नहीं है तो मैं दूसरी बात आप से पूछना चाहता हूं बड़ी स्पष्ट भाषा में कि आज अमरीका और रूस के दबाव के कारण भारत सरकार कहीं अपना मन तो डुलाने नहीं जा रही है ? अपने स्टेन्ड में परिवर्तन करने तो नहीं जा रही है ? कहीं भारत सरकार की नीति यह तो नहीं है कि पहले शेख को छोड़ा जाये, और कुछ दिन के बाद काश्मीर घाटी को उन के हवाले कर दिया जाये। पहले कुछ विशेष विषय दिये जायें और धीरे-धीरे इसी प्रकार से उन के सब इरादे पूरे किये जायें ? अगर यह स्थिति है तो मैं श्री यशवन्तराव चह्वाण से पूछना चाहता हूं, और मैं ही नहीं, देश पूछना चाहता है कि फिर आप ने इस अभागे मुल्क का अरबों रुपया जम्मू और कश्मीर के सम्बन्ध में क्यों पानी की तरह बहाया ? हजारों बहनों के सुहाग का सिन्दूर आप ने क्यों पोंछा ? अगर आप को इसी तरह की स्थिति पर पहुंचना था ? कांग्रेस के माथे पर दो पाप ऐसे हैं, आप जिनको सहस्त्राब्धियों तक नहीं धो सकेंगे। एक पाप भारत के विभाजन का और दूसरा पाप देश में भाषावार प्रान्तों के निर्माण का। बराय मेहरबानी इतिहास का तीसरा कलंक अपने माथे पर मत लगाइये कि इस प्रकार से अरबों रुपये व्यय करने के बाद और इतने बलिदानों के बाद काश्मीर के सम्बन्ध में ऐसी स्थिति भी आ गई। मैं आप से एक बात और कहना चाहूंगा। जम्मू और काश्मीर राज्य की जो स्थिति है वह जहां भारतवर्ष के लिये चुनौती है वहां जम्मू और काश्मीर राज्य का आन्तरिक वातावरण भारत में केन्द्र की कांग्रेस सरकार के लिये एक अग्नि-परीक्षा भी है। मैं अग्नि-परीक्षा का शब्द जान बूझ कर प्रयोग कर रहा हूं। अग्नि-परीक्षा इस लिये कि आज जम्मू और काश्मीर विधान सभा में 75 सदस्य हैं। उन में से दो स्थान खाली हैं। 73 सदस्यों में से विधान सभा में 26 सदस्य वह हैं जो निर्विरोध चुन कर भेज दिये गये हैं। 13 व्यक्ति विरोधी दल के हैं। इस तरह 73 सदस्यों में से चौंतीस शेष आदमियों को बहुमत में मान कर सरकार उन के हाथों में दी हुई है। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर पश्चिम बंगाल और यहां की स्थिति में अन्तर क्या है ? पश्चिम बंगाल के केस का आप इस लिये समर्थन करते हैं कि वहां पर चीन समर्थक नारे लगने लगे थे, हिंसा की घटनायें बढ़ गई थीं। मैं श्री चह्वाण साहब से पूछना चाहता हूं कि क्या जम्मू और काश्मीर में पाक समर्थक नारे नहीं लग रहे हैं ? हिंसा, लूट-पाट, तोड़-फोड़ और बलात्कार की घटनायें वहां नहीं हो रही हैं ? अगर इस प्रकार के काम करने पर आप बंगाल को संभाल सकते हैं, बंगाल का पक्ष ले सकते हैं, तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि जम्मू और काश्मीर की स्थिति उस से भी बदतर है। श्री भगवान सहाय, जो इस समय वहां राज्यपाल हैं, उन्होंने कहा कि जम्मू काश्मीर के सम्बन्ध में मैं भारत सरकार को किसी प्रकार की कोई सिफारिश राष्ट्रपति शासन की करने के लिये नहीं जा रहा हूं। मैं बड़ी नम्रता से निवेदन करता हूं कि सरकारी कर्मचारियों को इस प्रकार के राजनीतिक वक्तव्य देने की आदत मत डालिये, वर्ना यह आगे चल कर आप को और देश को भी भारी पड़ने वाली है। वह स्थिति को जान-बूझ कर अपनी आंखों से ओझल करना चाहते हैं। एक ही तरीका जम्मू और काश्मीर को बचाने का है, और वह यह कि भारतीय संविधान की गली-सड़ी धारा 370 को एकदम समाप्त कर के जम्मू और काश्मीर में

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। यही जम्मू और काश्मीर की समस्या का समाधान है।

मैं अपने वक्तव्य को उपसंहार की ओर ले जाते हुए दो-तीन बातें और भी कहना चाहता हूं। एक तो यह कि राज्य की आन्तरिक स्थिति बिगाड़ने के लिये दोषी हैं कौन? जम्मू और काश्मीर की जो सरकार है उसी की वजह से राज्य के अन्दर इस प्रकार की भयंकर स्थिति उत्पन्न हो गई है। 1965 का संघर्ष क्यों हुआ? 1965 के संघर्ष से पहले के कुछ जिम्मेदार पाकिस्तानी अधिकारियों को जिनमें से मैं एक-एक व्यक्ति का नाम नहीं लेना चाहता, जम्मू और काश्मीर में आने और ठहरने का मौका दिया गया। एक हैं आगा शौकत, जो डिप्टी डाइरेक्टर आफ इन्फर्मेशन, पश्चिमी पाकिस्तान थे, वहां पर आये और आ कर रहे। दूसरे हैं ख्वाजा गुलाम मोहम्मद, यह आजाद काश्मीर के पहले फाइनेन्स मिनिस्टर थे और अब पाकिस्तान के डाइरेक्टर इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट हैं। वह 1965 से पहले आये और आ कर वहां रहे। तीसरे हैं आशिक हुसेन, यह भी 1947 से पहले सोपर में मुंसिफ थे और अब पाकिस्तान में डिस्ट्रिक्ट जज हैं। यह उन दिनों वहां पर आये। चौथे हैं शेख मुहीउद्दीन जो पाकिस्तान में इनकम टैक्स आफिसर हैं, वह भी आये। इसी तरह से गुलाम मुहम्मद, जो पाकिस्तान में जज हैं, वहां आये। इस प्रकार के खतरनाक व्यक्ति वहां आ रहे हैं और खुल्लम-खुल्ला रह रहे हैं तथा जो भी कार्यवाही करना चाहते हैं वह कर रहे हैं। भारत सरकार कानों में तेल डाले हुए बैठी है और समझती है कि जम्मू और काश्मीर में ला एण्ड आर्डर सिचुएशन बिल्कुल ठीक है। क्या यही तरीका है काम करने का?

आप ने जो कांग्रेस वहां बनाई है, उस की स्थिति क्या है? विस्तार से मैं नहीं कहना चाहता किस प्रकार से वहां की कांग्रेस सम्प्रदायवाद और साम्यवाद का गढ़ बन चुकी है। मेरे पास एक लम्बी लिस्ट है, जो कि प्लेबिसाइट फ्रंट के लोगों की है। जम्मू और काश्मीर की तहसील कांग्रेस का प्रेजिडेंट कौन है, मोहल्ला कांग्रेस कमेटी का प्रेजिडेंट कौन है, यह अगर आप देखें तो आप को अनुमान हो जायेगा कि वहां की स्थिति क्या है। अगर आप चाहें तो मैं उस को यहां टेबल पर रख सकता हूं। क्या इस तरह की स्थिति में आप जम्मू और काश्मीर को बचायेंगे। मैं आप से सीधा सवाल करना चाहता हूं कि क्या आप के पास कोई इस प्रकार की सूचना भी है कि 1947 में कुछ इस प्रकार के लोग गिरफ्तार किये गये थे जो कि उस समय पाकिस्तान का साथ दे रहे थे, और आज वही राज्य के अन्दर बड़े-बड़े ओहदों पर बिठला दिये गये हैं? क्या आप के पास इस प्रकार की जानकारी है कि आज जनमत संग्रह मोर्चे के जो लोग हैं वह कांग्रेस में घुस कर पीछे से कमर में छुरा भोंकने के लिये तैयारी कर रहे हैं? क्या आप के पास इस प्रकार की जानकारी है कि साम्यवादियों के बड़े-बड़े नेता आज जम्मू और काश्मीर में जा कर राजकीय मेहमान बनते हैं और वहां जा कर अपनी सारी योजनायें बनाते हैं।

मैं इन तमाम बातों से भी आगे बढ़ कर एक और खतरनाक चीज आप की निगाह में लाना चाहता हूं। आप हिन्दुस्तान से जो भारी मात्रा में अन्न जम्मू और काश्मीर में भेज रहे हैं या जो कपड़ा सस्ते दामों पर भेजा जा रहा है, वह उस के सम्बन्ध में है। मैं आप को एक-एक वर्ष के आंकड़े नहीं देना चाहता फिर भी तीन वर्ष के कुछ आंकड़े जरूर रखना चाहता हूं। उस से आप सही स्थिति का अनुमान लगा सकेंगे। 1963 में राज्य का उत्पादन था 641 हजार टन और केन्द्रीय सरकार ने जो अन्न भेजा वह था 62 हजार टन। 1964 में राज्य का उत्पादन था 603 हजार टन और सेंट्रल गवर्नमेंट से जो अन्न दिया गया वह था 63 हजार टन। 1965 में राज्य का उत्पादन था 533 हजार टन और केन्द्र से गया 1 लाख 51 हजार टन। इसी तरह से 1966 में यहां से गया 1 लाख 29 हजार

टन । अगर आप इस में राज्य से पैदा हुए अन्न और केन्द्र द्वारा भेजे गये गेहूं को मिला लें और फिर काश्मीर की आबादी में उस को बराबर बराबर बांट दें, तो किसी भी व्यक्ति को जम्मू काश्मीर और लद्दाख में दूकानों के सामने लाइन लगा कर खड़े होने की जरूरत नहीं है । मेरा सीधा-सा सवाल है कि वह गल्ला कहां गया जो यहां से सस्ते दामों पर भेजा गया ? आप यहां से भेजते हैं जम्मू और काश्मीर के लिये, लेकिन वह गल्ला या उस का अधिकांश भाग सीमा से हो कर पाकिस्तान को पास हो रहा है जब कि आप यह सोचते हैं कि आप जम्मू और काश्मीर के लोगों की मदद कर रहे हैं ।

आप इस चीज से भी सावधान हो जाइये कि चीन और पाकिस्तान ने एक नया प्लेन तैयार किया है । वह इस्लामाबाद को आक्साई चिन से मिलाने का षड्यन्त्र कर रहे हैं और इस प्रकार की प्लेन से पाकिस्तान और चीन को नये मार्ग से मिलाया जा रहा है । दूसरी तरफ इधर यह स्थिति है कि जो जम्मू और काश्मीर के तपे हुए और परखे हुए नेता हैं, जो कि बगल में कांग्रेस की बेंचों पर बैठते हैं लद्दाख के माने हुए नेता हैं, उन की कोई सुनता नहीं है । कुशक बकुल जैसा व्यक्ति यहां बैठा है । पिछले सत्र में प्रेस को एक वक्तव्य उन्होंने दिया था जो लद्दाख के लोगों के मन की टीस बताता था । मैं जानना चाहता हूं क्यों उन के मुकाबले में 16 साल के लड़के को ला कर उन की पर्सनेलिटी को चैलेन्ज किया जाय और ऐसे व्यक्ति को, जिस के लिये सारा लद्दाख माथा झुकाता है, आघात पहुंचाया जाये ? इन ही तरीकों से आप जम्मू और काश्मीर की रक्षा करना चाहते हैं ? क्या इस तरह से आप देश के मस्तक काश्मीर को बचा सकेंगे ?

मैं ज्यादा आगे न बढ़ता हुआ अपने वक्तव्य को समाप्त करता हुआ कुछ आवश्यक सुझाव देना चाहता हूं । सब से पहला सुझाव यह है कि संविधान की धारा 370 को समाप्त कीजिये, दूसरे काश्मीर में राष्ट्रपति शासन तत्काल लागू कीजिये और अगस्त कांड की निष्पक्ष जांच कीजिये । इस के अतिरिक्त मैं यह सात सुझाव और देना चाहता हूं :

(1) पाकिस्तानी तत्वों का सफाया करने में केन्द्रीय सरकार किसी प्रकार की दया न दिखाए;

(2) जो नाबालिग हिन्दू लड़की है उसे वापस किया जाये, जिससे जम्मू और काश्मीर राज्य के अन्दर साम्प्रदायिक तनाव की जो स्थिति बनी हुई है, उस में कमी हो;

(3) वहां पर जो अकर्मण्य और दोषी अधिकारी हैं, जिन को मंत्री महोदय भी जानते हैं, उन का एकदम तबादला कर दिया जाये, वर्ना राज्य की स्थिति बद से बदतर होती चली जायेगी;

(4) काश्मीर आर्म्ड पुलिस की नये सिरे से जांच कराई जाये और यह देखा जाये कि कहीं देश-विरोधी तत्व तो उसमें प्रविष्ट नहीं हो गए हैं;

(5) होम गार्डज और फील्ड सर्विस आर्गेनाइजेशन को तत्काल समाप्त किया जाये । इस तरह से मुख्य मंत्रियों को नई-नई सेनायें बनाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये;

(6) अगस्त कांड के शिकार व्यक्तियों को मुआवजा दिया जाये; और

(7) जम्मू, काश्मीर और लद्दाख को उन की जनसंख्या के अनुपात से नौकरियों में प्रतिनिधित्व दिया जाये, ताकि किसी के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो सके ।

इन शब्दों के साथ मैं अपने प्रस्ताव को उपस्थित करता हूं और उस के साथ ही मैं विशेष रूप से यह निवेदन भी करना चाहता हूं कि बीच में मैंने टेबल पर रखने

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

के लिये कुछ कागजात भेजे, लेकिन आप ने हाथ हिला दिया । वे इतने गम्भीर डाकुमेंट्स हैं कि अगर देश और सदन उन से परिचित नहीं होंगे, तो उन को जम्मू और काश्मीर की वास्तविक स्थिति का सही ज्ञान नहीं हो पायेगा । मेरा अनुरोध है कि आप उन को सदन की टेबल पर रखने की इजाजत दें । इस में कोई छिपी हुई बात नहीं है । मैं उन को यहां पढ़ चुका हूं । इस लिये उन को सदन की टेबल पर रखने की अनुमति आप को देने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The hon. Member knows that there are certain rules regarding placing documents on the Table of the House. If the hon. Member so desires, I will ask the office to see them and then they might be kept in the Library, not here on the Table.

SHRI RANGA (Srikakulam) : Placing in the library is not the same thing as placing it on the Table.

MR. DEPUTY-SPEAKER : What I meant was, they will be examined by the Secretary...

SHRI RANGA : Please do not bring in the Secretary in this. Whatever is to be done has to be done in the name of the Chair.

MR. DEPUTY-SPEAKER : All right, the Chair will examine them. The authenticity of the documents, whatever documents are bandied about —some Members say that they will place them on the Table—has to be varified. It will have to be verified whether it is proper or not to place them on the Table. According to rules we have to examine every aspect and then only I can give the final permission. That does not mean automatically I will give the permission. Motion moved :

> "That the situation arising out of the serious threat to national security forced by the recent inflex of Pakistani infiltration into Kashmir and the spate of incidents in the State evidencing a determined bid by pro-Pak agents to sub-vert the peace of the State, be taken into consideration."

SHRI D. N. PATODIA (Jalore) : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the problem of Kashmir whether it relates to Pakistani infiltration or anti-social elements can, in my opinion, be best discussed in the broader context of political, social and economic atmosphere prevailing in the Valley for the last twenty years after independence and more particularly, after the Sadiq Government was imposed on the State.

The complicated nature of this Kashmir problem, in my opinion, today reflects the economic frustration and resentment against the corrupt Government in the State, on the one hand, and the weak central administration and the various political blunders made by the Indian Government, on the other, over the last twenty years. Although India has spent crores of rupees in the Valley most of this money has been drained out and spent in the form of giving subsidies and doles, and it is very unfortunate to find, going into the Valley and travelling around, that not even one meaningful employment opportunity has been created in the course of the last twenty years. Kashmiris, by and large, remain today as poor as before. If you go round the Valley you see opportunities of tannery, of timber work, orchards and various other industries which can be developed. But, unfortunately, none of these industries have been developed in twenty years and money has been wasted.

On the other hand, with the growth of population and more and more educated young men coming out of colleges resentment has grown. The educated youth became resentful about not getting employment and became frustrated against the Government. Against this political background, against this economic background, after the recent elections a Congress Government was imposed upon the State. Congress was a new party. On account of the wrong leadership, on account of the party not being associated with the national senti-

ments of the State, it could not get popular backing. Mr. Sadiq, his previous history known to most of us, being sometimes associated with anti-social activities, had permitted himself to be dragged in different directions in order to beg popularity. Sometimes he permitted to be dragged into the direction of favouring a certain particular community, sometimes some other community. As a result, his administration completely failed. Under this administration, we know what happened in the last elections. As my hon. friend, Shri Prakash Vir Shastri has stated, as many as 26 members were elected uncontested. It is known to all the Members of the House, including the Home Minister, Shri Chavan, the manner in which the nominations were rejected, the nomination papers of non-Congress party members were rejected, the manner in which the Government machinery was used only to see that the Congress Party candidate, the party which was imposed upon this State, gets elected into the State Legislature.

SHRI RANGA : Even Dr. Karan Singh had to protest against it.

SHRI D. N. PATODIA : With this background, I will come to the recent events, recent disturbances, recent pro-Pakistani incidents and raising anti-Indian slogans which have appeared there, as a clear reflection of weak and corrupt and ineffective administration. The communal trouble, which never happened in the Kashmir Valley during the last twenty years, why did it happen now ? Pandit community, Muslim community and Hindu community, they used to live together in harmony for the last so many years. Why all of a sudden, about four months back they became so communal in character that there were excesses committed by all the communities ? The problem of the Pandit community, relating to the incident of the girl, pointed out by Shri Prakash Vir Shastri was, in my opinion, a pure and simple administrative problem, which could have been tackled very effectively by acting promptly and taking stern action. It was deliberately, on account of the weak administration, given a communal colour and excesses were committed and brutal assaults were made on females and ladies and children, never heard in the history of democracy anywhere in the world. Similarly, thereafter, when the turn came of the Muslims, equally brutally they were lathi-charged, equally brutally firing was done on that community. It is the Sadiq Government which is unpopular, not only with the Hindus, not only with the Pandit community but also with the Muslims; the entire Kashmir community hates this Government and the entire Kashmir community feels today that the Sadiq Government is not in a position to deliver the goods.

Now, with this background, comes the problem of Pakistani infiltration, comes the problem of new anti-national, anti-social elements raising their heads. It is not very correct to say that the people who crossed over the borders in 1965 are now coming back and they are Indian citizens and, therefore, they are loyal. Their loyalty is very much to be doubted. The people who crossed over the frontiers two years back, who were brain-washed by Pakistan for two years and possibly bribed by paying money, their loyalty cannot be taken for granted. They were waiting for an opportune time. It was a deliberate game to select a proper timing for these anti-social elements to be migrated back to Indian territory, and they found that on account of the weak administration of the Sadiq Government, this is the proper time when they should avail the opportunity to go to the Indian territory. On that provocation, backed by Pakistani money and brain-washed by the Pakistani elements they are coming back to India with the ultimate object of creating trouble and because they are Kashmiris, speaking the same language and having the same habits, they cannot be identified. So, for the first time, anti-national, anti-social, pro-Pakistani elements are raising their heads on such a magnitude in this State, which was never known before. For the first time, people are parading in the streets, shouting "Ayub zindabad", shouting "Indian leaders murdabad", which has never been heard

[Shri D. N. Patodia]

before. But, then, it has been tolerated and the Sadiq Government has proved to be absolutely ineffective.

For the first time, a very peculiar situation arose in Kashmir. The troops and police belonging to the two different States, on account of wrong handling by the administration, were permitted to be carried away by communal frenzy. Still, we are hoping that this Government will be able to deliver the goods. I beg to submit that under these circumstances a grave situation has arisen in this State which demands very effective administrative handling, which demands a clean and pure administration, which demands anti-social elements to be suppressed, checked and curbed.

This Government is not capable of doing it. A situation has arisen when we must all rise above the level of parties. For the sake of Kashmir State a leadership belonging to all the parties, truly national in its character, must emerge. A government under that national leadership must function in that State. That government alone will be effective and will be able to deliver the goods. I hope that the hon. Home Minister will accept these suggestions.

श्री अमृत नाहटा (बाड़मेर) : उपाध्यक्ष महोदय, काश्मीर का नाम लेते ही हमारे दिलों की अंतरतम गहराइयों को वह छू लेता है। सिर्फ इस लिये नहीं कि वह इस धरती पर स्वर्ग है, सिर्फ इस लिये नहीं कि वह हमारे देश का भाग है सिर्फ इस लिये नहीं कि वहां की जनता ने बहादुरी से वहां पर मुजाहिदों से टक्कर ली है बल्कि इस लिये भी कि वह एक जिन्दा जाति का सबूत है हमारे हिन्दुस्तान के सब से शानदार आदर्श का जिसे हम कहते हैं धर्म-निरपेक्षता काश्मीर एक ऐसी धरती है हमारे देश की जहां हमेशा से हिन्दू और मुसलमान सभी जातियों, धर्मों और सम्प्रदायों के लोग बराबर हिलमिल कर रहते आये हैं आज हम सब देशवासियों के लिये एक बड़े शर्म की बात है, जिस से कि हमारा सिर झुक जाता है कि उस साम्प्रदायिक एकता को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। वहां पर एक बार फिर साम्प्रदायिक भावनाओं को उभारा जा रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, काश्मीर हमारे देश का एक बहुत ही सेंसिटिव क्षेत्र बन गया है। मैं यह मानता हूं कि काश्मीर में षड्यंत्र हो रहा है न सिर्फ हमारे देश के लोगों द्वारा, न सिर्फ पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा, पाकिस्तानी जासूसों द्वारा बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय पैमाने पर जो कि सक्रिय एजेंसियां हैं, जिसमें सी० आई० ए० भी शामिल हैं वह लोग भी सक्रिय रूप में इस बात की कोशिश कर रहे हैं कि काश्मीर में उपद्रव खड़े किये जायें, साम्प्रदायिक दंगे कराये जायें, साम्प्रदायिक झगड़े फैलाये जायें और ऐसी स्थिति पैदा की जाये कि काश्मीर की स्थिति संभाली न जा सके और फिर यह कहा जाये कि काश्मीर हिन्दुस्तान का नहीं है, काश्मीर पाकिस्तान का है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे उधर बैठने वाले दोस्त कौटिल्य और मैकाइविले को अपना गुरु मानते हैं। मैं उन को कहूंगा कि वह एक सब से बड़ा सबक कौटिल्य और मैकाइविले से जो लें वह यह कि आप ऐसा कोई काम न करें जिस से कि दुश्मन को फायदा पहुंचे। आप के इस प्रकार के प्रचार से पाकिस्तान की जो प्रापेगेंडा मशीनरी है उस में आप तेल डाल रहे हैं, आप उसकी मदद कर रहे हैं। आप यह बताना चाहते हैं कि आप के दिलों में यह विश्वास नहीं है कि मुसलमान हिन्दुस्तान के प्रति वफादार हो सकते हैं। अगर जो आप दिल में मानते हैं वह सही है तो फिर काश्मीर पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। लेकिन हम यह मानते हैं कि हिन्दुस्तान की धरती पर, काश्मीर की धरती पर रहनेवाला चाहे वह हिन्दू हो चाहे मुसलमान हो वह हमारा प्यारा भाई है और वह इस देश पर उतना ही हक रखता है जितना दूसरा कोई रख सकता है और इस लिये काश्मीर हमारा है। अगर आप यह समझते हैं कि काश्मीर में रहनेवाले जो घुसपैठिये हैं वह देश के प्रति सिर्फ वही गद्दार हैं, उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना

चाहता हूं कि गद्दार का कोई मजहब नहीं होता। जो गद्दार है वह न हिन्दू है न मुसलमान है, वह गद्दार है। बहुत मुमकिन है, आज इस खूबसूरत घाटी की साम्प्रदायिक एकता को खत्म करने के लिये जिस प्रकार का जहर उगला जा रहा है, उस के प्रति मैं अपने दोस्तों को सावचेत करना चाहता हूं, हो सकता है, मैं नहीं इनकार करता कि कहीं कुछ ज्यादती हुई हो, पुलिस पुलिस है चाहे वह काश्मीर की हो चाहे बिहार की हो, आप कहते हैं कि राष्ट्रपति शासन स्थापित किया जाये, क्या रांची में जब दंगे हुए, भाषा के सवाल पर और वहां शांति व्यवस्था भंग हो गई और वहां बुरी तरह से लोगों को गोलियों से भुना गया, तो क्या आप कहेंगे कि वहां राष्ट्रपति शासन स्थापित किया जाये ? मैं आप से पूछना चाहूंगा कि कौनसा राज्य है हमारे देश में कि जहां वक्तन-फवक्तन इस प्रकार के सवाल नहीं उठ खड़े होते हैं जहां वक्तनफवक्तन इस प्रकार के कुछ दंगे की या अशांति की स्थिति पैदा नहीं होती ? वहां की सरकार जो संवैधानिक रूप से कार्य कर रही है कौनसी ऐसी अव्यवस्था आ गई, कौनसा ऐसा संवैधानिक संकट आ गया जिससे आप कहते हैं कि राष्ट्रपति शासन स्थापित किया जाये ? सिर्फ यही चाहते हैं न कि पाकिस्तान कल को यह कहे कि देखो हिन्दुस्तान ने काश्मीर में जम्हूरियत को खत्म कर दिया। पाकिस्तान दुनिया के सामने यह कहेगा कि हिन्दुस्तान के लोग हिन्दू साम्राज्यवाद के लोग जम्हूरियत को काश्मीर में जिन्दा नहीं रहने देना चाहते। मैं आप से यह कहना चाहता हूं कि इस तरह आप अपने दुश्मन के हाथ में खेल रहे हैं। आप के पास कोई शिकायत हो, कोई ज्यादती हुई हो किसी के साथ जुल्म हुआ हो तो आप बेशक सरकार के सामने उसे लायें लेकिन ऐसी कोई बात न करें, कोई वातावरण ऐसा पैदा न करें कि जिस से उस घाटी की साम्प्रदायिक एकता खत्म हो और आप अपने दुश्मन के प्रचार की मशीनरी में और अधिक तेल डालें और आप जाने या अनजाने, चाहे या अनचाहे दुश्मन के हाथों में खेलें।

आप कहते हैं क 370 हटा दी जाय। शनैः शनैः बराबर धीरे-धीरे काश्मीर और हिन्दुस्तान की एकता नजदीक आती जा रही है। आज वहां सदरे रियासत नहीं है, गवर्नर है।.....(**व्यवधान**).....सुनिये, सुनिये। बराबर काश्मीर नजदीक आ रहा है। आज एलेक्शन कमीशन का क्षेत्र काश्मीर तक बढ़ाया गया है। आज काश्मीर का प्राइम मिनिस्टर नहीं है जैसे दूसरे राज्यों में मुख्य मंत्री हैं वैसे ही काश्मीर में भी मुख्य मंत्री है। अगर आप चाहते हैं कि वहां की जनता और हिन्दुस्तान की जनता एक-दूसरे के नजदीक आये, और हम दिलों से कह सकें कि काश्मीर की जनता के दिल और सारे हिन्दुस्तान की जनता के दिल एक हैं तो आप उन के दिलों को जीतिये। केवल विधान की धाराओं को मिटाने से आप वहां की जनता का हृदय नहीं जीतेंगे। बल्कि आप अपने इन कार्यों से, अपने इस जहरीले प्रचार से उन लोगों को यह बता रहे हैं कि जैसे वह हमारे नहीं हैं, जैसे वह अपने से दूर हैं। आप अपने कार्यों से यह साबित कर रहे हैं कि आप का काश्मीर की जनता में विश्वास नहीं है। इस लिये उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने विरोधी दोस्तों से एक बार फिर अपील करूंगा कि वह बहुत गम्भीरता से इस सवाल पर सोचें और ऐसा कोई कार्य न करें कि जिस से वह साम्प्रदायिक आग में और ज्यादा घी डालें।

श्री य० द० शर्मा (अमृतसर) : अध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात बड़े दुख के साथ कहनी पड़ती है कि काश्मीर के संबंध में यहां पर पीछे गत 4 अप्रैल की कार्यवाही में विदेश मंत्री सरदार स्वर्ण सिंह और इसी तरह से 17 मई की कार्यवाही में गृह मंत्री श्री नन्दा जी ने कुछ वक्तव्य दिये थे और एक "सब अच्छा है" का बड़ा अच्छा प्रभावशाली चित्र खींचा गया था कि सब घुसपैठिये लौटा दिये गये हैं, अब काश्मीर के अन्दर सब अच्छा है, सब प्रकार की शांति है लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि हमारी सरकार कुछ ऐसे कल्पना के जगत में रहने की आदी हो गई है अथवा

[श्री य० द० शर्मा]

इस सारे सदन को या देश के लोगों को धोखा देना उस की आदत का हिस्सा बन गया है, कह नहीं सकता कुछ । स्थिति दिन-प्रतिदिन इस प्रकार बिगड़ती चली जा रही है और आज जैसी काश्मीर के अन्दर विस्फोटक स्थिति है, माननीय सदस्य श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने आप के सामने उस का एक चित्र रखा, मैं यह समझता हूं कि सरकार सब प्रकार से वहां की स्थिति को संभालने में असमर्थ है । वहां के प्रदेश की सरकार जो है उसे तो हम निश्चित रूप से वहां की स्थिति को संभालने के लिये अयोग्य, अक्षम और सब प्रकार से अप्रभावी महसूस करते हैं लेकिन बड़ा दुख उस समय होता है जब केन्द्र की सरकार को भी बिलकुल इस मामले में दर्शक के रूप में बैठा हुआ हम देखते हैं। पीछे जितनी स्थिति काश्मीर के अन्दर हुई केन्द्र की सरकार कुछ नहीं कर पाई। हमारे देश की प्रधान मंत्री महोदया पूर्वी योरप की यात्रा पर गई हुई थीं । माननीय गृह मंत्री महोदय यहां किसी मौन व्रत की साधना उन दिनों कर रहे थे और काश्मीर जल रहा था । एक ऐसी विचित्र स्थिति है । मेरे पास कुछ चीजें उन्होंने दी हैं । यह एक पत्र है कहीं किसी विदेश से आया है काश्मीर यूनिवर्सिटी के लिये और इस पर पता लिखा है—काश्मीर यूनिवर्सिटी, श्रीनगर, काश्मीर, पाकिस्तान । अब आप देखिये, पाकिस्तानी एजेंसी किस प्रकार का संसार के अंदर प्रचार कर रही है और हमारे प्रचार विभाग के लोग पता नहीं क्या कर रहे हैं ? वह लोगों को पता नहीं क्या समझा रहे हैं ? माननीय स्वर्ण सिंह ने यहां पर बताया कि सब घुसपैठिये वापस भेज दिये गये । कहीं एकाध इक्के-दुक्के भूले-भटके किसी जंगल वगैरह में बैठे हों तो वह बात दूसरी है लेकिन और वहां सब ठीक है । मगर में समझता हूं कि आज वहां पर जो कुछ हो रहा है, वह बहुत ही सोचनीय है । इस समय कोई भी आदमी श्रीनगर की घाटी में जाता है तो उस को ऐसा पता नहीं लगता कि यह घाटी भारत का हिस्सा है । उसे यह प्रतीत होता है कि यह पाकिस्तान का कोई नगर बन कर रह गया है । ऐसी वहां की स्थिति है । जहां का ऐडमिनिस्ट्रेशन बिलकुल पैरालाइज्ड है । जो चीज श्रीनगर में 4 अक्तूबर को हुई, सेना की तीन गाड़ियों पर खुलेआम बारामूला के पास आक्रमण किया गया, उन गाड़ियों को बचाने के लिये पुलिस ने गोली चलाई और प्रो-पाकिस्तान एलीमेंट के दो व्यक्ति मारे गये तो उस के बाद 4 अक्तूबर की हड़ताल काल दी गई और कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मीर कासिम उस काल को देते हैं । लोगों को कहा जाता है कि घाटी को हिन्दू बनाया जा रहा है । उस के अन्दर सारे के सारे नेता शामिल होते हैं और वहां के रीजनल इंजीनियरिंग कालेज के विद्यार्थियों ने जो कुछ वहां किया, जिस तरीके पर श्रीमती कृष्णा हाथी सिंह जी का वर्णन माननीय शास्त्री जी ने किया और जो वहां पर दुर्घटनाएं हुई, मैं समझता हूं कि यह खुला चित्र है खुले तौर पर पर्चों और पोस्टर्स दीवारों पर लगे हैं जिस में न केवल पाकिस्तान जिन्दाबाद बल्कि भारत मुर्दाबाद के भी नारे छपे हुए हैं ।

ये सारी की सारी चीजें हो रही हैं । वहां पर विधान सभा भवन के अन्दर विस्फोट हुए, लेकिन कोई आदमी नहीं पकड़ा गया । आखिर पकड़ा कैसे जाये, क्योंकि वहां के मंत्री-मण्डल के साथ इन पाकिस्तानी एलीमेंट्स की गहरी छनती है, वे आपस में इकट्ठे उठते-बैठते हैं । श्री मोहम्मद दीन बन्दे, वहां एक डिप्टी मिनिस्टर हैं, उन के साथ एक रशीद नाम का व्यक्ति है, जो अभी उड़ी और पुंछ क्षेत्र में गया है, उस व्यक्ति को, हालांकि उस के वारंट निकले हुए थे, अपने मकान के अन्दर रखा गया । उसको मोटर एक्सीडेंट के अन्दर चोट आई, तो उप-मंत्री की कार उस को वहां लेने के लिये गई और उस कार से लाकर उस को अस्पताल में दाखिल किया गया । इसी तरह से लतीफ, अजीज, इतनी कहानियां हैं इतने सारे षड्यन्त्र हैं जिनका वर्णन करके मैं अपना समय नष्ट नहीं करना चाहता । आज इन मामलों की चाहे जितनी

मिसालें गृह मंत्री जी को दीजिये, मैं समझता हूं कि उन के पास भी होंगी, मैं नहीं समझता कि उन की जुबान पर कौनसी मोहर लगी हुई है, अपनी कमजोरियों को वे स्वयं जानते हैं। उन के वहां जाने और बोलने के बाद वहां सारी चीजें जिस तरह से ठप्प पड़ गईं, मुझे पता नहीं कि उन का क्या राजनीतिक इतिहास है, लेकिन वहां पर इस तरह की चीजें चल रही हैं। वहां की सरकार इस स्थिति को काबू में नहीं कर सकी है। केन्द्र की सरकार को अपनी जिम्मेदारी को लेकर आगे आना चाहिये।

जहां तक केन्द्र की सरकार का सवाल है, उसकी नीति कुछ ऐसी विचित्र है कि वह अपने आप यह तय नहीं कर पा रही है कि काश्मीर के बारे में वह क्या नीति ले कर चले। मेरे माननीय मित्र कह रहे थे कि धीरे-धीरे स्थिति ठीक हो जायेगी और इसी तरह से स्वर्गीय प्रधान मंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू कहते थे कि धारा 370 की आवाज मत उठाओ, यह अपने आप धीरे-धीरे घिसते-घिसते घिस जायेगी। मुझे इस सम्बन्ध में श्री गोपालस्वामी आयंगर के भाषण का एक हिस्सा आपको सुनाना है। जब धारा 370 लागू की जा रही थी और इस को काश्मीर के सम्बन्ध में लाने की बात की जा रही थी, उस समय श्री गोपालस्वामी आयंगर ने बोलते हुए कहा था—

"The discrimination is due to the special conditions of Kashmir. That particular State is not yet ripe for this kind of integration. It is the hope."

श्री आयंगर नें कहा—

Mark the word 'hope....

"...of everybody here that, in due course even Jammu and Kashmir will become ripe for the same sort of integration as has taken place in the case of other States."

आगे जाकर फिर उन्होंने कहा—

"I would like to assure the House that we can only now establish an interim system."

मेरा यह कहना है कि 20 वर्ष बीतने को आ गये, अभी तक वह धारा घिसते-घिसते घिसी नहीं और आज हालत यह आ गई है कि हमारे देश की सुरक्षा और हमारी एकात्मता घिसते-घिसते घिस रही है—आखिर कब उस का समय आयेगा। आज हमारे माननीय कुशक बाकुल जी जैसे राष्ट्रभक्त और श्रीमान बख्शी गुलाम मुहम्मद जी जैसे देशभक्तों को दुखी होकर इस प्रकार की स्थिति में पड़ जाना पड़ा कि वहां वे अपने को पराया महसूस करें और पाकिस्तानी एजेंट आज वहां पर सब कुछ बन कर बैठे हुए हैं, यहां का गया हुआ माल-खजाना खा रहे हैं और पाकिस्तान के नारे लगा रहे हैं। यह कैसी विचित्र स्थिति है। मैं यह समझता हूं कि इन सारी स्थितियों को दृष्टि में रख कर हमें धारा 370 को समाप्त करना चाहिये और हमें अपनी नीति को स्पष्ट करना चाहिये।

कुछ मित्रों ने इस प्रकार की बात कही है कि वहां चुनाव हो गया है—सवाल यह नहीं है, सवाल तो सरकार के मन और मस्तिष्क की स्पष्टता का है। आज जिस प्रकार का वातावरण वहां पर बना हुआ है—अलगाव का—हमारे जनसंघ के अध्यक्ष बलराज मधोक वहां पर गये, परिस्थितियों ने उन को विवश किया, आपके लोगों ने कहा कि आप इस वातावरण की शांति के लिये कुछ प्रयत्न करें—सादिक साहब ने स्वयं कहा कि आपने बहुत ही ठीक प्रकार से तमाम बातों को कहा है, लेकिन उन्हीं के चारों तरफ के लोगों ने, जो पाकिस्तान के हाथ में खिलौना हैं, उन्होंने उस को इस प्रकार की रंगत दी कि वहां पर हौवा खड़ा कर दिया, साम्प्रदायिकता पैदा हुई है, वहां के मुसलमानों को खत्म किया जा रहा है। कृपा कर के बताइये—धर्म परिवर्तन की घटनायें हिन्दुओं की ओर से कितनी हुईं और अल्पसंख्यकों की ओर से कितनी हुईं। वहां पर इस प्रकार का जो प्रो-पाकिस्तानी एलीमेन्ट है, उस ने इस प्रकार से साम्प्रदायिक मामलों को भड़काया।

[श्री य० द० शर्मा]

इसी स्थिति से सम्बन्धित एक बात और कहना चाहता हूं—वहां पर जम्मू और लद्दाख के जो क्षेत्र हैं—नौकरियों के मामलों में और आर्थिक विकास के मामलों में वहां की जनता के साथ सौतेली मां का-सा व्यवहार किया जा रहा है । आज उस सरकार की अलगाव की बात को समाप्त नहीं किया जा रहा है, यहां पर शिव सेना और दूसरी सेनाओं की चर्चा रोज हो जाती है । मैं यह समझता हूं कि अगर यह धारा वहां पर कायम रही तो इस प्रकार के अलगाव के बीज जो सरकार अपनी नीति के कारण वहां पर बो रही है, उस के बड़े भयंकर परिणाम होंगे । क्यों नहीं काश्मीर को बाकी राज्यों के समान स्तर पर आने दिया जाता, क्यों नहीं वहां के लोगों को बाकी राज्यों के लोगों के साथ एकरस और एकरूप होने की स्थिति में लाया जाता, अगर सरकार उस को समाप्त करे—और सरकार तब समाप्त कर सकेगी जब काश्मीर के सम्बन्ध में उस की नीति और दृष्टि स्पष्ट हो जायेगी—लेकिन सरकार के मन में पाप है, मैं समझता हूं कि सरकार अमरीका या रूस आदि इस प्रकार की विदेशी शक्तियों के दबाव के कारण इस प्रकार के पाप को ले कर बैठी है, जो काश्मीर के सम्बन्ध में स्पष्ट नहीं हो रहा है, इस लिये वहां पर जिन कठपुतलियों को कायम करके बैठाया हुआ है, उन को समाप्त करना होगा, वहां पर राष्ट्रपति राज्य लागू किया जाये, धारा 370 को समाप्त किया जाये, सारे राज्य के अन्दर—चाहे जम्मू हो या लद्दाख—आर्थिक समानता लाने की कोशिश की जाये और जम्मू-काश्मीर को भारत के अन्य राज्यों के स्तर पर लाया जाये ।

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI (Bilhaur) : Sir, I would like to thank Shri Prakash Vir Shastri for giving this august House... (*Interruptions*).

AN HON. MEMBER : in Hindi please.

MR. DEPUTY-SPEAKER : That is all right. It is for her to choose in which language she would like to speak.

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI : Sir, I would like to thank Shri Prakash Vir Shastri for focussing the attention of this august House on a matter of vital importance because Kashmir enjoys a very peculiar position and especially because Kashmir happens to possess the misfortune of being looked upon by greedy eyes by two very hostile neighbours—China and Pakistan, also because Kashmir had been the arena of two hostile aggressions. Therefore, I would request this House to study this matter in the most dispassionate manner, to have a clear perspective and, at the same time, not to be carried away by emotions.

If my hon. friend thinks that the only remedy for this lies in the repeal of Article 370, I would like to contradict him and tell him that while he wants the repeal of Art. 370, at the same time he wants President's proclamation. President's proclamation can only be introduced by invoking Article 356. Therefore, I would like to ask him : was it not under Mr. Sadiq's Ministry, was it not under Mr. Sadiq's inspiration that this Art. 356 is now in a position to be enforced in Kashmir ? And we should be grateful to this Ministry of Mr. Sadiq for bringing Kashmir under the purview where this article can be extended to Kashmir also. I would like to differ from Mr. Prakash Vir Shastri on this basic constitutional aspect. While enforcing Art. 356 and enforcing President's Proclamation, I would like to draw his attention to two matters of vital importance. First it says that the Governor's report should be such and, secondly, that the situation otherwise should be such that this Proclamation could be introduced. I would like to ask him as to what the present position in Kashmir is. Has a report been submitted by the Governor advocating that there should be President's Proclamation ? To this the reply is a categorical 'No'. Secondly, what is the situation otherwise prevailing in Kashmir ? There is a democratic machinery there, which is functioning

in a democratic manner. Not even the Opposition there has ever, any time, said that it has a doubt in the majority of the present Ministry. I would like to ask : then what is the reason? If there is a democratic machinery functioning, a properly constituted, elected Government functioning, why should the President's Proclamation be imposed there? If you want to compare it with West Bengal, I would very clearly say that the situations are entirely different. What has happened in West Bengal has made us hang our heads down in shame. Irrespective of our Party affiliations and irrespective of whatever ideals we may have, what has happened in West Bengal, I hope, we shall all agree, should not be repeated in any other State whether it is Congress Party or any other Party in power there. In West Bengal there was no Government, there was no administration, there was nothing.

So far as comparison with Haryana is concerned, in Haryana the Governor's report was there.

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour) : Let her confine herself to Kashmir.

SHRI PILOO MODY (Godhra) : Otherwise, she will have nothing to say tomorrow.

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI : I do not intend to say anything tomorrow.

SHRI BAL RAJ MADHOK (South Delhi) : Let her choose between Ayub and Mao. One side there is Ayub and on the other side there is Mao. If Mao's slogans are bad, Ayub's slogans are equally bad. He has been a student in fact a teacher of constitutional history. Unless I sit down, how can he get up and interrupt?

I was referring to Haryana. I would like humbly to place before the House the situation in Haryana. The situation in Haryana is different from that in Kashmir. The Governor had reported that crossing of the floor by Members was not merely a disease but it had assumed an endemic form and it had become infectious. (*Interruptions*) I had never interrupted any of my friends. May I expect the same courtesy from them?

MR. DEPUTY-SPEAKER : She may, ignore the interruptions from the other side.

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI : It is difficult to ignore them because I have great respect for my hon. friends in the Opposition....

SHRI KANWAR LAL GUPTA (Delhi Sadar) : Shri Piloo Mody cannot be ignored.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I was not talking of him. He is too much present in the House. I was talking of interruptions.

SHRIMATI SUSHILA ROHATGI : I would like them to give me the same courtesy which I had shown to them. That is the least that I expect of any Member there.

In Haryana, according to the Governor's report, the people had come to power by means which were not very honourable. So, the comparison with Haryana was not proper. In Haryana, there was no question of any stability of government and any stability of administration. So, putting Haryana and Kashmir on the same footing is not a very correct thing to do. May I ask why there is this sudden demand for a Presidential Proclamation like a bolt from the blue? Why are the people who are professed democrats here, who have fought the elections on democratic basis advocating this Presidential Proclamation? In Bihar when similar incidents happened in Ranchi and more than 150 lives were lost there in 48 hours, there was no cry for such proclamation. Again, at Sursand, more than a hundred lives were lost in a couple of hours; no such cry was raised on that occasion. Was it because the Opposition Ministry was in power there? Was it because there was no Congress Ministry there in power and people dare not judge their own Ministry by the same measure or the same yardstick by which they want to measure us? I would expect the same yard-stick to be applied by them everywhere. We are mature people here, and let us not forget today that we are the biggest democracy in the world; let us not forget today that we have the most glorious civilisation as our heritage; let us not forget today that we are one of the most mature and

[Shrimati Sushila Rohatgi]

civilised countries, which have come up to the standard high democratic functioning.

While Shri Prakash Vir Shastri has focussed the attention of this House on this important matter and it must receive the attention of this House and that of the Home Minister, at the same time, I would appeal to him that he must not create an alarmist tendency, especially in a vulnerable place like this, because if he does so, the morale of the people will suffer and when the morale suffers, that will be the first below on our arsenal of defence. Therefore, I would request him to withdraw this motion.

श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी (श्रीनगर) : जनाब डिप्टी स्पीकर, कश्मीर पर मुझ से पहले कुछ चन्द एक आनरेबुल मैम्बर्स ने अपने खयालात का इजहार किया लेकिन एक चीज पहले ही मैं अर्ज करना चाहता हूं एक गलतफहमी दूर करने के लिए और वह यह कि कश्मीर में बदकिस्मती से जो 7 जून से सितम्बर तक हुआ तो कश्मीर को उसी माइनारिटी और मेजारिटी के पार्डस्टिक से न नापिये क्योंकि कश्मीर की मेजारिटी और कश्मीर की माइनारिटी हजारहा साल से इकट्ठा रहती आई है। वह सैकुलर रही है और आगे भी सैकुलर रहेगी।

They have lived like that and they can live like that till eternity

वहां जो कुछ हुआ, प्रकाशवीर शास्त्री जी ने या मेरे और दोस्तों ने कहा, कम्युनलिजम वहां पर मुसलमान ने नहीं किया, हिन्दू ने ने नहीं किया, मुसलमान ने हिन्दू पर हाथ नहीं उठाया और हिन्दू ने मुसलमान पर हाथ नहीं उठाया। यह कम्युनलिजम वाली बिलकुल गलत बात है और मैं जोरशोर से इसकी तरदीद करता हूं। अगर वहां कोई आदमी मरा है तो वह पुलिस की गोली से मरा है, लाठीचार्ज से मरा है। वह पुलिस की फायरिंग से मरा है। कश्मीर सैकुलर रहा है, सैकुलर है और वह सैकुलर रहेगा। कश्मीर ने तमाम कंट्रोवर्सीज के बगैर अपना नाम हिन्दुस्तान के साथ जोड़ा है, वह आज जुड़ा है और आगे भी जुड़ा रहेगा यह मैं आप को बतलाना चाहता हूं। बाकी कश्मीर के बारे में कंट्रोवर्सी रहने के कई कारण हो सकते हैं। अब किसी दोस्त का यह सुझाव है कि फलानी दफा को उड़ा दो सब ठीक हो जायगा। मेरा अपना यह खयाल है, मैं ईमानदारी से यह कहना चाहता हूं और इसीलिए मैंने जनाब से पहले मांगा था वक्त। कश्मीर की बदकिस्मती से मौजूदा गवर्नमेंट जो है, मैं किसी नाराजगी या किसी रैंकर की वजह से नहीं कह रहा हूं कि लाल बहादुर जी ने जब मौजूदा गवर्नमेंट को इंस्टाल किया फरवरी 64 में तब भी यह रिप्रेजेंटेटिव नहीं थे इनके साथ पापुलर ओपीनियन नहीं थी और 67 का एलैक्शन जब आया, तीन साल गुजरे 67 में जब एलैक्शन आया और इस एलैक्शन के बारे में लोगों ने उम्मीदें बांधी हुई थीं कि यह एलैक्शंस फ्री होंगे, इम्पारशियल तरीके से होंगे और जो भी गवर्नमेंट पावर में आयेगी यह लोगों की गवर्नमेंट होगी। वह कश्मीर की खिदमत करेगी और अपनी जिम्मेदारियों को निभायेगी लेकिन बदकिस्मती से हुआ क्या? एलैक्शंस से पहले वहां जिसका तजकिरा मेरे फाजिल दोस्त शास्त्री जी ने किया 10,000 होमगार्डस दिसम्बर से ही वहां पर उन्होंने फंक्शन करना शुरू किया। उसके मुताल्लिक मैं ने आनरेबुल होम मिनिस्टर को एक लम्बा चौड़ा खत लिखा कि इस में यह यह हो रहा है और आप इधर जरा तवज्जह दीजिये।

They are breaking meeting of opposition parties.

हम खुद मीटिंग नहीं कर सकते। जहां भी हम मीटिंग करते हैं वहां वह ब्रैक करते हैं और इस सिलसिले में कितने ही हमारे आदमियों को एक, दो को नहीं बल्कि सैकड़ों आदमियों को जख्मी कर दिया। मैंने खुद मि० चह्वाण को लिखा। उसके बाद एलैक्शन कमिशन ने ऐनाऊंस किया ला मिनिस्टर ने यहां पार्लियामेंट में ऐनाऊंस किया कि जम्मू व काश्मीर में

एलैक्शंस होंगे। जम्मू में एलैक्शंस रैस्ट आफ दी कंट्री के साथ होंगे और कश्मीर के हालात सामने रख कर वहां पर ऐंड औफ दी मार्च में होंगे क्योंकि यही शैडयूल पहले भी रहा है। लेकिन हुआ क्या ? इस बारे में एलैक्शन कमिशन का नोटिफिकेशन है लेकिन रूलिंग पार्टी का मैं उन को कोई नाम नहीं देता, जिस तरीके से मैं ने आप से कहा कि रूलिंग पार्टी ने फौरी तौर पर, वह कोई पसन्द नहीं था लेकिन उन्होंने ऐनाऊंस किया, एलैक्शन कमिशन ने ऐनाऊंस किया कि कश्मीर के लिए 21 मार्च और जम्मू के लिए 19 फरवरी होगी पंजाब के साथ-साथ । फौरी तौर पर बदल गये हम ने रिप्रेजेंटेशन किया और बजाय मार्च के अप्रैल कर दिया और जम्मू, कश्मीर में एक साथ कर दिया। एलैक्शन कमिशन ने फैसला क्या दिया ? नहीं कश्मीर में भी 21 फरवरी को ही चुनाव होगा जबकि कश्मीर में 3,4,5 और 6-6 फुट बरफ जमी हुई थी। पहली तो यह बात है फिर उसके बाद 21 जनवरी आई नामिनेशन पेपर्स दाखिल करने थे और सब ने नामिनेशन पेपर्स दाखिल कर दिये। हम ने भी और दूसरी ओर अपोजीशन पार्टीज ने अपने नामिनेशन पेपर्स दाखिल किये और मैं बतलाना चाहता हूं कि हम लोगों के 141 नामिनेशन पेपर्स फिल्मजियस्ट ग्राउन्ड्स पर रिजैक्ट हुए और जिसे कि खुद इलैक्शन कमिशन मानता है ।

Not a single nomination paper of the ruling party was rejected रियल पोजीशन यह है Then we again approached President, the hon. Prime Minister, the Home Minister and other Central Ministres, put all these facts before them.

इस पर हम ने मतालबा किया कि इन होलसेल रिजैक्शंस की वजह और मौसम की खराबी की वजह से एलैक्शन को ऐनल कर दिया जाय या फिर पोस्टपोन ही कर दिया जाय लेकिन न तो उसे ऐनल किया गया और न ही पोस्ट पोन किया गया । मैंने चह्वाण साहब को खत लिखा कि साहब कम से कम यह तवक्को नहीं हो सकती एक ऐसी गवर्नमेंट से और एक ऐसी सरकार से जिसने हिन्दुस्तान की डेमोक्रेसी के लिए अपना हर एक हक न्यौछावर किया हो। उन से यह तवक्को नहीं हो सकती। और चह्वाण साहब ने मुझे खत लिखा। मैं वह खत पढ़ कर सुनाता हूं :

"I have your letter No. ..... dated 7th January I am forwarding a copy of this letter to Sadiq Saheb, with a request that he should look into your complaints personally and satisfy himself that nothing wrong or improper is done. I am very keen that the elections in Jammu and Kashmir, as in the rest of the country, should not only be fair, but should also appear to be so, and that nothing should be done that can be regarded as at all unfair and improper."

17 HRS.

यह है चह्वाण साहब का खत। अब इस से और एक हिम्मत हुई हमें कि एलैक्शन फेयर और इम्पार्शियल होंगे। लेकिन जनाब हुआ क्या ? रिजेक्शंस हुए । 26 आदमी असेम्बली में अनकन्टेस्टेड आ गए स्ट्रेटअवे लिहाजा 26 की स्ट्रेंग्थ बन गई और फिर उस के बाद बाकी जो हुआ वह सब को मालूम है। दीज आर आल ओपेन सीक्रेट्स ।

These are all open secrets. बैलट बाक्सेज, आये, टूटे और लिड्स के बगैर, सील के बगैर, बैलट पेपर एकाउंट के बगैर। हम ने एतराज किया । लेकिन no body just did any thing or cared.

कहा कि ठीक है काउंट किया जावे । एलैक्शन कमीशन ने दो आदमी यहां से भेजे काश्मीर में इसे देखने के लिए with no instructions. वह बिलकुल खड़े रहे भूत की तरह । वह देखते हैं, कहते हैं कि हम क्या करेंगे ? और पर्टीकुलर कांस्टीट्यूएंसी में क्या हुआ, 550 टोटल स्ट्रेंग्थ है उस बूथ की लेकिन उस वक्से में से

[श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी]

1185 बैलट्स निकले। यह हुआ । · · · · · (**व्यवधान**) · · · · इस पर भी कुछ नहीं हुआ । हम डाक्टर कर्ण सिंह जो उस वक्त वहां के गवर्नर थे, उन से भी मिले, सब से मिले, वावेला किया, राष्ट्रपति से मिले लेकिन आखिर जो हम को हुक्म हुआ कि कानून इजाजत नहीं देता। हम ऐनल तो नहीं करेंगे क्योंकि बाहर दुनिया में क्या कहा जायगा ? हम ने कहा कि बाहर दुनिया में हमारी तो नाक कट गई। इंडिया के मुताल्लिक यह कहा जाता था कि यहां एलेक्शंस फेयर और इम्पार्शियल होते हैं। चुनावे हमारे शिव कुमार सेन सूडान और ईजिप्ट में एलेक्शन कराने के लिए गए और यहां यह हो रहा है। खुद सुन्दरम् ने यह कहा है :

> "that the nomination papers of a large number of opposition candidates were rejected on flimsy grounds is serious."

और फिर वह कहते हैं :

> "That difference in law is not satisfactory, and I intend recommending to the State Government that the State election law should be brought in line with the general election law on this point as soon as possible."

यह सुन्दरम् कहते हैं कि मामला सीरिअस है। हमें हिदायत दी कि जाओ एलेक्शन पेटीशन करो। हम ने कहा कि बहुत अच्छा। जब और कुछ नहीं होता है तो यही एक ही रेमेडी है कि एलेक्शन पेटीशन करो। That is the law of **the country.** और हम उसके सामने झुके। तो जनाब वह भी माजरा सुन लीजिए कि 57 एलेक्शन पेटीशंस हैं काश्मीर की। आन्ध्र प्रदेश में 12 थीं और बारह डिस्पोज हो गईं। हरयाना में 13 थीं और उसमें से 12 का फैसला अभी तक हो चुका है। महाराष्ट्र में 21 थीं, 20 का फैसला हो चुका। मैसूर में 21 थीं, 13 का फैसला हुआ है जब कि जम्मू और काश्मीर में 57 एलेक्शंस थीं और खुदा के फजल से एक का फैसला हुआ है। रीअल स्टोरी पर आइए। ट्रिब्यूनल बनता है। सुन्दरम् ने कहा—ला बदल दो।

Bring it on a par with the rest of the country—as early as February 67.

असेम्बली मिली मार्च में। उस में ला पास नहीं हुआ। और फिर क्या हुआ ? ट्रिब्यूनल मुकर्रर किया अन्डर दि ओल्ड ला। ट्रिब्यूनल ने काम शुरू कर दिया। एक फैसला दिया। यानी उसका शिड्यूल था वह 26 के फैसले देने वाला था इन दि मंथ आफ सितम्बर। · · · · (**व्यवधान**) · · · · तो फिर क्या हुआ ? 26 जो अनकन्टेस्टेड रिटर्न्स थे इन का फैसला होता सितम्बर तक। काश्मीर असेम्बली में उनका पता लग गया कि एक अनसीट हो गया।

Because of uncontested return rejection of nomination paper.

25 और होंगे। तो उन्होंने एक दिन में ला बदल दिया और वह ला भी एक दिन में असेम्बली बैठी, और उसे बदल दिया। 9 सितम्बर को बदला और 10 सितम्बर को असेंट ले ली गवर्नर से। 11 को लागू कर दिया और एलेक्शन ट्रिब्यूनल जो सरकार ने मुकर्रर किया था वह अदालत में बैठा हुआ था एलेक्शन पेटीशन सुनने के लिए, चपरासी गया और उसको कहा कि

"You are no more an election tribunal; please go. यह 11 को हुआ और 11 को जब यह हुआ, मैं पहुंचा दौड़ते दौड़ते फिर चह्वाण साहब के पास। आखिर कहां जायें ? हाकिम तो यही हैं। हम तो इन्हीं से बतायेंगे, आगे तफतीश इनका काम है। मैं फिर आया। मैंने लम्बा चौड़ा खत लिखा और उन को बता दिया कि यह ला ऐसे पास हुआ और क्या-क्या हुआ इस तरह एक दिन में। एलेक्शन ट्रिब्यूनल खत्म हो गया। मैंने कहा कि ऐड हाक जजेज जल्द से जल्द मुकर्रर कीजिए। इन्होंने कहा कि मैं जल्दी से जल्दी करूंगा। यह बात हुई शायद 14 सितम्बर को। और आज सितम्बर भी गया, अक्तूबर भी गया, नवम्बर भी गया, आज आखीरी तारीख है नवम्बर की। नौ महीने

हो गए हमारी एलेक्शन पेटीशन के। 57 एलेक्शन पेटीशंस में से 1 का फैसला हुआ है और खुदा ने चाहा अगर यही स्पीड रही तो कम से कम 10 साल इन को चाहिए यह फैसले करने के लिए हालांकि कानून है कि विदिन सिक्स मन्थस् होना चाहिए। महाराष्ट्र में 21 में 20 का फैसला हो गया। हरयाना में 15 में से 12 का फैसला हो गया। बाई एलेक्शन भी हो गए। 'लेकिन काश्मीर जिस को कि कहा जाता है कि स्पेशल सबजेक्ट है, 370 है, 380 है, 390 है, मुझे मालूम नहीं और कौन-कौन से सबजेक्ट्स लागू हैं लेकिन यह क्या है कि आज तक इस वक्त तक कोई ऐड हाक जज मुकर्रर नहीं हुआ ? अब हाईकोर्ट में वहां तीन आदमी मुएतकिल हैं।

They are fully occupied with their own work वह नहीं कर सकते। उन्होंने साफ कहा।

लेकिन मैं राष्ट्रपति राज्य के मुताल्लिक कहूं तो उन्हें नामंजूर होगी बात। मैं एक बात कहूंगा कि जो, मेरा खयाल है कि उन्हें पसन्द आयेगी। मैं उन को यह कहूंगा कि यह माइनारिटी गवर्नमेंट जो है जो इस तरह बनी है और जिस के खिलाफ इतने पेटीशंस हैं, इसको डिसमिस कीजिए, यह भी आप नहीं मानेंगे। मुझे मालूम है नहीं मानेंगे आप। काश्मीर स्पेशल सबजेक्ट है। तो फिर मैं अर्ज करूंगा आप से कि आज नौ महीने हो गए हैं, अब दिसम्बर, जनवरी, फरवरी और मार्च चार महीने हैं, मामूली सा सजेशन आप से अर्ज करता हूं, पाजिटिव सजेशन है, इस चार महीने में इन सब पेटीशंस का फैसला करा दीजिए।

And let there be fresh elections in April 68. यह मेरा सजेशन है कि आप ज्यादा से ज्यादा जजेज को एप्वाइन्ट करें, जो कि इन केसेज को जल्द से जल्द डिस्पोज करें। मैं एक्सट्रीमिस्ट नहीं हूं और एक्सट्रीम में नहीं जाऊंगा—यह एक सुझाव है, मेहरबानी कर के इमीडियेट स्टेप्स लीजिये, 141 केसेज को डिसाइड कराइये, खास तौर से 41 केसेज असेम्बली के हैं जिन को जजेज को मुकर्रर करके डिसाइड कराइये। अगर ये केसेज मार्च के आखिर तक डिसाइड हो जायें तो फ्रेश इलेक्शन्स अप्रैल में हो सकते हैं। फ्रेश इलैक्शन्स से मेरा मतलब बाईइलैक्शन से है।

दूसरी बात यहां पर काश्मीर को दी जाने वाली सहायता के मुताल्लिक कहा गया है। काश्मीर आपका एक गरीब साथी है—जहां बम्बई और कलकत्ता जैसे आपके अमीर साथी हैं, वहां काश्मीर जैसा एक छोटा और गरीब साथी भी है, इस लिये सहायता तो उस को देनी ही पड़ेगी। मैं आपकी इत्तला के तौर पर अर्ज करना चाहता हूं कि 1947 से मार्च, 1964 तक टोटल ग्रान्टस और लोन्ज जो काश्मीर को मिले—वह थे तकरीबन 72 करोड़ रुपये, लेकिन 1964 से 1966 के आखिर तक जो नई सरकार को मिले—वह थे 70 करोड़ रुपये, यानी दो साल में उन को 70 करोड़ रुपया दिया गया—मैं चाहता हूं कि आप इस को जरा देखभाल कीजिये। मैं यह जो फिर्स आपके सामने पढ़ रहा हूं—ये मैं फाइनेन्स डिपार्टमेंट के स्टेटमेन्ट से कोट कर रहा हूं, ये मेरी अपनी फिगर्स नहीं है, बल्कि फाइनेन्स डिपार्टमेन्ट से जो फिगज मेरे पास आई है, उन में से बता रहा हूं। काश्मीर पर थोड़ा रहम खाइये। पाटोदिया जी ने एक बड़ी ही कन्स्ट्रक्टिव एप्रोच की बात कही है—लोगों को अपने साथ रखिये, लेकिन उन को काम दीजिये, वहां पर काम धन्धों का एक्सपेन्शन होना चाहिये, इण्डस्ट्रियल डवेलपमेन्ट होना चाहिये, एग्रीकल्चर को बढ़ावा दीजिये—लेकिन होता क्या है ? जैनरल एडमिनिस्ट्रेशन पर 1962-63 में 61 लाख रुपये खर्च हुआ, लेकिन आज चार साल बाद वह बढ़ कर 1 करोड़ 10 लाख हो गया—यह एक्सपेन्शन वहां पर हुआ है। पुलिस पर 1963–64 में एक करोड़ रुपये खर्च था, लेकिन अब वह बढ़ कर पोने तीन करोड़ हो गया है—यह एक्सपेन्शन हुआ है। ये फिगर्स मैं काश्मीर बजट से पेश कर रहा हूं। इंडस्ट्रीज के बजट में हम उस वक्त 2 करोड़ 49 लाख

[श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी]

रुपये, तकरीबन ढाई करोड़ रुपये खर्च करते थे, लेकिन अब उस पर 49 लाख रुपये खर्च हुए हैं—यानी जो डवेलपमेंट की चीज थी, उनको रोक दिया गया है। मि० डांगे यहां बैठे थे—वह लेबर के मामले में वहां गये थे। हमारी सिल्क फैक्टरी में जहां चार हजार आदमी काम करते थे, वहां अब पांच सौ से भी ज्यादा नहीं हैं। कोकून्ज 60 हजार मन पैदा होती थी, वहां अब 10–12 हजार मन पैदा होती है—7–8 महीने से वे लोग बेकार हैं। इस लिये जनाब, मैं चाहता हूं कि इन सब चीजों पर तवज्जह दी जाय।

दूसरी बात मैं होमगार्ड्स और फील्ड सर्वे आरगेनिजेशन के बारे में कहना चाहता हूं। यहां पर अभी एफ० एस० ए० का तज़किरा हुआ, जिस पर डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होता है। अगर आप उनको डिस्मिस करेंगे . . .

महन्त दिग्विजय नाथ (गोरखपुर) : वे हिन्दू हैं या मुसलमान ?

बख्शी गुलाम मुहम्मद : हिन्दू-मुसलमान सब हैं। अब अगर इन 10 हजार आदमियों को आप डिसमिस करेंगे तो शायद एक नई प्राबल्म एम्पलायमेंट की खड़ी हो जायगी। लेकिन यह बात ठीक है—कि इनके अन्दर जो एन्टी-नेशनल, एन्टी-सोशल एलीमेन्ट भरे हुए हैं, इन को वीड-आउट किया जाय और जो बाकी बचते हैं, उन को एबजार्ब कर लिया जाये और इन को आप थियेटर-कमाण्डर को हैण्डओवर कर दें। आप उनको कह दीजिये कि सेन्टर इस में ग्रान्ट देता है, 90 फीसदी तक और बार्डर डिफेन्स के लिये उन को रखा गया है और उस के बाद उन को चाइना बार्डर और पाकिस्तान बार्डर पर लगा दीजिये, क्या जरूरी है कि उन को श्रीनगर या अनन्तनाग या बारामुला में ही लगाया जाये। वहां उन का क्या काम है ? इस लिये मैं अर्ज कर रहा हूं कि इस तरह से डिस्मिस करना मुश्किल होगा, लिहाजा आप इतनी कृपा कीजिये कि जिस काम के लिये उनको भरती किया गया है, उन को उस काम पर लगाया जाय और स्ट्रेट-अवे उन से वह काम लिया जाय। उनको लद्दाख भेज दीजिये, चुशूल भेज दीजिये, कारगिल भेज दीजिये—बार्डर पर लगा दीजिये।

यहां पर फूड के सिलसिले में तज़किरा हुआ—वाकई एलार्मिंग पोजीशन थी। जब सैलाब के साल में यानी 1957 से 1959 में 60 हजार टन से 62 हजार टन से ज्यादा गल्ला नहीं गया—हर किस्म का गल्ला—राइस, मेज, ज्वार, बाजरा, व्हीट वगैरह, लेकिन 1965–66 में मेरे एक सवाल के जवाब में, जो कि मुझे कल ही मिला है, बताया गया है कि 3 साल में 5 लाख 58 हजार टन गल्ला गया है—मैं चाहता हूं कि इस की देखभाल की जाये कि ऐसा क्यों हुआ है।

यहां पर किसी दोस्त ने शायद ऐसा कहा कि काश्मीर को सस्ता गल्ला दिया जाता है। मैं इस हाउस की इत्तिला के लिये अर्ज करना चाहता हूं कि काश्मीर को भी उसी कीमत पर गल्ला दिया जाता है, जिस कीमत पर दूसरों को मिलता है। हां, काश्मीर गवर्नमेंट उस में अपनी तरफ से सबसिडी देती है, उसको गवर्नमेंट आफ इंडिया सबसीडाइज नहीं कर रही है। गवर्नमेंट आफ इंडिया 1957-58 तक करती थी, लेकिन अब काश्मीर गवर्नमेंट कर रही है। हां यह बात जरूर है कि काश्मीर गवर्नमेंट पहले टू दी टयून आफ 1,25,000, 1,75,000 और ढाई लाख तक करती थी, लेकिन अब यह हो गया है कि 8 करोड़ रुपये तक किया जा रहा है–इस लिये मेरा खयाल है कि इस तरफ भी तवज्जह देने की जरूरत है।

तीसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जनाब सादिक ने अपने पालिसी स्टेटमेंट में कहा था कि मैं डेमाक्रेसी में बिलीव करता हूं। यकीनन अगर मेरे जमाने में एक बार भी गोली चली, तो मैं उसी वक्त कुर्सी छोड़ दूंगा। लेकिन यह कुर्सी जनाब इतनी प्यारी है कि कोई उसको नहीं छोड़ता। अब

आप देख लीजिये कि कितनी बार वहां पर गोली चली । इस सरकार से हम को तीन चीजें मिली हैं — 1965 में इन्डो-पाकिस्तान कान्फ्लिक्ट हुआ—बहुत बड़ा तोहफ़ा मिला । हमारे चह्वाण साहब उस वक्त 3 अगस्त को श्रीनगर में थे—उन्होंने उस वक्त कहा—

"There is no fear of infiltration and we have sealed the borders". On the 8th of August, on this very hon. House, Shri Nanda announced that 12,000 infiltrations have reached Srinagar and they have surrounded Srinagar.

मैं इसकी डिटेल्ज में नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन सवाल पालिसी आफ़ लिब्रलाइजेशन का है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि मेरे जमाने में एक बार भी गोली नहीं चली—1953 से लेकर 1963 तक एक बार भी लोगों पर गोली नहीं चली, एक भी स्ट्राइक नहीं हुई, लेकिन 1964 से ये सब होना शुरू हो गया—अब, आप कह दीजिये कि यह सब तुम करा रहे हो । बख्शी फोबिया कह दीजिये ।

तो मैं अर्ज कर रहा था कि 1965 में पाकिस्तान-इंडिया कान्फ्लिक्ट का तोहफ़ा मिला, 1966 में जम्मू स्टूडेंट्स पर फाइरिंग और किलिंग हुई और 1967 में काश्मीर के हिन्दू और मुसलमान दोनों पर फाइरिंग हुआ—वहां पर दफा 144 को लागू किया गया । दफा 144 तो जनाब काश्मीर के आइने का, किताब का एक स्टेचूट बन गया है —

It is perpetual 144 since 1965 up to this time.

और मैं आपकी आगाही के लिये यह भी अर्ज कर दूं कि पिछले इलेक्शन के दौरान भी दफा 144 को नहीं उठाया गया । हम लोग इजाजत लेकर जल्से करते थे, अगर इजाजत मिल जाती थी तो जल्सा करते थे, अगर इजाजत नहीं मिलती थी तो नहीं कर सकते थे ।

It has become perpetual.

करफ्यू के सिलसिले में भी अर्ज कर दूं । यहां बंगाल की हालत यह है कि अगर 24 घण्टे का भी करफ्यू लगता है तो इतना शोर होता है, लेकिन वहां पांच दिन तक तो करफ्यू के नीचे बिलकुल बन्द ही रहा और अभी तक भी नाइट-करफ्यू चलता है—यह हालत आज वहां की है । आप यह कहेंगे कि मैं वहां की गवर्नमेंट की डिफिकल्टीज को जानता हूं एक दोस्त ने यहां कहा कि जम्मू कश्मीर राज्य में राष्ट्रपति राज्य का मतालबा करने से अगर हम राष्ट्रपति राज्य वहां पर लागू करेंगे तो पाकिस्तान के हाथ में हम एक हैंडिल देंगे तो मेरा कहना है कि हैंडिल तो जनाबवाला हम ने उसी दिन पाकिस्तान को दे दिया जिस दिन कि यह 141 नामिनेशन फोर्म्स रिजैक्ट कर दिये और तब से वह बराबर दिया जा रहा है। मुझे फिक्र है कि डेमोक्रेसी का क्या होगा ? बाकी अब चूंकि वक्त नहीं है इसलिए मैं और ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा । बहरहाल यह एक नक्शा था जो मैंने आप के सामने रखा । मुझे उम्मीद है कि मैं ने कुछ मोडरेट और प्रैक्टिकल सजैशंस दिये हैं और उन को एक्सैप्ट करने में आप को कोई डिफिकल्टी नहीं होनी चाहिए या फिर यह कहिये कि वह आप की उस फारसी के शायर जैसी हालत है जिसने यह लिखा है :

"उम्रे वायद कि यार आयद वकनार" ।

तुम भी रहो हजार साल और यह सिलसिला भी चलता रहे हजार साल । आप ने यह नहीं करना है और न यह हमें हासिल होगा ।

इसलिए मैं आखिर में बस यही अर्ज कर के खत्म करूंगा कि कश्मीर हिन्दुस्तान के साथ है, कश्मीर के मुसलमान, कश्मीर के हिन्दू, जम्मू के हिन्दू व सिख और लद्दाख के बौद्ध सब हिन्दुस्तान के साथ हैं । वह उन तमाम चीजों के बावजूद हिन्दुस्तानी हैं, हिन्दुस्तानी रहे हैं और आगे वह हिन्दुस्तानी रहने वाले हैं और वह उस से दूर नहीं जायेंगे ।

شری بخشی غلام محمد (شری نگر) : جناب ڈپٹی اسپیکر— کشمیر پر مجھ

آگے بھی جڑا رھیگا یہ میں آپ کو بتلانا چاھتا ھوں ۔ باقی کشمیر کے بارے میں کنٹروورسی رھنے کے کئی کارن ھو سکتے ھیں ۔ اب کسی دوست کا یہ سجھاؤ ھے کہ فلانی دفعہ کو اڑا دو سب ٹھیک ھو جائیگا ۔ میرا اپنا یہ خیال ھے ۔ میں ایمانداری سے یہ کہنا چاھتا ھوں اور اسی لئے میں نے جناب سے پہلے مانگا تھا وقت ۔ کشمیر کی بد قسمتی سے موجودہ گورنمنٹ جو ھے میں کسی ناراضگی یا کسی دینکر کی وجہہ سے نہیں کہہ رھا ھوں کہ لال بہادر جی نے جب موجودہ گورنمنٹ کو انسٹال کیا فروری ۱۹۶۴ میں تب بھی وہ ریپریزنٹیٹو نہیں تھے ان کے ساتھ پاپلر اوپنیئن نہیں تھی اور ٦٧ کا ایلکیشن جب آیا ۔ تین سال گزرے اور ٦٧ میں جب ایلکشن کے بارے میں لوگوں نے امیدیں باندھی ھوئی تھیں کہ یہ ایلکشن فری ھونگے امپارشئل طریقے سے ھونگے اور جو بھی گورنمنٹ پاور میں آئیگی وہ لوگوں کی گورنمنٹ ھوگی ۔ وہ کشمیر کی خدمت کریگی اور اپنی ذمہ داریوں کو نبھائگی لیکن بد قسمتی سے ھوا کیا ۔ ایلکشن سے پہلے وھاں جس کا تذکرہ میرے فاضل دوست شاستری جی نے کیا ۱۰۰۰۰ ھوم گارڈس نے دسمبر سے ھی وھاں پر انہوں نے فنکشن کرنا شروع کیا ۔ اس کے متعلق میں نے آنریبل ھوم منسٹر کو ایک لمبا چوڑا خط لکھا کہ اس میں یہ ھو

[شری بخشی غلام محمد]

سے پہلے کچھ چند ایک آنریبل میمبرس نے اپنے خیالات کا اظہار کیا لیکن ایک چیز پہلے ھی میں عرض کرنا چاھتا ھوں ۔ ایک غلط فہمی دور کرنے کے لئے اور وہ یہ ھے ، کہ کشمیر میں بد قسمتی سے جو ۷ جون سے ستمبر تک ھوا تو کشمیر کو اسی مائناریٹی اور مجارٹی کے یارڈاسٹک سے نہ ناپئے کیونکہ کشمیر کی میجارٹی اور کشمیر کی مائناریٹی ھزارھا سال سے اکٹھا رھتی آئی ھے ۔ وہ سیکولر رھی ھے ۔ ھے اور آگے بھی سیکولر رھیگی ۔

They have lived like that and they can live like that till enternity.

وھاں جو کچھ ھوا پرکاش ویر شاستری جی نے یا میرے اور دوستوں نے کہا کمیونلزم وھاں پر مسلمان نے نہیں کیا ھندو نے نہیں کیا مسلمان نے ھندو پر ھاتھ نہیں اٹھایا اور ھندو نے مسلمان پر ھاتھ نہیں اٹھایا ۔ یہ کمیونلزم والی بالکل غلط بات ھے اور میں زور شور سے اس کی تردید کرتا ھوں ۔ اگر وھاں کوئی آدمی مرا ھے تو وہ پولیس کی گولی سے مرا ھے لاٹھی چارج سے مرا ھے ۔ وہ پولیس کی فائرنگ سے مرا ھے ۔ کشمیر سیکولر رھا ھے ۔ سیکولر ھے اور سیکولر رھیگا ۔ کشمیر نے تمام کنٹرو ورسیز کے بغیر اپنا نام ھندوستان کے ساتھ جوڑا ھے ۔ وہ آج جڑا ھے اور

نے فیصلہ کیا دیا - نہیں کشمیر میں بھی ۲۱ فروری کو ہی چناو ہوگا جبکہ کشمیر میں ۳ - ۴ - ۵ اور ۶—۶ فٹ برف جمی ہوئی تھی - پہلی تو یہ بات ہے پھر اس کے بعد ۲۱ جنوری آئی نامینیشن پیپرس داخل کرنے تھے اور سب نے نامینیشن پیپرس داخل کر دئے - ہم نے بھی اور دوسری اور اپوزیشن پارٹیز نے اپنے نامینیشن پیپرس داخل کئے اور میں بتلانا چاہتا ہوں کہ ہم لوگوں کے ۱۴۱ نامینیشن پیپرس فلمزیئسٹ گراؤنڈس پر ریجکٹ ہوئے اور جسے کہ خود ایلکشن کمیشن مانتا ہے -

Not a single nomination paper of the ruling party was rejected.

رئل پوزیشن یہ ہے -

Then we again approached the President, the hon. Prime Minister, the Home Minister and other Central Ministers, put all these facts before them.

اس پر ہم نے مطالبہ کیا کہ ان ہول سیل ریجکشن کی وجہہ سے اور موسم کی خرابی کی وجہہ سے ایلکشن کو اینل کر دیا جائے یا پھر پوسٹپون ہی کر دیا جائے لیکن نہ تو اسے اینل کیا گیا اور نہ ہی پوسٹپون کیا گیا - میں نے چوہان کو خط لکھا کہ صاحب کم از کم یہ توقع نہیں ہو سکتی ایک ایسی گورنمنٹ سے اور ایک ایسی سرکار سے جس نے ہندوستان کی ڈیموکریسی کے لئے اپنا ہر ایک حق نیوچھاور کیا ہو - ان سے یہ توقع نہیں ہو سکتی - رہا ہے اور آپ ادھر اور ذرا توجہہ دیجئے -

They are breaking meetings of Opposition parties.

ہم خود میٹنگ نہیں کر سکتے - جہاں بھی ہم میٹنگ کرتے ہیں وہاں وہ بریک کرتے ہیں اور اس سلسلے میں کتنے ہی ہمارے آدمیوں کو - ایک دوکو نہیں بلکہ سینکڑوں آدمیوں کو زخمی کر دیا - میں نے خود منسٹر کو لکھا - چوہان کو لکھا - اس کے بعد ایک ایلکشن کمیشن نے اینا‌ؤنس کیا لا منسٹر نے یہاں و پارلیامنٹ میں اینا‌ؤنس کیا کہ جموں و کشمیر میں ایلکشنس ہونگے - جموں میں ایلکشنس ریسٹ آف دی کنٹری کے ساتھ ہونگے اور کشمیر کے حالات سامنے رکھ کر وہاں پر اینڈ آف دی مارچ میں ہونگے کیونکہ یہی شڈیول پہلے بھی رہا ہے - لیکن ہوا کیا - اس بارے میں ایلیکشن کمیشن کا نوٹیفکیشن ہے لیکن وہ رولنگ پارٹی کا میں ان کو کوئی نام نہیں دیتا جس طریقے سے میں نے آپ سے کہا رولنگ پارٹی نے فوری طور پر وہ کوئی پسند نہیں تھا لیکن انہوں نے اینا‌ؤنس کیا ایلکشن کمیشن نے اینا‌ئونس کیا کہ کشمیر کے لئے ۲۱ مارچ اور جموں کے لئے ۱۹ فروری ہوگی پنجاب کے ساتھ ساتھ - فوری طور پر بدل گئے ہم نے ریپریزنٹیشن کیا اور بجائے مارچ کے اپریل کر دیا اور جموں کشمیر میں ایک ساتھ کر دیا - ایلکشن کمیشن

وہ بالکل کھڑے رہے بھوت کی طرح ۔
وہ دیکھتے ہیں کہتے ہیں کہ
ہم کیا کرینگے ۔ اور پریٹکلر کانسٹی
ٹیوینسی میں کیا ہوا ۵۵ ٹوٹل
سٹرینگتھ ہے اس بوتھ کی لیکن اس
بکسے میں سے ۱۱۸۵ بیلٹس نکلے ۔
یہ ہوا ۔ . . . . . .
(ویودھان) . . . . . اس پر
بھی کچھ نہیں ہوا ۔ ہم ڈاکٹر کرن
سنگھ جو اس وقت وہاں کے گورنر تھے
اس سے بھی ملے سب سے ملے واویلا
کیا راشٹر پتی سے ملے لیکن آخر کو
ہم کو حکم ہوا کہ قانون اجازت
نہیں دیتا ۔ ہم اپنل تو نہیں کرینگے
کیونکہ باہر دنیا میں کیا کہا
جائیگا ۔ ہم نے کہا کہ باہر دنیا
تو ہماری ناک کٹ گئی ۔ انڈیا
کے مطالق یہ کہا جاتا تھا کہ یہاں
الیکشنس فیئر اور امپارشیل ہوتے
ہیں ۔ چنانچہ ہمارے شو کمار سین
سوڈان اور ایجپٹ میں الیکشنس
کرانے کے لئے گئے اور یہاں یہ ہو
رہا ہے ۔ خود سندرم نے کہا ہے ۔

"that the nomination papers of a large number of opposition candidates were rejected on flimsy grounds is serious."

اور پنر وہ کہتے ہیں ۔

"The difference in law is not satisfactory, and I intend recommending to the State Government that the State election law should be brought in line with the general election law on this point as soon as possible."

یہ سندرم کہتے ہیں کہ معاملہ
سیریس ہے ۔ ہمیں ہدایت دی کہ

[شری بخشی غلام محمد]

اور چوہان صاحب نے مجھے
خط لکھا ۔ میں وہ خط پڑھ کر سناتا
ہوں ۔

"I have your letter No. ..... dated 7th January. I am forwarding a copy of this letter to Sadiq Saheb, with a request that he should look into your complaints personally and satisfy himself that nothing wrong or improper is done. I am very keen that the elections in Jammu and Kashmir, as in the rest of the country, should not only be fair, but should also appear to be so, and that nothing should be done that can be regarded as at all unfair and improper."

یہ ہے چوہان صاحب کا خط ۔
اب اس سے اور ایک ہمت ہوئی ہمیں
کہ ایلیکشن فیئر اور امپارشیل
ہونگے ۔ لیکن جناب ہوا کیا ۔
ریجیکشنس ہوئے ۔ ۲۶ آدمی اسیمبلی
میں انکنٹیسٹیڈ آ گئے سٹریٹ اوے
لہذا ۲۶ کی سٹرینگتھ بن گئی ۔ اور
پنر اس کے بعد جو ہوا وہ سب کو
معلوم ہے ۔ دیز آر آل اوپن سکیریٹس ۔

These are all open secrets.

بیلٹ باکسیس آئے ٹوٹے اور
لاس کے بغیر ، سیل کے بغیر ، بیلٹ
پیپر ایکاؤنٹ کئے بغیر ۔ ہم نے
اعتراض کیا ۔

No body just did anything or cared.

لیکن کہا کہ ٹھیک ہے کاونٹ
کیا جاوے ۔ ایلیکشن کمیشن نے
دو آدمی یہاں سے بھیجے کشمیر میں
اسے دیکھنے کے لئے

with no instructions.

فیصلہ ہوتا ستمبر تک کشمیر اسمبلی میں ان کو پتہ لگ گیا کہ ایک ان سیٹ ہو گیا ۔

Because of uncontested return rejection of nomination paper.

۲۵ اور ہونگے ۔ تو انہوں نے ایک دن میں لا بدل دیا اور وہ لا بھی ایک دن میں اسمبلی بیٹھی ۔ اور اسے بدل دیا ۔ ۹ ستمبر کو بدلا اور ۱۰ ستمبر کو ایسنٹ لے لی گورنر سے ۱۱ کو لاگو کر دیا ۔ اور الیکشن ٹریبونل سرکار نے مقرر کیا تھا وہ عدالت میں بیٹھا ہوا تھا الیکشن پٹیشن سننے کے لئے چپراسی گیا اور اس کو کہا کہ

You are no more an election tribunal, please go.

وہ ۱۱ کو ہوا اور ۱۱ کو جب یہ ہوا میں پہنچا دوڑتے دوڑتے پھر چوہان صاحب کے پاس ۔ آخر کہاں جائیں ۔ حاکم تو یہی ہیں ۔ ہم تو انہیں سے بتائیں گے کہ آگے تفتیش ان کا کام ہے ۔ میں پھر آیا میں نے لمبا چوڑا لکھا اور ان کو بتا دیا کہ یہ لا پاس ہوا اور کیا کیا ہوا اس طرح ایک دن میں ۔

الیکشن ٹریبونل ختم ہو گیا ۔ میں نے کہا کہ ایڈ ہاک جلد سے جلد مقرر کیجئے ۔ انہوں نے کہا کہ میں جلدی کروں گا ۔ یہ بات ہوئی شاید ۱۴ ستمبر کو ۔

جاؤ الیکشن کرو ۔ ہم نے کہا کہ اچھا ۔ جب اور کچھ نہیں ہوتا ہے تو بھی ایک ہی ریمیڈی ہے کہ الیکشن پیٹیشن

That is the law of the country.

اور ہم اس کے سامنے جھکے ۔ تو جناب وہ بھی ماجرا سن لیجئے کہ ۵۷ الیکشن پیٹیشنس ہیں کشمیر کی ۔ آندھر پردیش میں ۱۲ تھیں اور ۱۲ ڈسپوز ہو گئیں ۔ ہریانہ میں ۱۳ تھیں اور اس میں سے ۱۲ کا فیصلہ ابھی تک ہو چکا ہے ۔ مہا راشٹر میں ۲۱ تھیں ۲۰ کا فیصلہ ہو چکا ۔ میسور میں ۲۱ تھیں ۱۳ کا فیصلہ ہوا ہے ۔ جب کہ جموں اور کشمیر ۵۷ الیکشن پیٹیشنس تھیں اور خدا کے فضل سے ایک کا فیصلہ ہوا ہے ۔ ریبل سٹوری پر آئیے ۔ ٹریبونل بنتا ہے ۔ سندرم نے کہا لا بدل دو ۔

Bring it on a part with the rest of the country—as early as February 67.

اسمبلی ملی مارچ میں ۔ اس میں لا پاس نہیں ہوا ۔ اور پھر ہوا ۔ ٹریبونل مقرر کیا انڈر دی اولڈ لا ۔ ٹریبونل نے کام شروع کیا کر دیا ۔ ایک کا فیصلہ دیا ۔ یعی اس کا شڈیول تھا وہ ۲۶ کے فیصلے دینے والا تھا ان دی منتھ آف ستمبر ..... (ویودھان) ..... تو پھر کیا ہوا ۔ ۲۶ جو ان کنٹیسٹڈ رٹرنز تھے ان کا

کیجئے - یہ بھی آپ نہیں مانیں گے - مجھے معلوم ہے نہیں مانیں گے آپ - کشمیر سبجیکٹ ہے - تو پھر میں عرض کروں گا آپ سے کہ آج نو مہینے ہو گئے ہیں - اب دسمبر - جنوری فروری اور مارچ چار مہینے ہیں - معمولی سا سجیشن آپ سے عرض کرتا ہوں - پازیٹو سجیشن ہے - ان چار مہینوں میں ان سب پیٹیشنز کا فیصلہ کرا دیجئے -

And let there be fresh elections in April 68.

یہ میرا سجیشن ہے کہ آپ زیادہ سے زیادہ ججز کو مقرر کریں جو ان کنوننز کا جلد سے جلد فیصلہ کریں - میں ایکسٹر یمسیٹ نہیں ہوں ایکسٹریم میں نہیں جاونگا - یہ ایک سجھاؤ ہے مہربانی کرکے امیڈیٹ اسٹیپس لیجئے - ۱۴۱ کیسز کو ڈیسائڈ کرائیے - خاص طور سے ۲۱ کیسیز اسیمبلی کے ہیں جن کو ججیز کو مقرر کر کے ڈیسائڈ کرائیے - اگر یہ کیسیز مارچ کے آخیر تک ڈسائڈ ہو جائیں تو فریش ایلیکشنز اپریل میں ہو سکتے ہیں - فریش ایلیکشنز سے میرا مطلب بائی ایلیکشنز ہے -

دوسری بات - یہاں پر کشمیر کو دی جانے والی سہایتا کے متعلق کہا گیا ہے - کشمیر آپ کا ایک غریب ساتھی ہے- جہاں بمبئی اور کلکتہ جیسے آپ کے امیر ساتھی ہیں وہاں کشمیر جیسا ایک چھوٹا اور غریب

[شری بخشی غلام محمد]

اور آج ستمبر بھی گیا - اکتوبر بھی گیا - نومبر بھی گیا - آج آخری تاریخ ہے نومبر کی -

نو مہینے ہو گئے ہماری پیٹیشن کے - ۵۷ الیکشن پیٹشنز میں سے ایک کا فیصلہ ہوا ہے اور خدا نے چاہا اگر یہی سپیڈ رہی تو کم سے کم ۱۰ سال ان کو چاہئے یہ فیصلہ کرنے کے لئے حالانکہ قانون ہے کہ ودن سکس منتھس ہونا چاہئے - مہا راشٹر میں ۲۱ میں ۲۰ کا فیصلہ ہو گیا - ہریانہ میں ۱۵—۱۲ کا فیصلہ ہو گیا - بائی الیکشن بھی ہو گئے - لیکن کشمیر جس کو کہ کہا جاتا ہے کہ سپیشل سبجکٹ ہے ۳۷۰ ہے ۳۸۰ ہے - ۳۹۰ ہے مجھے معلوم نہیں اور کون کون سے سبجیکٹس لاگو ہیں لیکن یہ کیا ہے کہ آج تک اس وقت تک کوئی ایڈ ہاک جج مقرر نہیں ہوا ہے - جب کہ ہائی کورٹ میں وہاں تین آدمی مشتمل ہیں -

They are fully occupied with their own work.

وہ نہیں کر سکتے انہوں نے صاف کہا -

لیکن میں راشٹر پتی راجیہ کے متعلق کہوں تو انہیں نا منظور ہوگی بات - میں ایک بات کہونگا - جو میرا خیال ہے انہیں پسند آئیگی - میں ان کو یہ کہونگا کہ یہ مائناریٹی گورنمنٹ جو ہے جو اس طرح بنی ہے اور جس کے خلاف اتنے پیٹشنز ہیں اس کو ڈسمس

خرچ تھا - لیکن اب وہ بڑھ کر پونے تین کروڑ ہو گیا ہے - یہ ایکسپانشن ہوا ہے - یہ فگرس میں کشمیر بجٹ سے پیش کر رہا ہوں - انڈسٹریز کے بجٹ میں ہم اس وقت ۲ کروڑ ۴۹ لاکھ روپیہ یعنی تقریباً ڈھائی لاکھ روپیہ خرچ کرتے تھے لیکن اب اس پر ۴۹ لاکھ روپیہ خرچ ہوئے تھیں - یعنی ڈویلپمنٹ کی چیز تھی ان کو روک دیا گیا - مسٹر ڈانگے یہاں بیٹھے تھے - وہ لیبر کے معاملے میں وہاں گئے تھے - ہماری سلک فیکٹری میں جہاں چار ہزار آدمی کام کرتے تھے وہا اب ۵۰۰ سے بھی زیادہ نہیں ہیں - کوکوئز ۶۰ ہزار من پیدا ہوتی تھی وہاں اب ۱۰-۱۲ ہزار من پیدا ہوتی ہے - ۷-۸ مہینے سے وہ لوگ بیکار ہیں - اسلئے جناب میں چاہتا ہوں کہ ان سب چیزوں پر توجہ دی جائے -

دوسری بات میں ہوم گارڈس اور فیلڈ سروے آرگنیزیشن کے بارے میں کہنا چاہتا ہوں - یہاں پر ابھی ایف-ایس - اے کا تزکرہ ہوا جس پر ڈیڑھ کروڑ روپیہ سے زیادہ خرچ ہونا ہے - اگر آپ ان کو ڈسمس کرینگے -

مہنت دگوجے ناتھ (گورکھپور) : وہ ہندو ہیں یا مسلمان -

شری بخشی غلام محمد : ہندو مسلمان سب ہیں - اب اگر ان دس ہزار آدمیوں کو آپ ڈسمس کرینگے ساتھی بھی ہے- اسلئے سہایتا تو اس کو دینی ہی پڑیگی - میں آپکی اطلاع کے طور پر عرض کرنا چاہتا ہوں کہ ۱۹۴۷ سے مارچ ۱۹۶۴ تک ٹوٹل گرانٹس اور لونز جو کشمیر کو ملے - وہ تھے تقریباً ۷۲ کروڑ روپیہ - لیکن ۱۹۶۴ سے ۱۹۶۶ کے آخیر تک جو نئی سرکار کو ملے وہ تھے ۷۰ کروڑ روپیہ - یعنی دو سال میں انکو ۷۰ کروڑ روپیہ دیا گیا - میں چاہتا ہوں کہ آپ اس کی ذرا دیکھ بھال کیجئے - میں یہ جو فگرز آپ کے سامنے پڑھ رہا ہوں یہ میں فائننس ڈپارٹمنٹ کے سٹیٹمنٹ سے کوٹ کر رہا ہوں - یہ میری اپنی فگرز نہیں ہیں - بلکہ فائننس ڈپارٹمنٹ سے جو فگرز میرے پاس آئیں ہیں ان میں سے بتا رہا ہوں - کشمیر پر تھوڑا رحم کھائیے -

پاٹودیا جی نے ایک بڑی ہی کنسٹرکٹو ایپروچ کی بات کہی ہے - لوگوں کو اپنے ساتھ رکھئیے لیکن ان کو کام دیجئیے - وہاں پر کام دھندوں کا ایکسپانشن ہونا چاہئیے - انڈسٹریل ڈویلپمنٹ ہونا چاہئیے - ایگریکلچر کو بڑھاوا دیجئیے - لیکن ہوتا کیا ہے - جینرل ایڈمنسٹریشن پر ۱۹۶۲-۱۹۶۳ میں ۶۱ لاکھ خرچ ہوا لیکن آج چار سال بعد وہ بڑھ کر ۱ کروڑ ۱۰ لاکھ ہو گیا یہ ایکسپانشن وہاں پر ہوا ہے - پولیس پر ۱۹۶۳-۱۹۶۴ میں ایک کروڑ روپیہ

[شری بخشی غلام محمد]

تو شاید ایک نئی پرابلم ایمپلائمنٹ کی کھڑی ہو جائیگی - لیکن یہ بات ٹھیک ہے کہ ان کے اندر جو اینٹی سوشل اینٹی نیشنل ایلیمنٹ بھرے ہوئے ہیں ان کو ویڈ آوٹ کیا جائے. اور جو باقی بچتے ہیں ان کو ابزارب کر لیا جائے اور ان کو آپ تھیٹر کمانڈر کو ہینڈ اوور کر دیں - آپ ان کو کہہ دیجیئے کہ سینٹر اس میں گرانٹ دیتا ہے ۹۰ فی صدی تک اور بورڈر ڈفینس کے لئے ان کو رکھا گیا ہے اور اس کے بعد ان کو چائنا بورڈر اور پاکستان بورڈر پر لگا دیجئے - کیا ضروری ہے کہ ان کو شری نگر یا اننت ناگ یا بارا مولا میں ہی لگایا جائے - وہاں ان کا کیا کام ہے - اس لئے میں عرض کر رہا ہوں کہ اس طرح سے ڈسمس کرنا مشکل ہوگا - لہذا آپ اتنی کرپا کیجئیے ان کو بھرتی کیا گیا ہے ان کو اس کام پر لگایا جائے اور سٹریٹ اوے ان سے وہ کام لیا جائے - ان کو لداخ بھیج دیجیئے - چوشول بھیج دیجیئے - کارگل بھیج دیجیئے - بارڈر پر لگا دیجیئے -

یہاں پر فوڈ کے سلسلے میں تذکرہ ہوا - واقعی ایلارمنگ پوزیشن تھی - جب سیلاب کے سال میں یعنی ۱۹۵۷ سے ۱۹۵۹ میں ۶۰ ہزار ٹن ۶۲ ہزار ٹن سے زیادہ غلہ نہیں گیا - ہر قسم کا غلہ رائس - میز - جوار - باجرہ - وھیٹ وغیرہ - لیکن ۱۹۶۵-۱۹۶۶ میں میرے ایک سوال کے جواب میں جو کہ مجھے کل ہی ملا ہے بتایا گیا ہے - کہ تین سال میں ۵ لاکھ ۵۸ ہزار ٹن گیا ہے - میں چاہتا ہوں کہ اس کی دیکھ بھال کی جائے کہ ایسا کیوں ہوا ہے -

یہاں پر کسی دوست نے شاید ایسا کہا - کہ کشمیر کو سستا غلہ دیا جاتا ہے - میں اس ہاوس کی اطلاع کے لئے عرض کرنا چاہتا ہوں کہ کشمیر کو بھی اسی قیمت پر غلہ دیا جاتا ہے جس قیمت پر دوسروں کو ملتا ہے - ہاں ، کشمیر گورنمنٹ اس میں اپنی طرف سے سبسڈی دیتی ہے - اس کو گورنمنٹ آف انڈیا سبسیڈ ائز نہیں کر رہی ہے - گورنمنٹ آف انڈیا ۱۹۵۷-۱۹۵۸ تک کرتی تھی - لیکن اب کشمیر گورنمنٹ کر رہی ہے - ہاں یہ بات ضرور ہے کہ کشمیر گورنمنٹ پہلے ٹو دی ٹیون آف ۱۲۵۰۰۰-۱۷۵۰۰۰ اور ڈھائی لاکھ تک کرتی تھی لیکن اب یہ ہو گیا ہے کہ آٹھ کروڑ روپیہ تک کیا جا رہا ہے - اسلئے میرا خیال ہے کہ اس طرف بھی توجہ دینے کی ضرورت ہے -

تیسری بات میں یہ عرض کرنا چاہتا ہوں کہ جناب صادق صاحب نے اپنی پالسی سٹیٹمنٹ میں کہا تھا کہ میں ڈیموکریسی میں بیلیو کرتا ہوں - یقیناً اگر میرے زمانے میں ایک بار بھی گولی چلی تو میں اسی وقت کرسی چھوڑ دونگا - لیکن

It is perpetual 144 since 1965 upto this time.

اور میں آپ کی آگاہی کے لئے یہ بھی عرض کر دوں کہ پچھلے ایلیکشن کے دوران بھی دفعہ ۱۴۴ کو نہیں اٹھایا گیا۔ ہم لوگ اجازت لیکر جلسے کرتے تھے ۔ اگر اجازت ملتی تھی تو جلسہ کرتے تھے ۔ اگر اجازت نہیں ملتی تھی تو نہیں کر سکتے تھے ۔

It has become perpetual.

کرفیو کے سلسلے میں بھی عرض کر دوں ۔ یہاں بنگال کی حالت یہ ہے کہ اگر ۲۴ گھنٹے کا بھی کرفیو لگتا ہے تو اتنا شور ہوتا ہے ۔ لیکن وہاں پانچ دن تک تو کرفیو کے نیچے بالکل بند ہی رہا اور ابھی تک بھی نائٹ کرفیو چلتا ہے ۔ یہ حالت آج وہاں کی ہے ۔ آپ یہ کہینگے کہ میں وہاں کی گورنمنٹ کی ڈفیکلٹیز کو جانتا ہوں ایک دوست نے یہاں کہا کہ جموں کشمیر راج میں راشٹر پتی راج کا مطالبہ کرنے سے اگر ہم راشٹر پتی راج وہاں پر لاگو کرینگے تو پاکستان کے ہاتھ میں ہم ایک ہینڈل دینگے تو میرا کہنا ہے کہ ہینڈل تو جناب والا ہم نے اسی دن پاکستان کو دے دیا جس دن کی یہ ۱۴۱ نامینیشن فارمس ریجکٹ کر دئے اور تب سے وہ برابر دیا جا رہا ہے ۔ مجھے فکر ہے کہ ڈیمو کریسی کا کیا ہوگا ۔ باقی اب چونکہ وقت نہیں ہے اس لئے میں اور زیادہ کچھ نہیں کہونگا ۔

یہ کرسی جناب اتنی پیاری ہے کہ کوئی اس کو نہیں چھوڑتا ۔ اب آپ دیکھ لیجیئے کہ کتنی بار وہاں پر گولی چلی ۔ اس سرکار سے ہم کو تین چیزیں ملی ہیں ۔ ۱۹۶۵ میں میں انڈو ۔ پاکستان کا کانفلکٹ ہوا ۔ بہت بڑا تحفہ ملا ۔ ہمارے چوہان صاحب اس وقت ۳ اگست کو شری نگر میں تھے ۔ انہوں نے اس وقت کہا ۔

"There is no fear of infiltration and we have sealed the borders."

On the 8th of August, in this very hon. House Shri Nanda announced that 12,000 infiltrators have reached Srinagar and they have surrounded Srinagar.

میں اس کی ڈیٹیلز میں نہیں جاتا ۔ لیکن سوال پالسی آف لبرلائیزیشن کا ہے ۔ میں دعویٰ کے ساتھ کہہ سکتا ہوں کہ میرے زمانے میں ایک بار بھی گولی نہیں چلی ۔ ۱۹۵۳ سے لیکر ۱۹۶۳ تک ایک بار بھی لوگوں پر گولی نہیں چلی ۔ ایک بھی سٹرائک نہیں ہوئی ۔ لیکن ۱۹۶۴ سے یہ سب ہونا شروع ہو گیا ۔ اب آپ کہہ دیجیئے کہ یہ سب تم کرا رہے ہو ۔ بخشی فوبیا کہہ دیجیئے ۔

تو میں عرض کر رہا تھا کہ ۱۹۶۵ میں پاکستان انڈیا کانفلکٹ کا تحفہ ملا ۔ ۱۹۶۶ میں جموں سٹوڈینٹس پر فائرنگ ہوا ۔ وہاں پر دفعہ ۱۴۴ لاگو کیا گیا ۔ دفعہ ۱۴۴ تو جناب کشمیر کے آئنے کا ۔ کتاب کا ایک سٹیچوٹ بن گیا ہے ۔

[شری بخشی غلام محمد]

بہر حال یہ ایک نقشہ تھا جو میں نے آپ کے سامنے رکھا - مجھے امید ہے کہ میں نے کچھ ماڈریٹ اور پریکٹکل سجیشنس دئے ہیں اور ان کو ایکسپٹ کرنے میں آپ کو کوئی ڈیفکلٹی نہیں ہونی چاہئے یا پھر کہئے کہ وہ آپ کی اس فارسی کے شاعر جیسی حالت ہے جس نے یہ لکھا ہے۔

''عمرے وائید کہ یار آید بکاد،،

تم بھی رہو ہزار سال اور یہ سلسلہ بھی چلتا رہے ہزار سال - آپ نے یہ نہیں کرنا ہے اور نہ یہ ہمیں حاصل ہوگا - اس لئے میں آخر میں بھی یہی عرض کرکے ختم کرونگا کہ کشمیر ہندوستان کے ساتھ ہے کشمیر کے مسلمان - کشمیر کے ہندو - جموں کے ہندو و سکھ اور لداخ کے بودھ سب ہندوستان کے ساتھ ہیں - وہ ان تمام چیزوں کے باوجود ہندوستانی ہیں - ہندوستانی رہے ہیں اور آگے بھی وہ ہندوستانی رہنے والے ہیں اور وہ اس سے دور نہیں جائینگے -]

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफ़ी कुरैशी) : जनाब डिप्टी स्पीकर, मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे मौका दिया गया कि मैं इस कश्मीर के बारे में कुछ कहूं। बख्शी साहब से मुझे कुछ इख्तलाफ हो सकता है लेकिन कई बातों पर वाकई में उन से सहमत हूं जो उन्होंने यह कहा कि कश्मीरियों पर यह इलजाम लगाना कि वह पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तान के एजेंट हैं यह बिल्कुल गलत बात है। वह एक ऐसा इलजाम है जो शायद तौहीन की हद तक पहुंच जाता है।

कश्मीर के हालात को समझने के लिए कश्मीर के इतिहास पर थोड़ी सी नजर डालिये और उससे आपको मालूम होगा कि जो बातें आप कह रहे हैं और जो बातें चन्द एक दोस्तों ने कहीं उनकी कोई बुनियाद नहीं है। यह सब जानते हैं कि कश्मीर में जब तहरीके आजादी शुरू हुई तो उसके सिपाही जो थे उनमें शेख अब्दुल्ला थे, खुद बख्शी गुलाम मुहम्मद थे और गुलाम मुहम्मद सादिक थे। इन लोगों ने वहां पर मुस्लिम कान्फ्रेंस शुरू की। उस वक्त कश्मीर में हमारे यहां के मौजूदा मिनिस्टर कर्ण सिंह के वालिद मरहूम महाराजा हरी सिंह वहां के महाराजा थे .... (**व्यवधान**) मेरी बात सुनिये। उस वक्त 1938 में मुस्लिम कान्फ्रेंस को नेशनल कान्फ्रेंस में बदलने का फैसला किया गया ..... (**व्यवधान**) सुनिये साहब। कोई सियासी दबाव नहीं था जिसकी कि वजह से वह हुआ बल्कि वह इसलिए हुआ कि कश्मीर के लोग जो थे वह बुनियादी तौर पर एक ऐसी आइडियोलिजी के साथ मुत्तफिक थे जिस में कि वह सैकुलरज्म और डेमोक्रेसी को अपनाना चाहते थे। अगर कोई आदमी यह कहे कि मैंने उस वक्त कश्मीर में कोई अलहदा रोल प्ले किया है तो मैं उस को मानता तो जरूर हूं लेकिन बुनियादी बात यह है कि कश्मीरियों की रगों और नसों में यह फिरकापरस्ती का जहर नहीं भरा था और आज भी अगर आप देखेंगे तो पायेंगे कि कश्मीरी मुसलमानों के नाम के साथ हिन्दू का आखिर में थोड़ा नाम जुड़ा होता है और उसी तरह से कश्मीरी हिन्दुओं के नाम के आखिर में थोड़ा मुसलमान का नाम जुड़ा रहता है। जैसे कि मैं आप को बतलाऊं एक वहां जगन्नाथ पीर चीफ इंजीनियर होते थे बख्शी साहब के जमाने में। ऐसे ही काजी प्रेम नाथ नाम है।

7.24 hrs.

[SHRI S. M. JOSHI *in the Chair*]

ऐसे ही मुसलमानों के वहां पर नाम हैं जैसे अब्दुल अजीज नेहरू, गुलाम हबीबुल्ला पंत..... (**व्यवधान**)

SHRI PILOO MODY : Is he naming poets ?

SHRI BAL RAJ MADHOK : What is he aiming at ?

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरैशी : आप नाराज मत होइये । मेरा यह सब बतलाने से मतलब यह था कि शुरू से ही कश्मीर के जो रहने वाले लोग थे उन में एकता थी । हर एक नेता जो भी वहां पर आया उसने अपना रोल अदा किया जिसमें शेख अब्दुल्ला का रोल भी है, बख्शी साहब जो यहां पर बैठे हैं उन का भी रोल रहा है । अभी यह कहा जाता है कि कश्मीर में शायद कोई ऐसी समस्या पैदा हो गई है कि वहां नौनमुस्लिम का रहना व जीना बिलकुल दुश्वार है और वहां पर मुसलमान खूनी व खूंख्वार दरिन्दों की तरह नौनमुस्लिम को मारना चाहते हैं जितनी जल्दी इस खयाल को दिलों से हटाया जाय, जितनी जल्दी इस नक्शे को मिटाया जाय वह बेहतर होगा··· (**व्यवधान**) मेहरबानी कर के खामोशी के साथ मेरी बात को सुनते चलिये । मेरा मतलब यह कहने का था कि कश्मीर की जो फ़िज़ा बनी हुई है फिरकेवाराना यगानगत की उस पर किसी को शक नहीं करना चाहिये । अब यह तो हो सकता है कि वहां पर डेवलपमेंट प्लांस अमल में न आये हों, वहां पर कभी कभी कोई खामी आई हो तो उस के लिए हम यह मांग करें कि यह प्रेसीडेंट रूल वहां पर होना चाहिए में समझता हूं कि यह जायज़ बात नहीं है । बख्शी साहब को हजारों शिकायतें हो सकती हैं एलेक्शन के मुताबिक और अभी उन्होंने एक काफी लम्बी चौड़ी तकरीर वहां के एलैक्शंस के मुतालिक की लेकिन मैं समझता हूं कि जब एलैक्शंस पेटीशंस इस वक्त अदालत में हों तो उन पर कोई रायज़नी करना अच्छा नहीं होगा । ····

श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी : मैंने कोई राय नहीं दी । मैंने तो एक वाकया बयान किया । वह किसी अदालत में नहीं है । मुझे मालूम नहीं है कि वह कहां है ?

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : बख्शी साहब को अच्छी तरह से मालूम है कि वह कहां पर है । जहां तक कश्मीर की मौजूदा हुकूमत का ताल्लुक है अगर उस हुकूमत के साथ जनता नहीं है, अवाम का साथ उसे हासिल नहीं है तो इसका फैसला ऐवान में किया जा सकता है, असेम्बली में किया जा सकता है । सड़कों पर यह इश्यू नहीं ले जाया जाना चाहिए । असेम्बली यह कहने का अधिकार रखती है है कि वह यह कहे पार्लियामेंट को और सरकार को कि वहां पर मौजूदा हुकूमत को अक्सरियत हासिल नहीं है····

SHRI BAL RAJ MADHOK : The charge is that the Assembly is not representative. It is hen-pecked; it is nominated. (*Interruption*) How can you prove it unless you hold the elections, unless the petitions are settled?

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : अब में एक बात कहना चाहता हूं । अभी जनसंघ के कुछ सदस्यों ने काफी शिकायतें कीं कि कश्मीर में यह हो रहा है और कश्मीर में वह ज्यादती हो रही है तो मैं उन की इत्तिला के लिए आर्गेनाइजर अखबार का सन् 63 का एक आर्टिकल पढ़ता हूं । मेरे दोस्त मेहरबानी करके सुनें : बख्शी साहब ने कहा कि सन् 1953 से लेकर 63 तक एक बार भी 144 दफा वहां पर नहीं लगी तो आर्गेनाइजर इस बारे में क्या लिखता है वह जरा सुनें:

"The occasion was the mammoth public meeting organised by Shri Shafi Qureshi, a leading advocate of Kashmir Bar..... (*Interruptions*) on the minds of thousands of people gathered was Pandit Nehru's decision, in accordance with the Kamraj Plan, that Bakshi Gulam Mohammed should quit his office. Shri Shafi Qureshi's outspoken broad sides have evidently been giving sleep-

[श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी]

less nights to Bakshi Gulam Mohammad and Co.... (*Interruptions*) Please listen.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : That is why you are the Deputy Minister here.

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : मेहरबानी कर के सुनिये :

"Within days of the above described meeting, Shri Shafi Qureshi has been served with a gag order, he has been prohibited for an indefinite period from making any public statement or addressing a public meeting in the State."

I went to the High Court against this order.

This is from the *Hindustan Times* ...

SHRI J. B. KRIPALANI (Guna) : Shall we listen to these personal disputes ?

सभापति महोदय : माननीय सदस्य खामोश रह कर सुनें । उन का वक्त खत्म होने पर मैं कुरेशी साहब को रोक दूंगा ।

श्री य० द० शर्मा : विषय काश्मीर का है, विषय कुरेशी साहब का नहीं है ।

श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी : मैं उन से कहता हूं कि वह जहमत गवारा न करें, वह जो कुछ कह रहे हैं वह सही कह रहें हैं । लेकिन आज जो कुछ हो रहा है उसका इलाज क्या है ?

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : आज जो लोग मांग करते हैं कि वहां पर संसद का राज्य होना चाहिये, जैसा कि एक दोस्त ने कहा वह हिन्दुस्तान या कश्मीर के हाथ मजबूत नहीं करते, वह यकीनन दुश्मनों के हाथ को मजबूत करते हैं ।

श्री कंवरलाल गुप्त : माननीय मंत्री जी कैसे करना चाहते हैं, वह बतलायें न ।

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : मैं बतलाऊंगा, अगर आप को सब्र हो । यह जो नफरत फैलाने का तरीका है, हिन्दू और मुसलमान के नाम पर झगड़ा कराने का जो तरीका है उससे आप हिन्दुस्तान की खिदमत नहीं करते, हिन्दुस्तान के वकार को ठेस पहुंचाते हैं ।

काश्मीर में एक वाक्या हुआ, जिसका माननीय सदस्य ने जिक्र किया । एक परमेश्वरी देवी ने शादी कर ली मुसलमान लड़के के साथ । लेकिन हकीकत यह है कि वहां पर मुसलमान लड़कियों ने भी हिन्दू लड़कों के साथ शादियां की हैं । मगर कभी कोई शोर नहीं मचा ।

श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी : जहां तक परमेश्वरी देवी का ताल्लुक है, मामला आपने उठाया और यह भी कहा कि मामला सब-जुडिस है इस लिये मैं उसके मेरिट्स में नहीं जाना चाहता ....

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : मैं केस की मेरिट्स में नहीं जा रहा हूं । मैं यह कह रहा हूं कि इस किस्म की चीजें वहां होती रही हैं और यहां भी होती हैं । एक ही कम्यूनिटी में ऐब्डक्शन के केस हो जाते हैं ...

श्री रामावतार शर्मा : (ग्वालियर) : सभापति महोदय, यहां पर जो चर्चा इस समय हम लोग कर रहे हैं वह इस लिये कि श्री प्रकाशवीर शास्त्री की चर्चा का उत्तर आये । लेकिन अब हम यह देख रहे हैं कि वहां पर बख्शी साहब और कुरेशी साहब का मुकाबला किया जा रहा है ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य बैठ जायें, यह प्वाइंट आफ आर्डर नहीं है ।

श्री रामावतार शर्मा : इन दोनों का आपस में मुकाबला किया जा रहा है, यह अपनी कह रहे हैं और वह अपनी कह रहे हैं । इससे क्या फायदा ?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं अर्ज कर रहा था कि जहां तक इस बात का ताल्लुक है, इसमें एक मजहबी रंगत दी गई । यह बिलकुल

गलत तरीका है । फिर इस के साथ-साथ वहां पर ओवरनाइट एक ऐक्शन कमेटी आर्गेनाइज की जाती है । इस ऐक्शन कमेटी के पीछे कौन है, यह सब जानते हैं । वही लोग जो सब से पहले हमला करना चाहते हैं, हल्ला करना चाहते हैं, उन मर्कजों पर जहां अभी तक कम्यूनिलिज्म फला फूला नहीं है । उन का मकसद यह है कि तमाम उन हिस्सों में जहां शांति और अमन है, जहां के लोग भाई-चारा कायम रखते हैं, वहां मजहब के नाम पर फूट डाली जाये और मजहब के नाम पर इन्सानों को तकसीम किया जाये, और इस के लिये काश्मीर को अड्डा बनाया जाये ।

17.30 HRS.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

लेकिन कश्मीरियों को एक बार फिर मौका मिला । एक दफा उन्होंने 1947 में अपना मेट्ल जाहिर किया और उसके बाद जब पाकिस्तान ने ऐग्रेशन किया तब उन्होंने अपना मेट्ल जाहिर किया । इस वक्त जो लोग उन पर शक करते हैं वह वही लोग हैं जो जम्मू छोड़ कर पठानकोट चले गये थे । यह ऐसे गैय्यूर और गैरतमन्द लोग हैं । मैं कहना चाहता हूं कि यह एक सीरियस मैटर है । आज हम को श्री बलराज मधोक का सर्टिफिकेट नान-कम्यूनलिज्म के नहीं चाहिये । हम जो कुछ भी हों, हिन्दुस्तान के हैं, हिन्दुस्तानी हैं, हिन्दुस्तान के रहेंगे और हिन्दुस्तान में मरेंगे अगर कोई यह समझता है, कोई जमात यह समझती है····

श्री बलराज मधोक : सर्टिफिकेट हमारा नहीं, अपने दिल का लो । (**व्यवधान**)

श्री कंवरलाल गुप्त : मैं और कुछ जिक्र नहीं करना चाहता, लेकिन यह बतलाइये कि वहां पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाये जाते हैं या नहीं ? अगर लगाये जाते हैं तो आप उसको कैसे रोकेंगे ? यहां पर आयूब साहब जिन्दाबाद के नारे लगाये जाते हैं । आप को इस पर शर्म नहीं आती और आप इसको डिफैन्ड करते हैं । आप के आदमी इस तरह के नारे लगाते हैं । आप बेकार की बातें करते हैं । आप को पता नहीं है । हिन्दुस्तान के इलाके में क्या पाकिस्तान के नारे लगेंगे ? नहीं लगेंगे । अयूब जिन्दाबाद के नारे नहीं लगेंगे ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : This is not fair. The House listened to all the speeches so far with rapt attention and it was good. We are discussing the situation in a particular area which is very vital. If the hon. Member goes on interrupting Mr. Qureshi, it would be very difficult. Whatever he wants to say, he can say. The Home Minister will reply at the end and the hon. Member can put questions at that time. So far as this argument is concerned, he may please not interrupt Mr. Qureshi. He has to conclude.

श्री कंवरलाल गुप्त : मेरे सवालों का जवाब दिया जाये (**व्यवधान**)

श्री मुहम्मद शफ़ी कुरेशी : मैं कहता हूं कि अगर किसी भी मुल्क के हिस्से में कोई आदमी वतन से या कौम से गद्दारी करता है, ख्वाह वह किसी भी मजहब से ताल्लुक रखता हो, वह गद्दार है । किसी एक मजहब में नहीं, गद्दार हर मजहब में पैदा होते हैं, हर सूबे में पैदा होते हैं, हर कौम में पैदा होते हैं । किसी भी खास कौम के बारे में यह कहना उस कौम के साथ दुश्मनी करना है, अदावत करना है ।

मैंने साबित कर दिया है, और मुझे याद है, बख्शी साहब को भी भूलना नहीं चाहिये कि जिन लोगों ने देश के लिये अपनी जानें दी हैं, जिन लोगों ने अपना सब कुछ लुटा दिया है, उन पर भी इल्जाम लगाये जाते हैं कि वह पाकिस्तान के एजेंट हैं । इस किस्म की बात का विरोध किया जाना चाहिये । मैं साबित कर के दिखाऊंगा कि जो पहले बख्शी साहब और शेख साहब की तारीफें करते थे, वही आज कहते हैं कि यह लोग पाकिस्तानी एजेंट हैं । मैं कहना चाहता हूं कि इससे बड़ा जुल्म और जुर्म नहीं हो सकता । हम हजार इख्तलाफ रखते हों·····

श्री गुलाम मोहम्मद बख्शी : यहां पर कम्पलिकेशन पैदा हो रहा है काश्मीर के सिलसिले में। मेरे खयाल में न इस तरफ के मेम्बरों को काश्मीरी मुसलमानों से कोई शिकायत है न उस तरफ के मेम्बरों को। किसी ने ऐसी बात नहीं कही। जो काश्मीरी हिन्दू हैं वह रिनेगेड हो सकते हैं, काश्मीरी मुसलमान गद्दार हो सकते हैं, लेकिन यह शिकायत किसी ने नहीं की है।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : बख्शी साहब ने श्री प्रकाशवीर शास्त्री की तकरीर नहीं सुनी।

श्री कंवरलाल गुप्त : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्वाइंट आफ आर्डर उठाना चाहता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : On what point of order?

श्री कंवरलाल गुप्त : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा कहना यह है कि माननीय मंत्री महोदय जो कुछ कह रहे हैं वह एक गलत इम्प्रेशन पैदा कर रहे हैं। किसी ने नहीं कहा है काश्मीरी मुसलमानों को कि वह गद्दार हैं। यहां पर किसी के कहने का मंशा नहीं है कि काश्मीरी मुसलमान गद्दार हैं। इस तरह के कहने का मतलब होगा कि यह गलत इम्प्रेशन पैदा हो जाएगा और सारे संसार में यह बात जायेगी। किसी ने भी नहीं कहा है कि मुसलमान गद्दार हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : That was cleared by Mr. Bakshi just now. There is no point of order and if that impression is created, he has already disabused the mind of the House. Please continue.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैंने यह बात इसलिये कही कि मेरे मोअज्जिज दोस्त श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने कहा कि वहां हिन्दू महिलाओं का सिन्दूर लूटा जा रहा है, वहां उनकी अस्मत लूटी जा रही है लेकिन मैं हाउस से कहना चाहता हूं कि.....

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : उपाध्यक्ष महोदय, फिर यहां गलतबयानी पर मुझे खड़ा होना पड़ रहा है। यहां पर आप के आदमी हैं, जो एक एक शब्द नोट करते हैं, टेप रिकार्ड हैं, जिस पर एक एक शब्द अंकित होता है। मैंने कहा था कि अगर आप ने काश्मीर को इतने अरबों रुपये व्यय करने के बाद और हजारों बलिदान देने के बाद फिर अपने हाथों से छोड़ दिया तो इन हजारों बलिदानों और जिन महिलाओं के सुहाग के सिन्दूर लुटे हैं, उनकी कुर्बानी पर आप धूल डालेंगे। मैंने यह कहा है। यह इसको कहां ले जा रहे हैं। आप उन से कहें कि वह हिन्दी सीखें।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं अर्ज कर रहा था कि आज यह आदत हो गई है....

SHRI BAL RAJ MADHOK : We are not here to listen to a personal dialogue. Let him reply to the charges.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : आप खामोश रहें तब तो मैं कुछ कहूं।

SHRI A. K. SEN (Calcutta, North West) : On a point of order, I must support Bakshi Saheb and others. Nobody, whether on the Opposition side or on our side has cast any aspersion on the Kashmir Muslims. They are our brothers; they are part and parcel of this country and it will be a wrong thing to answer a charge like that. It will create confusion in the public mind.

MR. DEPUTY-SPEAKER : In order to avoid further controversy I would like to point out to the hon. Member one thing. I have listened to all the speeches very carefully. The main problem is about the Kashmir administration. Communal aspect of it has nobody highlighted, so far as I understand. As fas as possible avoid that also.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara) : Is he intervening in the debate as a Member of the Government.

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is a Member of the House.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : जहां तक और बातों का ताल्लुक है कि वहां एडमिनिस्ट्रेशन

नहीं चल रहा है, फंड्ज जो गए हैं उनका दूसरी जगह इस्तेमाल हुआ है, मैं कहना चाहता हूं कि इन बातों को सुन कर मुझे हैरानी हुई है। मुअज्जिज मैम्बर बख्शी शाहब 1963 तक वहां चीफ मिनस्टर थे। उनके वक्त भी कुछ गलतियां हुई होंगी। लेकिन एक बात का मुझे दुख जरूर है। प्रकाशवीर शास्त्री जी ने कहा है कि जो गल्ला काश्मीर में जाता है वह वहां से स्मगल हो कर पाकिस्तान को चला जाता है। उपाध्यक्ष महोदय, आपको याद होगा कि इस वक्त हमारी सरहदों पर हमारी सेनायें बैठी हुई हैं और वही हमारी सरहदों की हिफाजत करती हैं। अगर इस तरह की बात हम कहें कि गल्ला स्मगल होकर पाकिस्तान चला जाता है.... (इंटरप्शन)

SHRI BAL RAJ MADHOK : How is it an aspersion on the Army?

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : अगर उसके होते हुये गल्ला पाकिस्तान चला जाता है....

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have followed his arguments very carefully and also the other arguments. Let him not bring in the Army and other such matters.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं हकीकत बता रहा हूं। अगर यह इलजाम है कि गल्ला वहां से पाकिस्तान को भेजा जा सकता है, जैसा इल्जाम उन्होंने लगाया है तो मैं इस में कौन सी गलत बात कहता हूं कि जब मैं यह कहता हूं कि साहब ऐसी बात नहीं होती है क्योंकि एक एक इंच सरहद की हिफाजत हमारी फौज करती है और हमें इस बात का फख्र है एक मक्खी भी इस तरफ से उधर नहीं जा सकती है और जो हिन्दुस्तान का माल है वह उधर नहीं जा सकता है। इस वास्ते यह जो इलजाम है यह बेबुनियाद है।

SHRI J. B. KRIPALANI : Our Army was there when thousands of infiltrators went into Kashmir. What is the hon. Minister talking about? He is talking through his hat.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have already ruled and pointed out to the hon. Member not to refer to those aspects.

श्री य० द० शर्मा : सरहदों से मक्खियां नहीं आया करतीं, दुश्मन आया करते हैं।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : एक बात का मुझे निहायत दुख है। हमारे बुजुर्ग मैम्बर बैठे हुये हैं जो शायद मेरी बातको सुनना पसन्द नहीं करते हैं। मैं उनसे नहीं कहता हूं कि वह मुझ से इत्तिफाक करें। उन्हें मुझ से इख्तलाफ राय रखने का पूरा हक है। लेकिन मुझे भी एक मैम्बर की हैसियत से अपनी बात कहने का हक हासिल है। मैं तवक्के करता हूं कि वे मेरी बात को सुनेंगे। मेरी बात कड़वी हो सकती है लेकिन झूठी नहीं हो सकती है।

सादिक साहब ने लिबरलाइजेशन की जो पालिसी वहां शुरू की है उसके मुताल्लिक मैं यह कहना चाहता हूं कि काश्मीर को आप डंडे के जोर से, कोई लालच दे कर या उस पर दबाव डाल कर अपने साथ नहीं रख सकते हैं। काश्मीरियों के दिल ने इस बात को चाहा था कि वे हिन्दुस्तान में आयें। हमें उसी रवायत को बरकरार रखना है। अगर आप समझते हैं कि डंडे के जोर से वहां पर अमन कायम रह सकता है, तो अमन कायम रह तो सकता है लेकिन वह अमन कब्रिस्तान का अमन ही हो सकता है, असली मानों में अमन नहीं हो सकता है। अगर आप चाहते हैं कि काश्मीर के लोग सही मानों में और सही तरीके से महसूस करें कि वे लोग हमारा जुज्व हैं तो फिर हमें चाहिये कि हम उनके लिए कारोबार के दरवाजे, नौकरियों के दरवाजे, आने जाने के दरवाजे खुले कर दें, उनमें एतमाद पैदा करें कि जो फैसला उन्होंने 1947 में किया था वह फैसला सही फैसला था। उनमें यकीन पदा होना चाहिये.....

SHRI KANWAR LAL GUPTA : He is voicing his grievances against the Central Government. This will create a wrong impression in the world.

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is concluding. Let him not be interrupted.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं बिल्कुल गलत इम्प्रेशन नहीं दे रहा हूं ।

SHRI BAL RAJ MADHOK : I would like to make this very clear. Kashmir is part of India, not because of him or anybody else. Kashmir is part of India because of accession; Kashmir is part of India because our Army had gone and cleared most of the areas occupied by the Pakistanis; Kashmir is part of India because it has been so historically and geographically for thousands of years; Kashmir is part of India not because of him or anybody else. So, this kind of impression which the hon. Member is trying to create should not be allowed to go out.

AN HON. MEMBER It is part of India because of the people of Kashmir also.

SHRI SHAFI QURESHI : It is part of India because of the people of Kashmir also. I must say that also.

SHRI BAL RAJ MADHOK : Not at all. Kashmir is part of India. If anybody does not want to live in Kashmir, he can go to Pakistan or anywhere else. Kashmir is part of India. Let it be clear to him.

MR. DEPUTY-SPEAKER : It is a wrong impression that he is creating that Kashmir is part of India because of accession. It is part of India because the people of Kashmir opted for India. That is the main thing. So, let him not over-emphasise the other things.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY : I do not think that the Chair should enter into arguments with Members.

SHRI GULAM MOHAMMAD BAKSHI : The Kashmiris fought the Pakistani Army and infiltrators in 1947 without the help of the Indian Army. The Army came in at the last stage when they had reached up to Srinagar It was the National Conference that fought them and the people of Kashmir that fought them. The people of Kashmir constitute Kashmir; Kashmir with its people is part of India; Kashmir without its people means mountains and snow only.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : मैं एक बात कम्युनल एलीमेंट्स के बारे में कहना चाहता हूं । बलराज मधोक जी ने जो अभी लफ्ज का इस्तेमाल किया है यही वह लफ्ज था जिसने काश्मीर में आग लगाई । उन्होंने कहा कि जो काश्मीर के लोग हैं वे पाकिस्तान चले·····

SHRI BAL RAJ MADHOK : I have said that anyone who says that Kashmir is not India, can go away from India. Nobody can stop him. Shri Nehru has said this, Shri Chavan has said this, everybody has said this. I have said nothing new. Nobody who is in India and who does not want to live in India can be forced to live in India.

श्री भोगेन्द्र झा (जयनगर) : मैं एक व्यवस्था का सवाल उठाना चाहता हूं । गलत या सही माननीय सदस्य अपनी राय दे रहे हैं । ज्यादा तर गलत ही कह रहे हैं, ऐसा मैं समझता हूं । उन्होंने कहा है कि काश्मीर को बलराज मधोक के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है । बलराज मधोक जी ने कहा था कि मेरे सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है तो अपने दिल पर हाथ रख कर पूछें । मैं चाहता हूं कि यह हटा दिया जाए । इस पर मैं आपकी व्यवस्था चाहता हूं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I have followed his argument. I have made some observations after that. There is no point of order.

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : बख्शी साहब की नाराजगी को मैं समझता हूं । जनसंघ की नाराजगी को भी मैं समझता हूं । यह वह जमायत है जिसने जम्मू में बड़ी बुरी तरह मार खाई है । जम्मू के मुताल्लिक किसी ने भी नहीं कहा है कि वहां इलैक्शन रिट्स थे । जनसंघ के पंडित डोगरा या बलराज मधोक जी या शास्त्री जी ने जो कुछ कहा है वह वैसो

के बारे में ही कहा है। जम्मू जनसंघ ब्रांच के जो सेक्रेटरी थे श्री ऋषि कुमार कौशल वह वहां पर हार गए .....

श्री कंवरलाल गुप्त : कांग्रेस के जो प्रेजीडेंट हैं वह भी तो हार गए हैं।

श्री मुहम्मद शफी कुरेशी : दुख इस बात का है कि यह जमायत जो कि इतने किलेबन्दी कर रही थी और ख्वाब देख रही थी कि इसके आठ या नौ मेम्बर जीत जायेंगे, इसकी पहले जितनी स्ट्रेंग्थ थी, उतनी स्ट्रेंग्थ में भी यह नहीं आ सकी। बख्शी साहब की नाराजगी का मुझे एहसास है और हाउस को भी मैं समझता हूं होगा। वह बहुत बिटर हैं हम से इस बात पर कि वह समझते हैं कि वहां पर इलैकशंज रिट्स हुए। कैसे इलैकशन हुआ मैं इस बात में अब जाना नहीं चाहता हूं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जो यह कहा गया है कि फलां जगह पर सड़क नहीं बनी, पुल नहीं बना इस वास्ते वहां पर प्रेजीडेंट का राज नाफज किया जाए मैं समझता हूं कि बिल्कुल अनोखी दलील है। अगर इस बिना पर कि किसी जगह पर तरकियाती काम नहीं हुआ है, स्कूल नहीं खुला है वहां पर प्रेजीडेंट का राज्य कायम कर दें तो हमें हर सूबे में प्रेजीडेंट का राज कायम करना पड़ेगा। मैं चाहता हूं कि अपनी आंखों से हमारे इन दोस्तों को रंगीन चश्मा उतार देना चाहिए। इनको चाहिये कि काश्मीर को यह समझें, काश्मीर के लोगों के दिलों की धड़कनों को समझें। अगर उन्होंने ऐसा किया होता तो उन्होंने इस बहस को यहां न उठाया होता।

आखिर में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि अगर हिन्दुस्तान के वकार के लिए, हिन्दुस्तान की इज्जत के लिए हमें अपने खून का आखिरी कतरा भी बहाना पड़े तो उसके लिए हम तैयार हैं।

श्री एस० एम० जोशी (पूना) : सदन के सामने जो सवाल है इसमें कोई शुबहा नहीं है कि यह एक महत्व का है और इसका हल हम लोगों को निकालना ही पड़ेगा। यहां बताया गया है कि बंगाल में यह हुआ, राजस्थान में वह हुआ। दूसरी जगह और कुछ हुआ होगा। लेकिन काश्मीर की जो हालत है उसकी में हमारे दूसरे जो राज्य हैं उनसे मुकाबला नहीं करना चाहता। हमारे देश की हालत तो खराब है ही और अगर काश्मीर की हालत और ज्यादा खराब हो जाती है तो हमारे देश की आजादी के लिये वह खतरा बन सकती है। इसलिए इस चीज को हम लोगों को गम्भीरता से सोचना चाहिये। संस्कृत में कहा जाता है—

गंडस्य ऊपरी पीटिका संवृत्ता

एक बायल पहले से था और उसके ऊपर एक और हुआ। देश की हालत वैसे ही खराब है। इस बात को हम रोज-रोज कहते रहते हैं। लेकिन काश्मीर की जो बात है उसको हमें ज्यादा गम्भीरता से लेना होगा और उस पर सोच विचार करना होगा।

मैं यह समझता हूं कि इस बारे में कोई एक्स्ट्रीम स्टैप लेने से हम इस समस्या को हल नहीं कर सकते हैं।

यहां कहा गया कि हमलोग सेकुलर है। मैं मानता हूं। मैं भी सेकुलर हूं। लेकिन इस बात का दावा हमें नहीं करना चाहिए कि हम लोग अपने जीवन में, अपने आचरण में, सेकुलरिज्म को अच्छी तरह से ला रहे हैं। यह नहीं होता है। यहां पर कुछ भी कहा जाये, लेकिन जो कोई भी सवाल खड़ा होता है, कोई कहता है कि वह साम्प्रदायिकता का सवाल है, कोई कहता है कि वह प्रान्तीयता का सवाल है, और कोई कहता है कि वह जातीयता का सवाल है, लेकिन आखिर में वह पोलोटिकल सवाल हो जाता है।

काश्मीर का जो सवाल हमारे सामने है, वह एक पेचीदा सवाल है। यहां सब लोगों ने कहा कि काश्मीर के मुसलमान और हिन्दु भारत में रहना चाहते हैं। मुझे भी इस में कोई शुबहा नहीं है। मगर अगर वे भारत

[श्री एस० एम० जोशी]

में रहना चाहते हैं, तो हम लोगों को वहां ऐसा माहोल नहीं पैदा करना चाहिए, जिस के कारण हमारे विरोधियों और शत्रुओं को हमारे विरुद्ध लाभ उठाने का मौका मिले। मैं जानता हूं कि हुकूमत की तरफ़ से बहुत कुछ ग़लत काम हो रहे हैं। जैसा कि श्री बख्शी ने बताया है, रुपया पैसा और अनाज बहुत ज्यादा दिया जा रहा है, लेकिन वहां पर कोई ठोक तरह से प्रबन्ध नहीं होता है। ऐसा क्यों हो रहा है?

मैं समझता हूं कि अगर हम ने काश्मीर के मामले को हल करना है, तो हम को उस का पोलीटिकल सालूशन निकालना होगा। यह तो बिल्कुल मानी हुई बात है कि आज वहां की जो हुकूमत है, उस के पीछे वहां की जनता नहीं है। अगर आज कोई कहे कि ऐसा नहीं है, तो मैं इस को मानने के लिए तैयार नहीं हूं। अगर हम अपने यहां, अपने देश में, जम्हूरियत और लोकतंत्र चाहते हैं, तो हमें पहला कदम यह उठाना चाहिए कि वहां की जनता जिस हुकूमत पर विश्वास करे, ऐसी हुकूमत वहां पर बनाई जाये। अगर हम यह काम नहीं करेंगे और कानून की बाल की खाल निकाल कर कहते रहेंगे कि वहां पर इलेक्शन हुआ है, वहां की हुकूमत के बारे में फ़ैसला वहां की एसेम्बली को करना होगा, तो इस तरह यह समस्या हल होने वाली नहीं है। बंगाल के बारे में यह बात कही गई, वह ठीक है। राजस्थान के बारे में भी यह बात कही गई और हम ने सुन ली। लेकिन अगर काश्मीर के बारे में भी सरकार यही बात कहेगी, तो मैं समझता हूं कि मामला और भी पेचीदा होता चला जायेगा।

मैं यह मानता हूं कि यह सवाल सिर्फ़ अपने तक ही महदूद नहीं है। स्वर्गीय शास्त्री जी ताशकंद में गए और एक श्रद्धा के साथ उन्होंने यह एग्रीमेंट किया कि हम दोनों पाकिस्तान और भारत, एक ऐसा माहौल पैदा करेंगे, जिस से हम भाई-भाई बन कर रहेंगे। उन्होंने श्रद्धा से यह एग्रीमेंट किया। मैं भी वही श्रद्धा वाला आदमी हूं। लेकिन सिर्फ़ कहने से नहीं होगा। उस के लिए हमें माहौल बनाना होगा। शास्त्री जी के चले जाने के बाद हमारे देश में जो माहौल, वातावरण, बन रहा है, वह ताशकंद की स्पिरिट को आगे नहीं बढ़ा रहा है। काश्मीर में जो कुछ हो रहा है, उस से ताशकंद की स्पिरिट आगे नहीं बढ़ेगी। वहां पर राष्ट्रपति की हुकूमत लागू करने से यह मामला तय होने वाला नहीं है। हमें इस समस्या का एक पोलीटिकल सालूशन निकालना होगा, वहां की जनता को अपने साथ लेना होगा।

श्री बख्शी ने इस बारे में कुछ सुझाव दिये हैं। वहां के मुख्य मंत्री, श्री बख्शी और अगर जरूरत हो, तो शेख अब्दुल्ला भी, मंत्री महोदय को इन सब लीगों के साथ बैठ कर कोई सालूशन निकालना होगा। अगर वह कोई सालूशन निकाल सकते हैं, तो मैं समझता हूं कि वह ताशकंद की स्पिरिट को आगे बढ़ा सकते हैं।

मेरा विश्वास है कि हमारे देश का जो बंटवारा हुआ है, वह बिल्कुल अनैसर्गिक है, आर्टिफ़िशल है। वह बहुत देर तक चलने वाला नहीं है। अगर हम लोगों को वह बंटवारा ख़त्म करना है, तो वह हम गोली से नहीं कर सकते हैं। इसलिए आगे का जो हमारा मकसद है, उस को पूरा करने के लिए हम को एक नीति अख्त्यार करनी चाहिए। श्री बख्शी का जो सुझाव है, उस का मैं समर्थन करता हूं। मैं गृह मंत्री से यह प्रार्थना करूंगा कि वह ऐसी तजवीज निकालें, जिस से वहां की हुकूमत को जनता का ज्यादा बहुमत मिले। अगर वह ऐसा कर सकते हैं, तो यह मामला तय हो सकता है।

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगुसराय) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, काश्मीर की जो समस्या है, वह काफ़ी पुरानी, काफ़ी महत्वपूर्ण और एक राष्ट्रीय समस्या है। हमें अफ़सोस है कि जब हम इस राष्ट्रीय समस्या पर विचार करने लगते हैं, तो दलगत, व्यक्तिगत और साम्प्रदायिक भावनायें उभर आती हैं। यदि ऐसा न होता, तो अभी इस सदन में श्री बख्शी

और श्री कुरैशी का जो बाग्युद्ध हम ने देखा, शायद वह न देखना पड़ता और न ही हमारे जनसंघ के भाई कम्युनिष्ट नेताओं के वहां जाने पर आपत्ति प्रकट करते। इस लिए इस सदन से पहले मुझे यह दरख्वास्त करनी है कि हम सब काश्मीर की समस्या को एक राष्ट्रीय समस्या, तमाम दलों की समस्या के रूप में देखें, किसी एक दल की समस्या के रूप में नहीं।

काश्मीर भारत का है, काश्मीर भारत का रहेगा और यदि किसी दूसरे देश ने इस पर महला किया, तो हम भारत के पचास करोड़ आदमी उस का मुकाबला करेंगे। यदि किसी दूसरे देश के लोग वहां पर घुसपैठ करते हैं, तो हम उस का मुकाबला करेंगे। लेकिन मैं समझता हूं और मेरी पार्टी समझती है कि हमारे लिए काश्मीर की जनता के दिल को, मन को और विचार को जीतना बहुत ही आवश्यक है। पिछले बीस वर्षों में कांग्रेस ने जिस तरह के शासन वहां पर लादे हैं, उस से वहां की जनता का एक भारी बहुमत हम से अलग हो गया है, उस का दिल दुख गया है, उस का मन मर गया है। हमें ऐसी कोशिश करनी चाहिए कि राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए उस जनता के दिल और मन को जीतें।

कुछ माननीय सदस्यों ने इस बात पर आपत्ति की कि काश्मीर को ज्यादा पैसा दिया जाता है। मैं कहना चाहता हूं कि काश्मीर के लिए हमारी माताओं ने अपनी गोदें खाली की है, हमारी बहनों ने अपने सुहाग लुटाए हैं। अगर हमें काश्मीर की जनता को खिलाने-पिलाने के लिए और उस की उन्नति के लिए कुछ करोड़ रुपया देना पड़ेगा ताकि काश्मीर हमारे साथ रहें, तो वह हम करेंगे और वह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य होना चाहिए।

इस बात पर भी आपत्ति की गई कि कम्युनिष्ट नेता काश्मीर जाते हैं। क्यों? क्या कम्युनिष्टों के लिए काश्मीर जाना अवैध है? वहां पर दफ़ा 144 तो नहीं लगी हैं। जब मधोक साहब का राज होगा और वह दफ़ा 144 लगा देंगे, तो हम देखेंगे—हम उस का मुकाबला कर लेंगे। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमारी पार्टी के महामंत्री को काश्मीर जाने की आवश्यकता हुई तब, जब कि 22 अगस्त को जनसंघ के अध्यक्ष ने वहा पर एक ऐसा साम्प्रदायिक उत्तेजना का भाषण दिया,······

श्री बलराज मधोक : मैंने गृह मंत्री को कहा कि वह मेरे भाषण को पढ़ें। क्या माननीय सदस्य ने उस को पढ़ा है?

श्री योगेन्द्र शर्मा : ····जिस से पाकिस्तानियों और पाकिस्तान-पक्षियों को काश्मीर में साम्प्रदायिक भावनायें उभार कर काश्मीर को और भारत को कलंकित करने का मौका मिला। मैं जनसंघ के भाइयों से दरख्वास्त करूंगा कि यदि उन को देश प्यारा है, यदि वे काश्मीर को अपने साथ रखना चाहते हैं, तो वे ऐसी बात न कहें, ऐसा काम न करें, साम्प्रदायिकता की ऐसी भावना न पैदा करें, जिस से पाकिस्तान के भीतर के मुस्लिम सम्प्रदायवाद को उभारने का मौका मिले। मुस्लिम सम्प्रदायवाद और हिन्दू सम्प्रदायवाद दोनों देश के दुश्मन है, काश्मीर के दुश्मन हैं, काश्मीर को भारत में रखने के दुश्मन हैं। काश्मीर और भारत की रक्षा के लिए हमें इन दोनों सम्प्रदायवादों के खिलाफ़ लड़ना पड़ेगा।

काश्मीर पर राष्ट्रपति शासन लाद कर इस समस्या का हल नहीं होगा। वहां पर राष्ट्रपति शासन लादना पाकिस्तन को मदद करना होगा। लेकिन वहां पर शासन में जो भ्रष्टाचार है, वहां पर नागरिक अधिकारों का जो हनन किया जा रहा है, उस का निराकरण करना चाहिए, ताकि वहां पर जनतंत्र विकसित हो सके।

श्री महन्त दिग्विजय नाथ : क्या केवल कम्युनिष्ट ही इस देश के रक्षक है, हिन्दु और मुसलमान नहीं?

श्री योगेन्द्र शर्मा : हम तो सब को मानते हैं। हम तो माननीय सदस्य को भी मानते हैं अगर माननीय सदस्य को शक हो, तो दूसरी बात है।

18 HRS.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Ramamurti.

SHRI P. RAMAMURTI (Madurai): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thought....

MR. DEPUTY-SPEAKER : We have already taken two hours and some minutes. We will have to conclude this debate today. May I know how long the House is willing to sit?

श्री महन्त दिग्विजय नाथ (गोरखपुर) : हमें भी तो अधिकार है बोलने के लिए। हमें कब समय मिलेगा ?

उपाध्यक्ष महोदय : आप को भी मिलेगा। जरा आप सब्र करिए।

श्री राम गोपाल शालवाले (चांदनी चौक) : मेरा भी नाम है। और लोगों को समय देते हैं, मुझे क्यों नहीं देते हैं ? मुझे समय मिलेगा या नहीं ?

उपाध्यक्ष महोदय : जी नहीं।

I cannot allow any more.

SHRI P. RAMAMURTI : Mr. Deputy-Speaker, Sir, the scope of the debate on this motion has been widened and the whole gamut of questions including the present position of Kashmir, what should be done and all sorts of things have been referred to here. It has been a very good debate in this sense that Shri Bakshi Gulam Mohamad gave us a very vivid picture of how the elections were conducted and how the election petitions are being disposed of. He also told us what progress the various tribunals have made and how laws are made over-night in order to thwart the judgments of tribunals. All these things have been said here.

Therefore, the picture that emerges is that the present government there is not a democratically elected government. Very good. But in 1964 when there was that Hazarat Bal incident and a lot of trouble was there, at that time also it was stated on the floor of this House that all that trouble was not only because of Hazarat Bal trouble or the 'holy hair' incident, but because of the fact that the people of Srinagar or the people of Kashmir were extremely angry against the then Government, the Government of Shamsuddin Sahib.

The fact is, therefore, very clear—I do not want to go into the history—that section 144 has been there in Srinagar continuously for 14 years. I know even on the day of Prophet's birth day they were not allowed to take a procession because prohibitory order under section 144 was there. This sort of thing has been continuing there.

Is it not necessary for us to understand why is it that the ordinary democratic rights of the people of Kashmir are not accepted? There must be some reason behind it. Why is it so? Why is this Government afraid of the democratic rights of the people of Kashmir? Why do you want to rule them permanently by means of orders under section 144, by means of prohibitory orders?

What is the way out? A way out has been suggested that there must be President's Rule and there must be ever so many other things, section 370 of the Constitution must be made applicable to Kashmir and all that. I would very much appreciate these things if as a result of these things the problem of Kashmir would be solved. But the fact remains that the democratic rights of the people there have been suppressed all these years despite the fact that we have been giving them some Rs. 70 crores as subsidy up to 1964 and subsequently another Rs. 72 crores. Why? As I said, there must be some reason. After all, the Government must be afraid of their democratic rights. Whether it is the Government of Sadiq or Shamsuddin or the Government that existed before it is immaterial, but it is a fact that all these years their democratic rights have been suppressed.

That is the situation with which we are faced. Therefore, it is not a question of imposition of President's Rule. If President's Rule can get them back all those democratic rights—as if that

is going to get them back because we know President's Rule in so many other States—I can understand that. But President's Rule is not going to give the people their democratic rights. Therefore, the problem is more fundamental, much more deep. I agree with my hon. friend, Shri Joshi, who said that there is no use thinking there is no problem of Kashmir. There is a problem. If there is no problem of Kashmir, we will not be discussing this on the floor of the House year after year. Do not shut your eyes to the fact that there is a problem and that problem cannot be solved by simply saying the Constitution should be made fully applicable. That is not the issue here. This problem cannot also be solved by the way in which Shri Madhok wants it to be solved—if anybody is feeling that he is not secure here, let him go to Pakistan. That way also it is not going to be solved. Neither is it going to be solved by telling the Hindus there "be sure of the fact that 40 crores of Hindus of India are behind you." That is not the way in which the Hindu population of Kashmir can be protected. The Hindu population of Kashmir can be protected only if the Muslim population of Kashmir is appealed to once again of the grand traditions of the Muslims who have been non-communal even in the year 1947, even at the time of the dastardly attack from Pakistan, even at that time they had adopted that non-communal attitude, and placing before them the glorious traditions of their non-communalism and secularism. That is the only way in which the Hindu population of Kashmir can earn its security and not by saying that 40 crores of the people of India are behind them "we are there to save you" and all that kind of thing, because that is the way of fanning communalism and not solving the problem.

Therefore, the problem is somewhat more fundamental. How can this problem be solved? I agree with my hon. friend that the only way in which it can be solved is by having some kind of consultation, real consultation, with the leaders of Kashmir itself and, in that leadership, naturally Shri Sheikh Abdulla has an important place. You cannot wish him away by simply shutting him in jail for years together. You cannot say that he has ceased to be the leader of Kashmir. By keeping him in detention you cannot take away the affections of the people of Kashmir for him. So long as he commands the affection of the people of Kashmir, the only way in which it can be solved is by bringing all these people together.

That is the only solution that is acceptable to the people of Kashmir. Win the confidence of the people of Kashmir by doing that and see to it that no outside power is able to take advantage of this particular situation. That is the only way in which I wish this Government to move and I urge upon the government to move on these lines very quickly.

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़): उपाध्यक्ष महोदय, काफी सदस्यों ने बहुत कुछ काश्मीर के बारे में कहा और यह सही बात है कि उसमें से बहुतों ने जो कुछ कहा है उसमें काफी सच्चाई है कि यह समस्या साम्प्रदायिक जितनी नहीं है उतनी आर्थिक है। जो काश्मीरी पंडितों को पिछले दिनों परेशानी हुई या जो उन्होंने आन्दोलन किया या जो वहां के मुसलमानों के बीच में हुआ उसकी बुनियाद में अगर हम जायं तो मैं तो समझती हूं कि इसकी बुनियाद आर्थिक है। अगर हम देखें काश्मीर का इतिहास तो आपको याद होगा, उपाध्यक्ष महोदय, कि 1931 में काश्मीरी जनता ने एक बहुत बड़ा आन्दोलन किया था जब वहां महाराजा का राज था। इसी आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए मांग थी। वह उस मसय बिल्कुल ढोर और बकरी का जीवन बिताते थे। इतनी गुर्बत वहां थी और उस गरीबी का अन्दाजा बहुत लोगों को हुआ है जो काश्मीर गए हैं। आप शायद यह भी जानते होंगे उपाध्यक्ष महोदय, कि उन दिनों एक समिति बनाई गई थी, ग्लांसी कमीशन जिसका नाम था और उस ग्लांसी कमीशन ने खुद इस बात का

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

एकरार किया था कि वहां के मुसलमानों को नौकरी और शिक्षा जिस स्तर पर मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है, इसलिए इसके बारे में विचार किया जाय और आपको यह भी याद होगा कि श्री गोपालास्वामी आयंगर जिस समय वहां के प्रधान मंत्री थे उन्होंने अपने राज्य के कानून में और राज्य के घोषणापत्र में यह परिवर्त्तन किया कि वहां के लोगों को कुछ आबादी के आधार पर शिक्षा और नौकरी की सहूलियत हो। जैसा कि हम आये दिन देखते हैं, हर जगह से मांग होती है, हर जगह पिछड़ी जाति के लोगों की मांग है कि हमें नौकरी मिलनी चाहिए, हमारा प्रतिनिधित्व होना चाहिए और आज देश के कोने-कोने से यह मांग उठ रही है। तो काश्मीरी जनता भी अगर उस स्तर पर या उस स्थिति में कोई मांग करती है तो उसका हल आर्थिक हो सकता है। उसका हल साम्प्रदायिक नहीं हो सकता है। साम्प्रदायिक समस्या का इसको रूप देना उचित नहीं है। यह जो बात है कि कुछ हिन्दू मुसलमानों के झगड़े हुए, तो हिन्दू मुसलमानों के झगड़े कोई काश्मीर में ही हुए हों ऐसी बात नहीं है। रांची में झगड़े हुए और सुरसन बिहार में एक जगह है, वहां यह झगड़े हुए और इसके पहले भी वर्षों से हमारे अन्दर जो फूट का बीज बोया गया था अंग्रेजी शासन के द्वारा उसकी वजह से यह आग कहीं-कहीं सुलग जाती है और कहीं-कहीं उसकी चिनगारी दिख जाती है।

उपाध्यक्ष महोदय, यह चिनगारी अंग्रेजों ने सुलगाई थी—मुझे इसी पर अकबर इलाहाबादी का एक शेर याद आता है—

बूट डासन ने बनाया, मैंने एक मजमूं लिखा,
देश में मजमूं न फैला, और जूता चल गया।

आज भी हमारे अन्दर कहीं-कहीं ऐसी चिनगारी उठ जाती है, हमको उसका समाधान करना होगा, जिसका सुबूत हमको काश्मीर में मिला है।

आज इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता—मिर्जा अफसल बेग, जिनकी बहुत-सी बातें हम ठीक नहीं समझते, जिनके कई काम हमको पसन्द नहीं हैं, लेकिन उनके इलाके अनन्तनाग में कोई चिनगारी नहीं उठी। उन्होंने इस बात का सुबूत दिया कि हम हिन्दू और मुसलमानों में टक्कर नहीं होने देंगे। क्या यह गलत बात है कि हजरत बल के मन्दिर में, जहां पर हजरत मुहम्मद साहब के बाल रखे हुए हैं, वहां पर पचास हजार मुसलमानों ने करार किया कि हम हिन्दू और मुसलमानों में झगड़ा नहीं होने देंगे। इन बातों को सुबूत मान कर ऐसी शक्तियों को हमें प्रस्फुटित करना चाहिये, ऐसी शक्तियों को लेकर हमें चलना चाहिये, ऐसी शक्तियों की मदद करनी चाहिये ताकि हिन्दुओं और मुसलमानों के झगड़े कम हों।

मैं सिर्फ एक बात और कहना चाहती हूं—श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने मंगला बांध की बात कही कि प्रधान मंत्री जी ने श्री अयूब को सन्देश भेजा, ऐसा करना ठीक नहीं था। मंगला बांध का सवाल क्या है— आज यही बात मैं इस सदन के सामने रखना चाहती हूं। इसी सदन में कई बार यह चीज आई, कई बार इस बात की घोषणा की गई कि मंगला डैम बनाने के लिये हमको इतना रुपया देना होगा और इसी सदन के द्वारा वह रुपया दिया गया, इसी सदन ने उसको स्वीकार किया। इन सब बातों का सुबूत क्या निकलता है ? इन सब बातों से यह साफ़ तौर से ज़ाहिर होता है कि मंगला बांध चाहे आज़ाद काश्मीर की सीमा के अन्दर बनाया गया है, लेकिन हमने उसको मान्यता दी। उससे हमको फायदा यह हुआ कि उस बांध के बन जाने के बाद जो पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को नहीं मिल रहा था, अब वह पानी हमको मिलेगा। इसलिये मंगला बांध के बारे में इस तरह की गलतफहमी पैदा करने की या इस तरह की बातें कहने की कोई जरूरत नहीं थी।

लेकिन मैं काश्मीर की सरकार से और गृह मंत्री जी से एक अपील जरूर कहना चाहती हूं—आपको याद होगा कि जिस समय काश्मीर

में 144 धारा लागू थी और श्रीनगर में करफ्यू था, तो मैं जानना चाहती हूं कि सात हजार करफ्यू परमिट्स क्यों ईशू किये गये—सात हजार परमिट्स उस दिन दिये गये। यह ढीलपन शासन के द्वारा क्यों दिखलाया गया, वहां का शासन इससे इन्कार नहीं कर सकता है। मैं चाहती हूं कि गृह-मंत्री महोदय वहां के शासन की मजबूती को बढ़ाने की कोशिश करें, परन्तु इसका मतलब यह नहीं है कि राष्ट्रपति के शासन द्वारा ऐसा किया जाय। प्रजातान्त्रिक शासन की मजबूती प्रजातान्त्रिक तरीके से ही बढ़ाई जा सकती है।

